

हम एक बड़ी ताकत, मुश्किलों में हमें दूसरों... 12

बाघ हमले में मजदूर की मौत, गन्ने के खेत में बरामद...10




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 109
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 31 जनवरी, 2024


## बजट सत्र से पहले 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द, आज से संसद आएंगे, बीजेपी बोली

# इंडिया गठबंधन का ब्रेन डेड

## सर्वदलीय बैठक में सरकार ने सभी दलों से बजट सत्र को शांतिपूर्ण तरीके से चलाए जाने की अपील की

- शीतकालीन सत्र में 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में दिसंबर 2023 में विपक्षी दलों ने प्रदर्शन किया था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सस्पेंड 146 सांसदों का निलंबन रद्द हो गया है। बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक के बाद मंगलवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी। जोशी ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। हमने पहले ही कहा था कि इंडिया गठबंधन केवल फोटो शूट है। गठबंधन की मौत तो करीब हो ही गई है। इसका ब्रेन डेड है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सर्वदलीय बैठक में उन्होंने असम में राहुल गांधी की यात्रा पर हुए हमले और राज्य सरकार की तरफ से लगाए गए प्रतिबंधों का मुद्दा उठाया। साथ ही हेमंत सोरेन, लालू प्रसाद समेत विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी के दुरुपयोग का भी जिक्र किया। मंगलवार को संसद में हुई सर्वदलीय बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल समेत 30 पार्टियों के 45 नेता शामिल हुए।



### सांसद सदन में लौटेंगे

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मैंने केंद्र सरकार की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और राज्यसभा सभापति हरिवंश नारायण सिंह से विपक्षी सांसदों के निलबंन को रद्द करने का अनुरोध किया था। उन्होंने यह निलंबन रद्द कर दिया है। बुधवार (31 जनवरी) से निलंबित सांसद सदन में लौटेंगे। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कुल 146 सांसद सस्पेंड किए गए थे। राज्यसभा से 46 सांसद निलंबित हुए थे। इनमें 35 सिर्फ एक सत्र के लिए सस्पेंड हुए थे। वहीं, 11 सांसदों के सस्पेंशन का मामला प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया था।

### टैक्स छूट देने वाला पहला देश बना भारत

भारत 1958 में बच्चों की संख्या के आधार पर इनकम टैक्स में छूट देने वाला दुनिया का इकलौता देश बना। अगर शादीशुदा हैं, पर बच्चा नहीं है तो 3000 रुपये तक की आय पर टैक्स नहीं देना पड़ता था। लेकिन, एक बच्चा होने पर 3300 रुपये और 2 बच्चों पर 3600 रुपये की आय टैक्स फ्री थी।

### एक फरवरी को पेश होगा अंतरिम बजट: वित्त मंत्रालय

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी, 2024 को अंतरिम केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। हर बार केंद्रीय बजट पेश होने से पहले आर्थिक सर्वे संसद में पेश किया जाता है लेकिन इस बार सालों से चली आ रही परंपरा पर विराम लग गया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने यह जानकारी दी है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि अंतरिम बजट से पहले आर्थिक सर्वेक्षण पेश नहीं होंगे।

### विंटर सेशन में 146 सांसद निलंबित हुए थे

संसद सुरक्षा चूक पर विपक्षी सांसद पीएम मोदी और अमित शाह से बयान देने की मांग रहे थे। हंगामे के चलते 14 से 21 दिसंबर तक लोकसभा और राज्यसभा से 146 सांसद सस्पेंड हुए। इसमें सबसे ज्यादा कांग्रेस के 61 सांसद (लोकसभा से 44, राज्यसभा से 17) हैं। 18 दिसंबर को कुल 78 सांसदों (लोकसभा-33, राज्यसभा-45) को निलंबित किया गया था। आजादी के बाद पहली बार एक ही दिन में इतने सांसद निलंबित किए गए हैं। इससे पहले 1989 में राजीव सरकार में 63 सांसद निलंबित किए गए थे।

### बजट की पूरी प्रोसेस

- सबसे पहले वित्त मंत्रालय एक सर्कुलर जारी कर सभी मंत्रालयों, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, स्वायत्त संस्थाओं को नए साल के लिए एस्टीमेट बनाने के लिए कहता है। उन्हें नए साल के लिए अनुमान देने के अलावा पिछले साल के खर्च और आमदनी का ब्योरा भी देना होता है।
- एस्टीमेट मिलने के बाद केंद्र सरकार के आला अफसर उसकी पड़ताल करते हैं। इस पर संबंधित मंत्रालयों और व्यय विभाग के अधिकारियों की गहन चर्चा होती है। इसके बाद आंकड़ों को सिफारिशों के साथ वित्त मंत्रालय के पास भेजा जाता है।
- वित्त मंत्रालय सभी सिफारिशों पर गौर करने के बाद विभागों को उनके खर्च के लिए राजस्व का आवंटन करता है। राजस्व और आर्थिक मामलों का विभाग हालात को गहराई से समझने के लिए किसानों और छोटे कारोबारियों के प्रतिनिधियों और विदेशी संस्थागत निवेशकों से संपर्क करता है।
- प्री बजट मीटिंग में वित्त मंत्री संबंधित पक्षों के प्रस्ताव और मांगों को जानने के लिए उनसे मिलते हैं। इनमें राज्यों के प्रतिनिधि, बैंकर, कृषि विज्ञानी, अर्थशास्त्री और कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। प्री-बजट मीटिंग खत्म होने के बाद वित्त मंत्री सभी मांगों पर अंतिम फैसला लेते हैं। बजट को अंतिम रूप दिए जाने से पहले वित्त मंत्री प्रधानमंत्री से भी बात करते हैं।
- बजट पेश होने से कुछ दिन पहले हलवा सेरेमनी होती है। एक बड़ी सी कड़ाही में तैयार किया जाने वाला हलवा वित्त मंत्रालय के स्टाफ में बांटा जाता है। इसी के साथ बजट की छपाई प्रक्रिया शुरू होती है। प्रक्रिया में लगे अधिकारी और सपोर्ट स्टाफ बजट पेश होने तक मंत्रालय में ही रहते हैं। इस वित्त वर्ष के बजट की प्रिंटिंग नहीं हुई और संसद सदस्यों को उसकी सॉफ्ट कॉपी दी गई।
- वित्त मंत्री आम बजट को लोकसभा में पेश करते हैं। 2016 तक फरवरी के अंतिम दिन पेश होता था। 2017 से यह हर साल 1 फरवरी को पेश होने लगा। इस साल पहली बार बजट के सभी दस्तावेज यूनियन बजट मोबाइल पर उपलब्ध कराए गए।

## बीजापुर-सुकमा सीमा पर नक्सली गोलीबारी, तीन जवानों का बलिदान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बस्तर



बीजापुर-सुकमा सीमा पर जोनागुड़ा और अलीगुड़ा के पास नक्सलियों के साथ गोलीबारी में तीन जवान बलिदान हो गए। वहीं, 14 जवान घायल हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने टेकुलगुडम कैंप पर मंगलवार सुबह अचानक से हमला कर दिया। इस घटना में 17 जवान घायल हो गए। घायल जवानों को चोपर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। चार जवानों की हालत गंभीर है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है। कोबरा बटालियन और डीआरजी के जवानों के साथ अब भी मुठभेड़ जारी है। घायल जवानों ने बताया कि दक्षिण बस्तर डिवीजन प्रभारी मुचाकी एर्रा बटालियन नंबर-1 के कपंनी नंबर-2 कमांडर सोढ़ी केशा के साथ करीब 60-70 सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली। इसके बाद नक्सलियों ने न्यू कैंप टेकुलगुडम से थाना तर्रेम एवं थाना जगरगुण्डा मार्ग पर गश्त कार्यों की सुरक्षा में लगे सुरक्षाबलों को टारगेट कर बड़ा नुकसान पहुंचाने की योजना बनाये जाने की सूचना थी। कैंप थाना चिन्नागेल्लुर से 9 किमी सिलगेर से 10 किमी में स्थित है।

## व्यासजी के तहखाना मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी, पूजा-पाठ की अनुमति पर आज आएगा आदेश

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाना में पूजा पाठ किये जाने संबंधी आवेदन पर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली गई। अदालत इस मुद्दे पर आदेश बुधवार को करेगी। इस मामले में वादी शैलेन्द्र पाठक के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, सुधीर त्रिपाठी, सुभाष नंदन चतुर्वेदी व दीपक सिंह ने कोर्ट में दलील दी कि उनकी तरफ से दिए गए आवेदन के एक पार्ट को अदालत ने स्वीकार कर लिया। जिसमें व्यास जी के तहखाने को डीएम कि सुपुर्दगी में दिए जाने का अनुरोध किया गया था। दूसरा अनुरोध किया गया था कि जो बैरिकेडिंग नंदी जी के सामने की गई है उसे खोल दिया जाए और व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ के लिए आने जाने दिया जाए। इस पर आदेश किए जाने का अनुरोध किया गया। इस पर अंजुमन इंतजामिया की तरफ से मुमताज अहमद, एखलाक अहमद ने आपत्ति जताया। कहा कि व्यास जी का तहखाना मस्जिद का पार्ट है।

## 'राजनीति के दो पल्टूराम, जनता रहे इनसे सावधान...'

### सूत्रों के अनुसार सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव अब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ आग बबूला हैं

- सपा की पोस्टर पॉलिटिक्स में अब नीतीश कुमार को पल्टूराम कहा जा रहा है
- पोस्टर में नीतीश कुमार के साथ ओपी राजभर पर भी निशाना साधा गया है
- पोस्टर समाजवादी युवजन सभा के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह की ओर से लगवाए गए, हालांकि बाद में उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा



**लखनऊ।** नीतीश कुमार के दम पर यूपी प्लस बिहार गई मोदी सरकार का दावा करने वाले सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव सूत्रों के अनुसार अब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ आग बबूला हैं। सपा की पोस्टर पॉलिटिक्स में अब नीतीश कुमार को पल्टूराम कहा जा रहा है। लखनऊ में सपा कार्यालय के बाहर नए पोस्टर्स नजर आए हैं। इनमें नीतीश कुमार और ओपी राजभर की तस्वीर लगी हुई है। ये पोस्टर समाजवादी युवजन सभा के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह की ओर से लगवाए गए हैं। उनकी तरफ से लगवाए गए पोस्टर में नीतीश कुमार और ओपी राजभर की तस्वीर के साथ बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा गया है, **राजनीति के दो पल्टूराम, जनता रहे इनसे सावधान।** हालांकि बाद में मंगलवार को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए आशुतोष सिंह को निष्कासित कर दिया गया।

### पहले अखिलेश यादव नीतीश पर फ़िदा थे

जब इंडिया गठबंधन ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए हुंकार भरी थी तब इस हुंकार में सबसे ज्यादा गर्जन अगर किसी की आवाज में थी तो वो थे नीतीश कुमार। ऐसा कहा जाता है कि नीतीश को लेकर अखिलेश यादव इतने आश्वस्त थे कि उत्तर प्रदेश की राजधानी में दोनों के बड़े बड़े पोस्टर्स तक लगा दिए गए थे। पोस्टर में तब लिखा गया था- **यूपी प्लस बिहार= गई मोदी सरकार**। ये पोस्टर किसी और ने नहीं बल्कि सपा के जाने-माने नेता आईपी सिंह ने लगवाए थे। मगर अब यही नीतीश सपा के लिए '**पल्टूराम**' बन गए हैं।

### राजभर के बेटे ने यूं दिया जवाब

सपा के इस पोस्टर का ओपी राजभर के बेटे अरुण राजभर ने जवाब दिया है। उन्होंने X (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, 2017 में सपा कांग्रेस से गठबंधन करके पलट गई। 2018 में निषाद पार्टी, पीस पार्टी से गठबंधन करके पलट गई। 2019 में सपा बसपा से गठबंधन करके पलट गई। 2022 में सपा सुभासपा से गठबंधन करके पटल गई। सपा सुप्रीमो सबसे बड़ा पलटूराम हैं।

### क्यों बोला जा रहा नीतीश पर हमला

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश का सियासी माहौल गर्मा गया है। इसके पीछे की वजह बिहार राज्य है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बेदखल करने के उद्देश्य से बना इंडिया गठबंधन इन दोनों दिक्कतों का सामना कर रहा है। इंडिया गठबंधन का झंडा लेकर आगे-आगे चल रहे बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने अब पाला बदल लिया है। उन्होंने इंडिया गठबंधन को छोड़ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन का दामन थाम लिया है। इसी को लेकर यूपी में नीतीश पर हमला बोला गया है। नीतीश के साथ-साथ सुभासपा चीफ ओम प्रकाश राजभर पर भी निशाना साधा गया है।


### कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


## लोकसभा चुनाव: सपा ने जारी की 16 उम्मीदवारों की पहली सूची

### मैनपुरी से डिंपल तो लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को टिकट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी पहली सूची जारी कर दी है। मैनपुरी से डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। बीते विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा छोड़कर वे सपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें कटेहरी विधानसभा सीट से टिकट दिया था। वे चुनाव जीतकर विधायक भी बने। विधायक रहते अब सपा ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी अधिकृत तौर पर घोषित किया है। बसपा सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके लालजी टांडा सीट से भी विधायक रह चुके हैं।

### प्रत्याशियों की सूची

- संभल से शफिकुर्रहमान बर्क
- फिरोजबाद से अक्षय यादव
- मैनपुरी से डिंपल यादव
- एटा से देवेश शाक्य
- बंदायू से धर्मेंद्र यादव,
- खीरी से उत्कर्ष वर्मा
- धौरहरा से आनंद भदौरिया
- उन्नाव से अन्नु टंडन
- लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा
- फर्रुखाबाद से डॉ नवल किशोर शाक्य
- अकबरपुर से राजाराम पाल
- बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल
- फैजाबाद से अवधेश प्रसाद
- अंबेडकरनगर से लालजी वर्मा
- बस्ती राम प्रसाद चौधरी
- गोरखपुर से काजल निषाद को सपा ने प्रत्याशी बनाया है।

### इंडिया गठबंधन को लेकर स्थिति बहुत साफ नहीं

लोकसभा चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी पिछले कुछ समय से काफी सक्रिय नजर आ रही है। अभी कुछ दिन पहले ही पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा था कि उत्तर प्रदेश में 'इंडिया' में सीट बंटवारे को लेकर सहमति गई है। लोकसभा की 11 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। हालांकि इसके बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा था कि सपा को बड़ा दिल दिखाना चाहिए। सूत्रों की माने तो कांग्रेस 20 सीटों की मांग कर रही है। पिछड़ों, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) सरकार का नारा बुलंद करने वाली सपा अगड़ों को भी जोड़ने की मुहिम शुरू करने जा रही है। समाजवादियों की रणनीति है कि पीडीए को उनके अधिकार दिलाएंगे, पर किसी का भी साथ लेने से कोई परहेज नहीं है। यही वजह है कि क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य और कायस्थ समाज के बीच पैठ बढ़ाने की योजना पर भी पार्टी काम कर रही है।




# जनपद में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री न होने पाये: डीएम

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



जिलाधिकारी सी.इंदुमती की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री न होने पाये, इसके लिए समय-समय पर प्रवर्तन का कार्य संबंधित विभाग के अधिकारी-पुलिस अधिकारी समय-समय करते रहे और जांच रिपोर्ट से भी अवगत कराये।

जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया कि मेडिकल स्टोरों में छापेमारी करते हुए प्रतिबंधित दवाओं व एक्सपायरी दवाओ की बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाए साथ ही संबंधित उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी से समन्वय बनाते हुए मेडिकल स्टोरों में शत्-प्रतिशत् सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिया साथ ही इस आशय का संबंधित उप जिलाधिकारी प्रमाण पत्र दे। इस उन्होंने औषधि निरीक्षक से कहा कि नशीली-प्रतिबंधित दवाओं की सूची उपलब्ध कराये। जिला विद्यालय निरीक्षक छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करे और औषधि निरीक्षक एवं पुलिस विभाग के साथ विद्यालयों का औचक निरीक्षण करे छात्र-छात्राओं पर कड़ी निगरानी बनाए रखे ताकि मादक पदार्थों का सेवन न करने पाये। उन्होंने कहा कि जनपद के संमस्त होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबो में अवैध मादक पदार्थों बिक्री रोकने के लिए अभियान चलाते हुए नियमानुसार कार्यवाही भी किया जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी बिंदकी अनिल यादव, उप जिलाधिकारी नन्द प्रकाश मौर्य, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी सुरेश कुशवाहा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कृषि अधिकारी, औषधि निरीक्षक, आबकारी निरीक्षक सदर, खागा, बिंदकी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** जिलाधिकारी सी0 इन्दुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला-पुरूष बैरिक, पाकशाला, आटा चक्की, फर्नीचर मरम्मत के कार्य का कक्ष, सिलाई कक्ष आदि को देखा। उन्होंने निरुद्ध महिला-पुरूष बन्दियों के थैले की तलाशी लिया गया। कोई वांछिक वस्तु नही पायी गयी। उन्होंने निरुद्ध बन्दियों से उनके समस्याओं के बारे में पूछा, उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जिन बन्दियों को विधिक सहायता की आवश्यकतानुसार उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने रसोई घर में बनाई जा रही अरहर की दाल एवं मिक्स सब्जी को खुलवाकर देखा, जिसकी गुणवत्ता ठीक पाई गयी। जेल अधीक्षक से वीसी के माध्यम से जेल में निरुद्ध बंदियों की सुनवाई के बारे में जानकारी लिया साथ ही जेल परिसर में लगाए गये सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की जांच किया। सभी सीसीटीवी कैमरे चलते हुए पाये गये।

# डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न



जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

महात्मा गाँधी सभागार कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी सी.इंदुमती की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अभियोजन के लाम्बित वादों में गंभीर मुकदमों के मामलों जैसे पॉक्सो, गैगस्टर, हत्या, महिला अपराध आदि मुकदमों पर प्रभावी पैरवी कर गम्भीरता के साथ अपराधियों को सजा दिलायी जाय। जिससे कि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। जिलाधिकारी ने अभियोजन अधिकारी को निर्देशित किया कि गंभीर प्रकृति के मुकदमों की सूची एवं मुकदमों में दोषमुक्त हुए, में स्पष्ट कारण सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराये। इसके अलावा परिवारिक न्यायालय, विद्युत, सामाजिक वानिकी, खाद्य विभाग, गुंडा एक्ट, प्रोबेशन विभाग, फौजदारी, बाट-माप, खाद्य सुरक्षा, श्रम विभाग आदि के लाम्बित वादों की समीक्षा किया।

उन्होंने कहा कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय। जिससे अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाय कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सजा से बच नहीं सकते हैं। न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर सजा का प्रतिशत् बढ़ाया जाना चाहिए। ताकि न्यायालयों में लंबित पुराने मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी जेल अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर, बिंदकी, खागा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर, बिंदकी, जाफरगंज, जिला कृषि अधिकारी, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी, शासकीय अधिवक्तागण सहित अन्य जनपद स्तरीय अधीकारी उपस्थित रहे।

## भाकपा कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर किया गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कैंप कार्यालय में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी की हत्या के पीछे कौन सी विचारधारा थी पर का. रामप्रसाद सिंह पूर्व विधायक की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। सीपीआई जिला सचिव का. अमित यादव ने कहा कि महात्मा गांधी एक दर्शन व विचार हैं। विश्व गुरु भारत में महात्मा गांधी के बारे में बात करना कठिन हो गया है। महात्मा गांधी दर्शन के साथ प्राचीन मूल्यों की रक्षा करना आसान नहीं रहा। गोडसे गैंग जो घोर साम्प्रदायिक थे, ने गोली मारी तो वे हए-रआम बोले मतलब आज का रामराज नहीं एक ईश्वरीय रामराज की परिकल्पना थी। आज के दौर में आप स्वतंत्र रूप से न तो लिख सकते हैं, न बोल सकते हैं और न ही जी सकते हैं और न ही अपने तथा दूसरों के हक के लिए आवाज ही उठा सकते हैं। इसी का महात्मा गांधी दर्शन विरोध करता। का. रामप्रसाद सिंह ने कहा कि आज महात्मा गांधी के बारे में सोच समझकर उनका कद कम करने की साजिश की जा रही क्योंकि महात्मा गांधी ने कहा था कि तुम मेरे शरीर को मार सकते हो मेरे विचार को नहीं। गोष्ठी को कामरेड चंद्रपाल पाल, का. सुशील सिंह, कॉ. रवि करण, का. कमलेश, महेंद्र सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। ?गोष्ठी के पूर्व सभी साथियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर का. हनुमान, शिवबरन, शिवनरेश सिंह, राजधर विश्वकर्मा, बल्देव भाई, रामस्वरूप, बिहारी लाल, रामकिशोर, रामभज, शिवमंगल आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर जमीनी स्तर पर काम कर रही अपना दल: आशीष पटेल

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अपनादल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने मंगलवार को धर्मनगरी का दौरा किया। जहां वह अपने पारिवारिक परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त करने उनके बीच पहुंचे। इसके बाद लोनिवि प्रेक्षण गृह में अपना दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा की तैयारी को लेकर बैठक की। पत्रकारों से रूबरू हुए आशीष पटेल ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि अब जनता को बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। जनता अब विकास को देख रही है। पूर्व में जनता



ने जिन सरकारों को मौका दिया, उन्होंने काम नही किया। प्रदेश की 80 लोक सभा सीटों पर अपना दल जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। 2014 से अपना दल जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सबसे पुरानी और विश्वस्नीय सहयोगी पार्टी है। एनडीए में आने के बाद उनकी पार्टी की सीटों में लगातार इजाफा हुआ है। अपना दल प्रदेश में तीसरे नंबर की पार्टी है। उन्होंने कहा कि कौंग्रेस के नेतृत्व में इंडिया महागठबंधन के चाल, चरित्र व चेहरे में अंतर है, इसलिए अन्य दल के नेता गठबंधन छोडकर एनडीए में शामिल हो रहे हैं। इंडिया महागठबंधन का खेल खत्म हो चुका है। आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन नहीं चलेगा। गैर कानूनी काम करने वालों के विरुद्ध ईडी और सीबीआई अपना काम कर रही है। उन्होंने बहुत जल्द महाराष्ट्र में भी खेला होने का दावा किया है। न्यायालय निर्णयों के अंतर्गत जो भी निर्णय पीएम मोदी लेते हैं, उसमें अपना दल मजबूती से खडा है। उन्होंने सपा के ऊपर विश्वासघात का आरोप लगाते हुए कहा कि 1989 में बाबू बेनीप्रसाद वर्मा को मुख्यमंत्री बनना लगभग तय था, जिसमें सपा के विश्वासघात से वह मुख्यमंत्री बनने से वंचित रह गए थे। बसपा सुप्रीमो मायावती के साथ भी सपा ने धोखाधडी किया है। सपा 2002 में अपनादल के साथ भी धोखाधडी कर चुकी है। उन्होंने दावा किया कि इस बार एनडीए प्रदेश में 80 सीटे जीतेंगी।

## डायरिया से किशोर ने दम तोड़ा

जन एक्सप्रेस। बांदा

दिन में निकल रही तेज धूप और रात में मौसम सर्दीला होने के कारण लोग बीमार हो रहे है। डायरिया से किशोर ने रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। वही चारपाई से नीचे गिरी वृद्धा को सर्दी ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सर्दी लगने से छह लोगो की हालत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के हटेटी पुरवा निवासी राजाराम (15)पुत्र पुन्ना सोमवार की दोपहर उल्टी दस्त से पीड़ित था। घरवालो ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरो ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही पैलानी थाना क्षेत्र के साड़ी गांव निवासी शिवकली (60) पत्नी रामखेलावन अपने घर पर अकेली रहती थी। सोमवार की रात वह चारपाई से नीचे गिर पड़ी। रात भर खुले में पड़ी रहने के कारण सर्दी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सुबह जव वह बाहर नही निकली तो दीवार तोड़कर मौके पर पहुंचे। पुत्र हरिशंकर ने देखा तो वह कंपकपा रही थी। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव चले गए। पुत्र का कहना है कि सर्दी लगने से उसकी मां की मौत हुई है। सर्दी की चपेट में आने से गोमती (45)निवासी कांशीराम, खुशनुमा (23)निवासी अलीगंज, रामशरण (70)निवासी क्योटरा,सुधा (15)निवासी पिस्टा, रामकृपाल (60)निवासी अतर्रा, अंशू (3)निवासी कैरी बिसंडा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संदेश का करेंगे प्रचार: रंजना



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला कांग्रेस कमेटी ने महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर पार्टी नेत्री रंजना बराती लाल पांडेय के आवास पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। संवाद कार्यक्रम में सेवादल अध्यक्ष चुनावद प्रसाद ने कहा कि आज देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। लोकतंत्र संविधान खतरे में है। हम सभी कांग्रेस जनों को एकजुट होकर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना है। साथ ही पार्टी को मजबूत करने का काम करना है। जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया ने कहा कि वर्तमान सरकार जिस तरह से संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है और सभी संस्थाओं पर एकाधिकार कायम कर रही है, उसके विरोध में हम सभी को एकजुट होकर गांव-गांव में पार्टी को मजबूत करना होगा। अध्यक्षता कर रही जिला उपाध्यक्ष रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि आज सत्य हिंसा के मार्ग पर चलने वाले हमारे महापुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस है। इस दिन हम सब लोग संकल्प लें कि इस देश से भाजपा सरकार को 2024 में सत्ता से बाहर करने का काम करेंगे। पार्टी नेता राहुल गांधी भारत जोडो न्याय यात्रा लेकर मणिपुर से महाराष्ट्र तक निकले हुए हैं। हम सभी को जिले में गांव-गांव में उनके संदेश को पहुंचना है। इस मौके पर पार्टी नेता विजयमणि त्रिपाठी, अनिल गुप्ता, राकेश वर्मा, तीरथ सिंह, महासचिव कालीचरण राजपूत, राजनारायण निषाद, जिला सचिव यमुना शुक्ला, महेंद्र निषाद, सविता पाल, व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, राजेश सिंह, प्रदीप सिंह, अजीत शुक्ला, आदि मौजूद रहे।

## गैंगेस्टर के दो आरोपी को 2-2 वर्ष का कारावास

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गैंगेस्टर के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने दो आरोपियों को 2-2 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 5-5 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 31 जनवरी 2006 को तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक मऊ सुमेश्वर सिंह ने थाना मऊ कमलेश केवट निवासी बम्बुरा, मंगल केवट निवासी खुस्सू का डेरा मजरा रेडी भुसौली तथा उनके अन्य साथियों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट पंजीकृत कराया गया था। मुकदमें की विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक बरगढ राजकुमार सिंह ने की। विवेचक ने बीती 29 मार्च 2006 को आरोपियों के विरुद्ध आरोप-पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायधीश सुशील कुमार वर्मा गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी कमलेश केवट तथा मंगल केवट को 2-2 वर्ष का कारावास व 5-5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# पैरा मेडिकल कॉलेज नर्सिंग स्कूल में खिलाड़ी ट्राफी और पुरस्कार से हुये सम्मानित

✻ कालेज के चेयरमैन और डायरेक्टर ने मुख्य अतिथियों का किया आभार व्यक्त

जन एक्सप्रेस। बांदा



चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में ब्लैक पैंथर ने रॉयल चैलेंजर्स को हराकर बीपीएमसी चैम्पियन्स ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। पैरा मेडिकल कालेज एण्ड नर्सिंग स्कूल में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन के तहत 26 जनवरी से डीपीटी वैरियर्स बनाम ब्लैक पैंथर के मध्य खेल जा रहा था। जिसका मंगलवार को फाइनल मैच ब्लैक पैंथर व रॉयल चैलेंजर्स के मध्य खेला गया। जिसमें ब्लैक पैंथर ने रॉयल चैलेजर्स के द्वारा निर्धारित किये गये 90 रन के लक्ष्य को 1 विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर ली और बीपीएमसी चैम्पियन ट्राफी पर अपना कब्जा जमा लिया। आयोजित खेल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी न्यायिक अभिताभ यादव, वरिष्ठ अतिथि डिप्टी कलेक्टर इरफान उल्ला खां और अतिथि फसी उल्ला खां रहे। मुख्य अतिथि ने विजय एवं पराजित टीम को पुरूस्कार और ट्राफी देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट मैच के अम्पायर जितेन्द्र कुमार, फैजान मसूदी तथा स्कोरर डा0 आनन्द और मनोज त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम में पैरा मेडिकल कालेज के चेयरमैन मकबूल अली खां और डायरेक्टर जरीना खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। टूर्नामेंट कार्यक्रम में कालेज के सभी स्टाफ में प्रिंसिपल सीमा सईद, प्रिंसिपल डीपीटी डा0 ज्ञान प्रकाश, डा0 प्रदीप, शमीम खान, भारिया अहमद, सविता, आकाश द्वीप, राधेश्याम, प्रियांशू, मुकेश, आकांक्षा शुक्ला, वैशाली, साक्षी, अंकिता, अजीम, अबरार, सद्दाम, अंसार आदि लोग मौजूद रहे।

## उपचार के दौरान युवती ने दम तोड़ा

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** छह दिन पहले युवती ने मायके में अपने ऊपर डीजल छिड़क कर आग लगा लिया था। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार की दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कमासिन थाना क्षेत्र के बीरा गांव निवासी पूजा (24) पत्नी मोहित सिंह डेढ़ माह पहले अपने मायके अतर्रा थाना क्षेत्र के महोतरा गांव आई थी। छह दिन पहले उसने अपने ऊपर डीजल छिड़क आग लगा लिया था। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां मंगलवार की दोपहर उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता शारदा प्रसाद ने बताया कि पूजा अतर्रा में बीए की छात्रा थी। उसके तीन माह की एक बेटी है। 25 जनवरी से उसकी परीक्षाएं भी थी। परीक्षाओं को लेकर वह मानसिक रूप से परेशान थी। बेटी की देख रेख के चलते वह पढ नही पा रही थी। इसी से परेशान होकर उसने आग लगा कर खुदकुशी कर लिया।

## सरकारी गेहूँ खरीद केन्द्र में 15 मार्च से 15 जून तक की जाएगी खरीदी

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि गेहूँ खरीद वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत सरकारी गेहूँ खरीद केन्द्रों पर सीधे किसानों से गेहूँ खरीद जनपद में 15 मार्च से 15 जून तक की जाएगी। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद जनपद में किसानों से सीधे गेहूँ खरीद करने के लिए कुल 40 क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। सरकारी गेहूँ खरीद केन्द्रों पर गेहूँ, बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना आवश्यक है। गेहूँ खरीद के लिए आनलाइन पजीकरण बीती 1 जनवरी से प्रारम्भ हो गया है। पंजीकरणों कराने के लिए किसान भाई खाद्य विभाग की बेवसाइट पर जाकर ई-उपार्जन माड्यूल में नवीन पंजीकरण या पंजीकरण संशोधन करा सकते हैं। जिन किसानों ने गत वर्षों में धान, गेहूं खरीद में पंजीकरण कराया था, उन्हें नवीन पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें इसके लिए अपने पुराने पंजीकरण में सूचनाओं को सशोधित करना होगा। गेहूं बिक्री के लिए ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था है। कृषक पंजीकरण के लिए वर्तमान मोबाइल नम्बर ही अंकित कराये एवं एसएमएस द्वारा प्रेषित ओटीपी भरकर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करे। वर्ष 2024-25 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रूपये प्रति कुन्तल है, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 150 रूपये प्रति कुन्तल अधिक है। गेहूँ खरीद में गेहूँ का भुगतान किसानों को उन्ही बैंक खाता में किया जाएगा, जो उनके आधार नंबर से लिंक्ड है।

## कार्यपालिका-न्यायपालिक के सख्त आदेश के बाद भी जनपद में नहीं सुरक्षित हैं पत्रकार

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना एक बड़ा बयान जारी करते हुए कहा था कि संविधान के चैथे स्तंभ यानि पत्रकार के ऊपर होने वाली घटना का खुलासा पुलिस जल्द से जल्द करेगी उन्होंने अपने बयान में यह भी साफ शब्दों में दर्शाया कि पत्रकार के ऊपर होने वाले हमले तथा पत्रकार के ऊपर हमला करने वाले हमलावरों की जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी। 24 घंटे के अंदर ऐसे लोगों के ऊपर कानूनी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। इस बयान से जहां प्रदेश के पत्रकार अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे है। ताजा मामला जनपद का है बीते दिन सदर कोतवाली क्षेत्र के सैयद बाड़ा निवासी खुशनुद अख्तर उर्फ सावेज अख्तर जो पेसे से पत्रकार है। उन्होंने सदर कोतवाली प्रभारी को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि जीटी रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के पास अपने एक पत्रकार साथी मित्र के साथ खड़े हुए थे। तभी वसीक उर्फ राजा पुत्र अज्ञात निवासी कालकान रोड फजरुल रहमान स्कूल के पास का निवासी है। बताया कि उनके एक पत्रकार साथी के साथ पुरानी खबर की चर्चा को लेकर उपरोक्त व्यक्ति बदतमीजी कर रहा था। पत्रकारों को गाली गलौज करते हुए शासन-प्रशासन को भी वह अपशब्दों की भाषा का प्रयोग कर रहा था। पीड़ित पत्रकार ने बताया कि उसके द्वारा मना करने पर अभियुक्त वसीक उर्फ राजा पीड़ित पत्रकार के साथ गाली-गलौज करने लगा तथा धक्का मुक्की पर उतारू हो गया। पीड़ित पत्रकार के मना करने पर उसने अपने एक साथी शाहिद को फोन करके कुछ गुंडे बुलाने की बात करते हुए वहां से चला गया। पीड़ित पत्रकार ने बताया कि वह अपने एक पत्रकार साथी के साथ किसी कार्य को लेकर ज्वालागंज घोसियाना रोड स्थित नजमुद्दीन शाह बाबा की मजार के पास अपने पत्रकार साथी के साथ किसी काम को लेकर गया था। तभी अचानक वसीक उर्फ राजा व उसका साथी रानू पुत्र अज्ञात सानू पुत्र अज्ञात शाहिद पुत्र अज्ञात नजम पुत्र अज्ञात तथा 5-6 लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और पीड़ित पत्रकार व उसके साथी को गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे तथा पीड़ित पत्रकार को जबरदस्ती अपनी मोटरसाइकिल में बैठा कर अपने स्थान पर ले जाकर मारने-पीटने के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़ित पत्रकार को मोटरसाइकिल पर बैठा कर वहां से चल दिया।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शाश्वत प्रेरणा श्रोत और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि मंगलवार को ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में पूरी निष्ठा और आस्था के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने गांधी उद्यान में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही दो मिनट का प्रतीकात्मक मौन धारण कर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उनका आत्मीय नमन करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण किया। कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी, अधिष्ठातागण प्रो नंद लाल मिश्रा, प्रो अमर जीत सिंह, उपकुलसचिव गण डॉ कुसुम कुमारी सिंह, डॉ ललित कुमार सिंह, डॉ त्रिभुवन सिंह सहित ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी,छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नंद लाल मिश्रा के मुख्य संयोजन में संपन्न



बापू की पुण्य तिथि का यह कार्यक्रम दो चरणों में हुआ। दूसरे चरण में कला संकाय में युवाओं में बढती मघव्यसनिता विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई। डॉ नीलम चैरे के समन्वयन में संपन्न संगोष्ठी के मुख्य वक्ता कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नंद लाल मिश्रा रहे। डॉ कुसुम कुमारी सिंह, डॉ अजय आर चैरे, डॉ जय शंकर मिश्र वक्ता रहे। अध्यक्षता डॉ विभाष चंद्र ने की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीलम चैरे ने किया।

## मौसम पूर्वानुमान

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसारआसमान साफ रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा प्रातःकाल एवं रात्रि के समय कड़ाके की ठंड और घने कोहरा छाये रहने तथा दोपहर के समय धूप निकलने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 19.6 (+0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 5.8 (-1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 97 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 85 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# जोन दो में अतिरिक्त तलों का खुल्ला खेल फर्रुखाबादी जारी


नंबर एक



नंबर दो

**जिम्मेदार अवैध मानक विहीन निर्माणों की अनदेखी कर सड़कों पर करवा रहे अतिक्रमण**

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

कानपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अनदेखी के कारण शहर में मानक विहीन अवैध निर्माण के साथ अतिरिक्त तल पड़ने का सिलसिला जारी है तो वहीं दूसरी ओर करोड़ों रुपए के राजस्व को हानि पहुंचाने के अलावा अब सड़कों पर भी नए निर्माणों ने अतिक्रमण करना आरंभ कर दिया है, सबसे ज्यादा मानक विहीन अवैध निर्माण और अतिरिक्त तल जोन दो में पड़ रहे हैं, लेकिन इन सब को अनदेखा करते हुए जिम्मेदार सिर्फ चुप्पी साधे हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं ऐसा क्यों हो रहा यह सभी समझते हैं लिखने की जरूरत नहीं है।

### नंबर एक

कब से के.डी.ए पास करने लगा सड़क के किनारे इमारत तानने का नक्शा आपको फोटो में जो निर्माण दिखाई दे रहा है यह निर्माण पूर्ण रूप से बिल्कुल नया है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह निर्माण ठीक सड़क के किनारे हो रहा है, ऐसे में जिम्मेदारों को जो नक्शा पास हुआ था उस नक्शे के अनुसार निर्माण के लिए निर्माणकर्ता को वैधानिक नोटिस जारी करते हुए बाध्य करना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं किया गया, आने वाले समय में यही इमारत स्मार्ट सिटी के मंसूबों पर पानी फेरेगी कारण यह है कि स्मार्ट सिटी के अंदर चौड़ी सड़कों का होना नितांत आवश्यक होता है, और नक्शा विभाग कभी भी सड़क के ठीक किनारे इमारत तैयार करने का नक्शा पास नहीं करता है, ऐसे में स्पष्ट है कि जोन दो में प्रवर्तन का कार्य भार देख रहे जितने भी जिम्मेदार हैं उन्होंने अपनी आंखों पर गांधारी रूपी पट्टी बांध ली है और होठों को सी लिया है।

### नंबर दो

खुलेआम डाल लिया अतिरिक्त तल आपको फोटो में जो निर्माण दिखाई दे रहा है, यह निर्माण सड़क के ठीक किनारे हुआ है और प्राधिकरण के जोन दो में हुआ है, इस निर्माण को कराने वाले निर्माण कर्ता ने ना ही तो प्राधिकरण से नक्शा पास करवाया है और ना ही उसके द्वारा किसी भी प्रकार का शुल्क प्राधिकरण के सरकारी कोष में जमा किया गया है, अभी अगर कोई गरीब एक अपनी झोपड़ी भी बनावाता है तो केडीए के जिम्मेदार उसे बुलडोजर चलाने का भय दिखाते हैं।

## बेरोजगार अधेड़ ने लगाई फांसी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के जाजमऊ थाना क्षेत्र में रहने वाले अधेड़ ने नौकरी छूटने से बेरोजगार होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुंची जाजमऊ थाने की पुलिस ने मौके पर जांच कर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी।

जाजमऊ जे.के.कॉलोनी में रहने वाले रंजन लाल शर्मा एयरफोर्स से रिटायर्ड हैं, उनके घर में उनके साथ बेटे संजीव शर्मा 48 वर्ष बहू और दो पोतिया रहती हैं। रंजन लाल ने बताया कि संजीव एक दवा कंपनी में एमआर थे करीब 1 साल पहले उनकी नौकरी छूट गई थी इसके बाद से लगातार वह नौकरी की तलाश कर रहे थे, लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली इसी वजह से वह धीरे-धीरे मानसिक अवसाद में चले गए। सोमवार रात खाना खाने के बाद सभी सोने चले गए थे मंगलवार सुबह जब उनके पिता योगा करने के लिए छत पर गए तो उन्हें मकान के हिस्से में सीढ़ी लगी दिखाई दी संदेह होने पर उन्होंने बेटे को आवाज़ लगाई लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला इसके बाद बहू को बुलाया बहू ने दूसरी मंजिल पर स्थित स्टोर रूम पहुंची तो होश उड़ गए। पति का शव फंदे से लटक रहा था।

# बिल्हौर तहसील के अधिवक्ताओं ने घूम-घूम कर नारेबाजी कर बंद कराए कार्यालय

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील का दूसरी बार हिस्सा कट कर नई तहसील का गठन होने जा रहा है जिसको लेकर बिल्हौर तहसील के दोनों संगठनों के अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर तहसील परिसर में घूम-घूम कर नारेबाजी करते हुए लगभग 200 अधिवक्ताओं का हुजूम सभी कार्यालय को बंद करा दिया उन्होंने कहा गुपचुप तरीके से तहसील का भाग काटने मे इसका सहयोग बिल्हौर तहसील के अधिकारी कर रहे हैं। इन्होंने अगर पहले बताया होता तो यह गांव कटने से पहले ही हम आंदोलन करते लेकिन इस बार हम तहसील से अलग होने वाले गांव को अलग होने नहीं देंगे चाहे हमें इसके लिए किसी भी हद तक जाना पड़े।

हाल ही में बिल्हौर के करीब 114 गांव को विभाजित कर नई तहसील बनाने की जानकारी पर बिल्हौर बार एसोसिएशन व द लायर्स एसोसिएशन के अधिवक्ता एकराय हो गए। मंगलवार को सैकड़ों अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

उन्होंने एकता और संघर्ष के नारों पर आवाज बुलंद की। कभी लोकसभा बिल्हौर आज सैकड़ों किमी से अधिक दूर मिश्रिख लोकसभा से जुड़ा है। तहसील क्षेत्र के करीब 57 गांव विभाजित होकर पहले ही रसूलाबाद तहसील में समायोजित किया गए जा चुके है। इसी तरह बिना किसी राजनैतिक या जनप्रतिनिधि संगठन की मांग विशेष के नई तहसील प्रस्तावित की गई। यह अधिकारियों की सोची समझी रणनीति है। अधिवक्ताओं में रोष है और तहसील को बचाने के लिए वे एक होकर संघर्षरत है।

## राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर में कंपनियों ने निशुल्क प्रशिक्षण किया शुरू



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर कानपुर में मंगलवार को एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड सीएसआर, फाउंडेशन के द्वारा एक माह की अवधि का निशुल्क प्रशिक्षण शुरू किया गया। जिसके प्रथम चरण में संस्थान के एमएमवी, ट्रैक्टर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, टर्नर एवम प्लंबर ट्रेड के 100 प्रशिक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य डॉ.नरेश कुमार एवं पूर्व प्रधानाचार्य अरुण मिश्रा द्वारा कुछ प्रशिक्षार्थियों को इस प्रशिक्षण की स्टडी मैटेरियल दी गई। नोडल प्रधानाचार्य ने बताया कि यह प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर श्रवण कुमार शुक्ला, प्रमोद कुमार पाण्डेय, राहुल अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

## तापमान बढ़ने के साथ गेहूं में बीमारियों का बढ़ता है प्रकोप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन. सुनील पांडे ने मंगलवार को फरवरी माह के लिए कृषि कार्य के लिए एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि गेहूं की फसल 40 से 45 दिन की हो जाने पर बुआई व तीसरी सिंचाई बुआई के 60 से 65 दिन बाद करनी चाहिए । उन्होंने बताया कि इस माह में तापमान बढ़ने के साथ गेहूं में बीमारियों का प्रकोप होने लगता है जिसमें कंडुआ रोग प्रमुख है जिसे पत्तियों और तनों पर काले धब्बों के रूप में पहचाना जा सकता है. ऐसे लक्षण दिखते ही जिनेवे (डाइथेन जेड-78) या मैन्कोजेब (डाइथेन एम-45) का 800 ग्राम 250 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करे। थ्रस्ट रोग के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि थ्रस्ट रोग के लक्षण दिखने पर प्रोपिकोनाज़ोल (टिल्ट-25 ईसी) 10 मिलीग्राम दवा को एक लीटर पानी में घोल बनाकर शाम को छिड़काव करें व दूसरा छिड़काव 10 दिन बाद करें। उन्होंने बताया कि झुलसा रोग के नियंत्रण के लिए 2.5 किलोग्राम डाइथेन एम-45 या जिनेब का 10 दिन के अंतराल पर दो बार पर्णीय छिड़काव करें जबकि जौ की फसल में आवश्यकतानुसार सिंचाई करते रहें। वही खेत में कंडुवा रोग से प्रभावित बाली दिखने पर उसे तोड़कर, काटकर जला दें।

गेहूँ जैसे अन्य कीटों एवं रोगों पर नियंत्रण रखें. जबकि शरदकालीन मक्का रबी मक्का में तीसरी सिंचाई बुआई के 75-80 दिन पर तथा चौथी सिंचाई तीसरी सिंचाई के एक माह बाद करनी चाहिए.यदि मक्के में जंग और चारकोल सड़न का खतरा हो तो 400 से 600 ग्राम डाइथेन एम 45 को 200 से 250लीटर पानी में घोलकर एक सप्ताह के अंतराल पर 2-3 पर्णीय छिड़काव करें।

## राधाकृष्ण अस्पताल के संचालक पर नर्स ने दर्ज कराया छेड़छाड़ का मुकदमा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



घरों से निकलकर अपने परिवार को भरण पोषण में भागीदारी निभाने वाली महिलाएं या युवतियां क्या हमारे समाज के बीच सुरक्षित हैं? यह प्रश्न उस समय और भी प्रभावी हो जाता है जब कुछ ऐसी घटनाएं सामने आती है जो मानवीय रिश्तों और संवेदनाओं को तार-तार कर जाती है। एक ऐसे ही मामले में एक अस्पताल के संचालक द्वारा अस्पताल की नर्स पर ग्रर्लफ्रैंड बनने का दबाव डाला गया साथ ही इसके बदले नर्स को तनख्वाह बढ़ाने का भी लालच दिया गया।

जानकारी के अनुसार थाना कल्याणपुर क्षेत्र में स्थित एक अस्पताल का संचालक, जिसका नाम डा.राम प्रकाश है उसके खिलाफ उसके ही अस्पताल की एक नर्स ने शारीरिक शोषण करने के प्रयास को लेकर पुलिस से शिकायत की है।

नर्स की तहरीर पर अस्पताल संचालक के खिलाफ कल्याणपुर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। कल्याणपुर के राधाकृष्ण अस्पताल में नर्स का कार्य करने वाली तथा रावतपुर क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बताया कि वह अस्पताल में नर्स का काम करती है। उसने बताया कि उसने अस्पताल के संचालक डा. राम प्रकाश से सैलरी बढाने को कहा तो राम प्रकाश ने सैलरी बढ़ाने के साथ ही अपनी गर्लफ्रैंड बनने की बात सामने रखी। जिसे नर्स ने मना कर दिया। नर्स ने बताया कि विरोध करने पर संचालक ने अभद्रता की साथ ही अश्लील हरकत करने लगा। बताया कि संचालक नशे में अन्य महिला स्टाफ से भी छेड़छाड़ करता था और पहले भी उसने अपने स्टॉफ के पुरूष कर्मियों के साथ मिलकर एक अन्य महिला कर्मी से साथ सोने तथा शारीरिक संबनध बनाने की बात कही थी। वहीं पूरे प्रकरण पर थाना प्रभारी धनंजय पांडये का कहना है कि अस्पताल की नर्स द्वारा संचालक पर गंभीर आरोप लगाये गये हैं। डा.राम प्रकाश पर छेड़छाड़ तथा अश्लील इशारे करने की धारा में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## गंगा घाट पर दिख रहे लगातार मगरमच्छ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

प्राचीन मंदिरो और घाटों का शहर में यहां बहने वाली मां गंगा नदी में प्रतिदिन हजारों श्रृद्धालू गंगा स्नान करते है ऐसे में गंगा नदी में मगरमच्छ जैसे भयानक जीव का देखा जाना जहां चिंता का विषय है तो वहीं गंगा स्नान करने वाले लोगों को भी अब सावधानी बरतनी होगी। कानपुर के भैरव घाट पर कल गंगा तट तक एक विशालकाय मगरमच्छ को स्थानीय लोगों ने देखा, इसके बाद जहां लोगों में दहशहत का माहौल बन गया तो वहीं लोग गंगा किनारे जाने में डरने लगे है। लोगों की माने तो भैरव मंदिर से लगे भैरव घाट को श्मशान घाट भी कहा जाता है और यह अंतिम संस्कार करने का कानपुर में प्रमुख स्थान है।

## गांव चलो अभियान की कार्यशाला का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भाजपा के केशव नगर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में मंगलवार को गांव चलो अभियान की कानपुर उत्तर और दक्षिण जिले की संयुक्त जिला कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे और संचालन दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि अभियान के दौरान सांसद, विधायक, प्रदेश सरकार के मंत्री, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर सहित पार्टी के सभी प्रदेश, क्षेत्रीय, जिला एवं मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता किसी न किसी गांव में 24 घंटे प्रवास करेंगे व शहरी क्षेत्र में बूथ स्तर पर प्रवासी कार्यकर्ता प्रवास करने के साथ पीएम मोदी और सीएम योगी की सरकारों की सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की योजनाएं तथा विकसित भारत का विजन लेकर गांव, मजरों, टीलों, चौपालों और बूथों पर स्थानीय लोगों से चर्चा करेंगे और उन्हें सरकार की उपलब्धियो की जानकारी देंगे। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने बताया कि एक और दो फरवरी को मंडलों में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। मनीष त्रिपाठी ने बताया कि गांव चलो अभियान के लिए दक्षिण जिले में जिला उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा को जिला संयोजक, विनय मिश्रा, अनीता परमार को सहसंयोजक एवं उत्तर जिले में वीरेश त्रिपाठी को संयोजक, पारस मदान, आशा पाल को सह संयोजक बनाया गया है।

इस अवसर पर राम बहादुर यादव, प्रबोध मिश्रा, सुनील बजाज, जसविंदर सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, गणेश शुक्ला, संजय कटियार, अर्जुन बेरिया, शिवपूजन सविता, वन्दना गुप्ता, शिवम मिश्रा, अनुराग शुक्ला सहित मोर्चा अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

## युवक ने किया फांसी लगाने का प्रयास

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पति-पत्नि के आपसी झगड़े कलह और न्यायालय में चल रहे वाद को लेकर क्षुब्द एक युवक ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने का निणर्य लिया और अपनी ही ससुराल के पास लगे एक पेड़ पर चढ़ गया। लोगों ने किसी अनहोनी होने की आशंका जताई और सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस व फायर सर्विसेज के लोगों द्वारा युवक को काफी देर बात-चीत कर समझाया गया, तब जाकर युवक पेड़ से नीचे उतरा। मामला थाना रेल बाजार क्षेत्र का है जहां अपनी ही ससुराल गार्डेन नं0 6 का रहने वाला मो0 मुस्तकीम मूल रूप से कोतवाली थानाक्षेत्र उन्नाव का निवासी है जो शादी के कुछ समय बाद से अपनी ससुराल कानपुर में रहता है। बताया जाता है कि काफी लंबे समय से उसका पत्नी के साथ सम्बन्ध ठीक नही है और न्यायालय में भी केस चल रहा है इसी बात से परेशान होकर युवक आत्महत्या की मंशा से अपनी ससुराल के बगल में पाकड़ के पेड़ पर चढ़ गया। लोगों ने मुस्तकीम की मंशा को समझते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी।


# हिस्ट्रीशीटर का साथी किशोरियों की वीडियो बना कर रहा वसूली


अंशू सिंह सेंगर


हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर उर्फ बंदर


अभय भदौरिया


कथित सिपाही सत्यम तिवारी



**हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर का गुर्गा कर रहा था वसूली, किशोरी और उसके भाई पर किए तमाम जुल्म, मुकदमा दर्ज**

**कथित क्राइम ब्रांच का सिपाही बना मददगार**

जन एक्सप्रेस । हिमांशु मिश्र

**कानपुर नगर।** शहर के थाना बर्रा क्षेत्र से एक शर्मसार करने वाला ऐसा मामला सामने आया है जहां पर एक किशोरी का न्यूड वीडियो बनाने के बाद हिस्ट्रीशीटर की जमानत कराने के लिए किशोरी के भाई को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वसूली की गई, जिस हिस्ट्रीशीटर की जमानत कराने के लिए ब्लैकमेलिंग का गंदा धंधा चालू किया गया था वह कानपुर नगर का एक टॉप क्लास शातिर अपराधी है, किशोरी के भाई ने जब कानपुर के पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाई तो उनके द्वारा मुकदमा दर्ज करने के आदेश बर्रा पुलिस को भी दे दिए गए लेकिन इसी बीच एक कथित क्राइम ब्रांच के सिपाही ने आकर किशोरी और उसके परिवार को इतना धमकाया कि परिवार ने डर कर समझौता कर लिया और डर के मारे उन्होंने उस घर को भी छोड़ दिया जहां पर वह सभी निवास कर रहे थे, लेकिन अपराधियों ने किशोरी और उसके परिवार से उत्पीड़न और वसूली करना नहीं छोड़ा।

### नहाते वक्त बनाया था न्यूड वीडियो

थाना बर्रा क्षेत्र के एक मोहल्ले में निवास करने वाली 13 वर्षीय किशोरी के माता-पिता का देहांत हो चुका है, किशोरी का एक बड़ा भाई है जो एक प्राइवेट ऑनलाइन कंपनी में काम करके किसी तरह अपनी बहन और खुद का पेट पालता है, जिस मकान में किशोरी और उसका भाई निवास करते हैं उसी मकान में हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर का गुर्गा अंशू सिंह सेंगर निवास करता था, पीड़ित किशोरी की मानें तो अंकुश सिंह सेंगर ने युवती का नहाते वक्त बने रोशनदान से वीडियो बना लिया था और बीती 1 सितंबर 2023 को बर्रा छह स्थित गप्पू चप्पू चौराहे पर हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी अंकुश, वैभव, अभय भदौरिया, रचित तिवारी द्वारा किशोरी के भाई को रोका गया और उसकी बहन का वीडियो दिखा कर वीडियो को वायरल करने की धमकी दी गई। जिसका विरोध करने पर हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों ने मिलकर किशोरी के भाई को जमकर पीटा और उसका फोन छीन कर वहां से सभी भाग निकले जब इस बात की सूचना किशोरी के भाई ने नजदीकी थाने में जाकर दी तो पुलिस ने तहरीर लेकर उसे टरका दिया और थाने के काफी चक्कर लगाने के बाद भी मुक़दमा दर्ज नहीं किया।

### कमिश्नर ने किए थे एफआईआर आदेश कथित क्राइम ब्रांच के सिपाही ने धमकाया

स्थानीय थाना स्तर पर न्यान मिलने पर पीड़ित किशोरी और उसके भाई ने जब कमिश्नर की चौखट पर गुहार लगाई तो पुलिस कमिश्नर ने बर्रा थाने को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने के आदेश दे दिए थे, थाना बर्रा की पुलिस ने मुकदमा तो नहीं दर्ज किया लेकिन एक कथित क्राइम ब्रांच के सिपाही ने पीड़ितों को उन्हें आरोपी से समझौता करने के लिए मजबूर कर दिया और घर भी छुड़वा दिया, जो व्यक्ति क्राइम ब्रांच का सिपाही खुद को बता रहा था उसने अपना नाम पीड़ित भाई बहनों को सत्यम तिवारी बताया था।

### ए.डी.सी.पी. ने सुनी किशोरी और उसके भाई की फरियाद, मुकदमा कराया दर्ज

थक हारकर दोनों भाई-बहन एडीसीपी अंकित शर्मा से मिले और जब अपनी पूरी कहानी बताई तो उन्होंने तत्काल बर्रा थाने को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया लेकिन बर्रा थाने की पुलिस मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी करने लगी तो पुनः भाई-बहन डीसीपी साउथ के कार्यालय में धरना देकर बैठ गए अखबारों और चैनलों के रिपोर्टर के सक्रिय होने की बात जैसे ही थाने को पता चली तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया गया, मुकदमा अजय ठाकुर अंशु सिंह सेंगर समेत कथित क्राइम ब्रांच के सिपाही के खिलाफ भी दर्ज किया गया है।

### हिस्ट्रीशीटर की जमानत कराने के लिए फिर मांगी वसूली

बीते दिनों हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर और उसके साथियों का शिकार एक बिजली कारीगर हो गया। जिसमे बर्रा पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में मुक़दमा दर्ज कर हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर और उसके साथी अभय भदौरिया को जेल भेज दिया था। उसके बाद फिर से किशोरी के भाई को हिस्ट्रीशीटर के साथी वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगे और हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर और उसके साथियों को छुड़ाने के नाम पर पैसे मांगने लगे और दोबारा 13 जनवरी को उसके साथ मारपीट करके फोन छीनकर भाग गए। जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी लेकिन पुलिस द्वारा कार्यवाही करने की जगह 26 जनवरी को उसका फोन उसे वापिस दिला दिया गया। जिसके उपरांत भी हिस्ट्रीशीटर के साथियों ने लगातार किशोरी के भाई को ब्लैकमेल और परेशान करना बन्द नही किया।

## सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से किसानों की सैकड़ो बीघा फसल हुई बर्बाद



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। चौबेपुर। चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आधा दर्जन से अधिक गांव के किसानों की सैकड़ो बीघा फसल सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से बर्बाद पूरी तरह से चौपट हो गई है। जहां एक ओर कुदरत की मार ने पहले ही किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही ने किसानों को रोने पर मजबूर कर दिया है। आपको बताते चलें बीते कुछ माह पहले सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा रजबहों की सफाई कराई गई थी। जिसमें लाखों रुपए खर्च भी किए गए। लेकिन सफाई के नाम पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा केवल खानापूर्ति की गई है। किसानों ने कई बार अधिकारियों को रजबहें की मरम्मत कराई जाने को लेकर प्रार्थना पत्र भी दिया। लेकिन इसके बावजूद भी सिंचाई विभाग के अधिकारियों के कानो में जू तक ना रेंगी। हालत यह है कि वर्तमान समय में चौबेपुर विकासखंड के आधा दर्जन से अधिक गांव के किसानों की सैकड़ो बीघा फसल पूरी तरीके से बर्बाद हो चुकी है। पटकनताला के रहने वाले सादिर, पुराना बिठूर के चंद्रपाल, रामचंद्र यादव, ने बताया कि उनके गेहूं व राई की फसल में पानी भर जाने से पूरी तरीके से फसल चौपट हो गई है। ऐसे ही ना जाने कितने अनगिनत किसान है जिनको काफी नुकसान हुआ है। अब समझने वाली बात यह है कि आखिर इन किसानों के बहते हुए आंसूओं को कौन पोंछने आता है।

## आर.के. सिंह कानपुर के डीएम बने

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। देर रात शासन ने जिले के डीएम विशाखजी अय्यर को अलीगढ़ की कमान सौंप दी तो वहीं गाजियाबाद के तेज तर्रार आईएएस अधिकारी राकेश कुमार सिंह को जिले की कमान सौंपी है। लोकसभा चुनाव से पूर्व शासन द्वारा किये गये तबादलों में कानपुर के डीएम रहे विशाखजी का तबादला कई मायनों में अहम हो जाता है। शहर के नये जिलाधिकारी गुरूवार तक चार्ज संभाल सकते है। बता दे कि जिले के नये डीएम बनाये गये राकेश कुमार सिंह 1994 बैच के पीसीएस अधिकारी है, 2010 में उन्हें शासन ने प्रमोट करते हुए आईएएस बनाया था। बतौर डीएम मुरादाबाद और गाजियाबाद में उनका कार्यकाल सबसे अधिक रहा है। मूल रूप से अयोध्या के रहने वाले राकेश कुमार क्रिकेट के शौकीन हैं।

# अन्नदाता कहे जाने वाले किसान जिम्मेदारों के सुस्त सिस्टम से परेशान

**जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी**



नहरों की नालियां कभी किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का आधार होती थीं। कहीं चकरोड बन गए तो कहीं खेत।नहर में पानी आने के बावजूद नालियों के अभाव में खेतों में पानी नहीं पहुंच पाता है। कहीं-कहीं नालियों भी पर्याप्त है नहरों की तरह ही नालियों की भी सफाई हुआ करती थी। अब ऐसा नहीं है। जिम्मेदारों के उदासीनता के चलते नहर से माइनर तक गंदगी का ढेर देखा जा सकता है। क्षेत्र में न नहरों की कमी और न ही उससे निकली नालियों की। मगर विभागीय उदासीनता से नहर से जुड़ी नालियों का अस्तित्व खतरे में है। किसानों के खेतों के सिंचाई का जरिया नहरों की नालियां ही हैं। नहर से पानी निकलकर इसके जरिए दो से तीन किलोमीटर दूर तक खेतों में पहुंचता है। नहर से सटे किसान जैसे-तैसे खेतों की सिंचाई कर लेते हैं। लेकिन दूर वाले किसानों के समक्ष मुसीबत देखा जा रहा है। वे नहर के पानी का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में निजी साधन या समरसेबल के सहारे महंगा खेतों की सिंचाई करनी पड़ती है। पैसे के इंतजाम में कमजोर किसान खेतों की सिंचाई समय से नहीं कर पाते हैं।

## नालियां चालू हो जाएं तो नहीं कटेंगी नहरें

विभाग यदि नहरों से जुड़ी नालियों को चालू करा दे तो नहरें कटने से बच जाएंगी। नालियों में पानी न आने पर फसलों को सूखता देख किसान नहरों को जगह-जगह काट देते हैं ताकि उनकी फसल हरा-भरा रहे। खेतों में अधिक पानी पहुंच जाने से फसलें भी बर्बाद हो जाती हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। कटने के बाद नहरों के आसपास पानी भी जमा हो जाते हैं। किसानों को आने-जाने में दिक्कत होने लगती है। नहर मरम्मत में 10 से 15 दिन लग जाते हैं। ऐसे में किसानों समेत अन्य राहगीरों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

## क्षेत्रीय किसानों से साझा की गई बात

मवइया रहमतगढ़ इंदरिया बूबूपुर पाली आदि ग्राम सभाओं के किसानों से उक्त संबंध में जन एक्सप्रेस टीम अन्नदाताओं से दर्द बांटने क्षेत्र पहुंची बताया पहले नहरों से जुड़ीं नालियां भी पानी से लबालब हुआ करते थे। किसान जरूरत के हिसाब से खेतों की सिंचाई कर लेते थे।अब ऐसा नहीं है। नालियों में पानी आने का यदि इंतजार किया जाए तो खेत सूख जाएंगे। नालियों के माध्यम से आखिरी छोर तक पानी पहुंच जाता था। इसका अस्तित्व खत्म होने से समस्या खड़ी हो गई है।नालियों की पटाई हो जाने से किसानों को आने-जाने के लिए चकरोड तो मिल गए लेकिन सिंचाई का माध्यम छीन गया। किसानों द्वारा सिंचाई के अ व्यवस्था के लिए जिम्मेदारो के लावा कहीं ना कहीं स्थानीय सांसद व विधायक को भी माना जा रहा है।

# साहब यहां दिख रहा स्वच्छता अभियान

**जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी**

**सफाई टीम नदारद, अधिकांश पंचायत की है जिम्मेदारी**
**दूरभाष से बात करना नहीं पसंद करते पंचायत सचिव**



कस्बे में खुली नालियां हादसे को आमंत्रण देती देखी जा रही है। कई बार राह चलते लोग गिरकर स्वयं को नुकसान पहुंचा चुके हैं। कस्बे के अंबेडकर तिराहे के समीप दायरे में आने वाली नालियां उदासीनता की शिकार हैं।नालियां गंदगी से लबालब भरी पड़ी हैं। नाली कई जगह खुली होकर हादसे को आमंत्रित कर रही है। मुख्य चौराहे पर ऐसा हाल देखकर कस्बे के लोग तो परेशान हैं ही, साथ ही बाहर से आने वाले लोग भी यह हाल देख स्वच्छता अभियान की खिल्ली उड़ाते हैं।

अंबेडकर प्रतिमा होने के-साथ स्टैंड चौराहे से नहर कोठी मार्ग प्राचीन हनुमान मंदिर पर आस्था का बड़ा केंद्र है। मंदिर में आस्थावानों की सुबह-शाम भीड़ जुटती है। समय-समय पर यहां धार्मिक कार्यक्रम भी होते हैं। लेकिन पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा श्रद्धालुओं की परेशानी को अनदेखी किए हुए देखे जा रहे है।कस्बे में कई जगह नालियां खुली पड़ी हैं।डोर-टू-डोर कचरा उठान न के बराबर है।इसके चलते लोगों द्वारा निकलने वाले कचरे को इन्हीं खुली नालियों में डाल देते हैं। इससे ऐसी नालियों में सफाई अभियान ज्यादा दिनों तक नहीं टिकता है कस्बा वासियों ने नालियों में झाप व सफाई करने की मांग की है।

# महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक : शत्रोहन सोनकर

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



महात्मा गाँधी के निर्वाण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी के नेतृत्व में समाज के विभिन्न संगठनों ने महात्मा गांधी इण्टर कालेज रायबरेली के परिसर में स्थापित महात्मा गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाँजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक है, उनके बताये गये रास्ते पर चलकर हम राष्ट्रीय कार्यो को अन्जाम दे सकते हैं।वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वतन्त्रता की लड़ाई में सभी गुटों को एक कर लड़ाई लड़ी और स्वदेशी आन्दोलन के जरिए राष्ट्रीय भावनाओं को मजबूत किया। सेवारत स्वर्णकार संस्थान के संरक्षक भौमेश कुमार स्वर्णकार ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपनी वकालत छोड़कर देश की आजादी के लिए संघर्ष किया।

पूर्व डीजीसी ओपी यादव ने कहा कि 30 जनवरी 1948 को साम्प्रदायिक शक्तियों ने गोली मारकर गांधी जी की हत्या कर दी, जिससे पूरे देश स्तब्ध रह गया। संत गाडगे सेवक कमलेश चौधरी ने कहा कि महात्मा गाँधी स्वच्छता अभियान के प्रबल समर्थक थे। महात्मा गांधी स्वच्छता को लेकर ज्यादा संजीदा थे, संत गाडगे की प्रेरणा से ही स्वच्छता अभियान के जनक बने। मौर्य कुशवाहा समाज के जिला महामंत्री सुशील मौर्य ने कहा कि गांधी जी के पास अद्भुत नेतृत्व क्षमता थी। गांधी जी से प्रभावित होकर लोग आजादी की लड़ाई से जुड़ते रहे, उन्होनें अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व व विचारों से स्वतन्त्रता आन्दोलन को धार दी थी। इस अवसर पर मुख्य रूप से ई. दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार, गोविन्द सोनी, अनिल गुप्ता, ओरीलाल वर्मा, शिवशरण लाल वर्मा, प्रमोद वर्मा, सतीश सोनी, दिनेश त्रिवेदी, मो0 शाकिब कुरैशी, अखिल त्रिपाठी आदि लोगों ने महात्मा गाँधी के चित्र पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को दिया गया सुरक्षा मंत्र

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** मंगलवार को जनपद के इण्टर कॉलेज रामपुर कुड़वा गौरीगंज में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक डॉ. इलमारन जी द्वारा विद्यालय के छात्र, छात्राओं व उपस्थित शिक्षकों को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत महिला शिक्षा,सुरक्षा, अधिकार व आत्मरक्षा पर विशेष जोर देकर जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि आपात स्थिति में पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर फोन कर सकती हैं। छात्राओं को 1090 वीमेन पॉवर लाइन,181-महिला हेल्प लाइन,108-एम्बुलेंस सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड लाइन् आदि के बारे में जागरूक किया गया। साथ-साथ यातायात नियमों ओवर स्पीड वाहन न चलाने, सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट लगाकर चलने आदि यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया। और विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचने के उपाय जैसे साइबर अपराध होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गई।

शहीद दिवस पर विद्यालय में शहीदों को सम्मान देने के लिए विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सवर्प्रथम विद्यालय प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा आकृति ने अहिंसा के पुजारी महात्मा गाँधी के जीवन दर्शन के बारे में बताया। शिक्षिका पूजा सिंह ने उपस्थित छात्र/छात्राओं को बताया कि महात्मा गाँधी ने देश की आजादी के लिए जीवन भर संघर्ष किया और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई, उन्होंने सर्वधर्म समभाव, समानता और सादगी का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत मे प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के दिन हम सिर्फ महात्मा गाँधी को ही नही याद करते बल्कि उन शहीदों को भी याद करते है जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए और देश के लिए स्वतंत्रता, न्याय और समानता की लड़ाई लड़ी।

गाँधी जी के लिए प्रचिलित चंद लाइनों **दे दी हमे आजादी बिना खडग बिना ढाल, साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल** के साथ उन्हें याद किया गया।

कायर्क्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका पिंकी जायसवाल के नेतृत्व में विद्यालय की छात्रा अनुश्का और तनिष्का ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, सी0एस0 दास मिश्र, संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, रामदेव शर्मा, राकेश अवस्थी, शिवकरन पाल, रामकिशोर यादव, बी0एस0 त्रिवेदी, वेद प्रकाश मिश्र, अमित कुमार, शैलेश तिवारी, आकाश तिवारी, मनीष कुमार, अमित कुमार धर्मेंद्र शुक्ला, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कमर्चारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सैनिक बन्धु सदस्यों तथा पूर्व सैनिकों द्वारा शहीद स्मारक बनवाने एवं विद्यालयों के नामों को शहीदों के नाम पर कराये जाने, गन लाइसेंस नवीनीकरण, ई0सी0एच0एस0 एवं कैंटीन में आ रही समस्याओं आदि विषयों पर चर्चा की गयी। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा जनपद व शासन स्तर पर पूर्व सैनिकों को उनके कार्यों/समस्याओं के समाधान हेतु वरीयता के साथ नियमानुसार निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रतिनिधि वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रतिनिधि मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतिनिधि महिला कल्याण, प्रतिनिधि उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण, प्रतिनिधि महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, प्रतिनिधि कमांडिंग आफिसर एनसीसी व सैनिक बन्धु समिति उपाध्यक्ष ऑनर कैप्टन राजपाल सिह, एवं विभिन्न ब्लाकों के सैनिक बंधु तथा अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# कौशल विकास मिशन के 25 बच्चों को मिला रोजगार

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**

कादीपुर में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं टीपी एक्टिव इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें गुणगांव की कम्पनी मानेसर इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कुल 25 बच्चों को रोजगार दिया गया। जहां उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन कादीपुर के संचालक व कृषि विशेषज्ञ ज्ञानचन्द्र तिवारी द्वारा गुणगांव की कम्पनी के एच आर हेड हरिकेश राय को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मानेसर इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन के एच आर हेड हरिकेश राय ने बताया कि हमारी कम्पनी में बच्चों को सेविंग मशीन ऑपरेटर के पद पर नियुक्त किया जा रहा है जिसमें आठ घंटे काम करना होगा और शुरुआत में 12000 रूपए सैलरी मिलेगी जिसमें दिन में दो बार चाय और खाना भी मिलेगा उन्होंने बताया कि बच्चों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी जिसकी जिम्मेदारी कंपनी की है, कम्पनी बच्चों को पूरा सहयोग करती है।


# कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सुलतानपुर।

पत्रांक : 1952/जि.आ.अधि./सुलतानपुर/चेता./अपील/2023-24 दिनांक: जनवरी, 30-2024

## चेतावनी/अपील




जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध स्थानों/अड्डों से खरीदी गयी शराब जहरीली हो सकती है। इसमें मिथाइल अल्कोहल भी मिला हो सकता है। मिथाइल अल्कोहल एक घातक जहर है। इसकी थोड़ी सी मात्रा पीने से व्यक्ति अन्धा हो सकता है और उसकी जान भी जा सकती है और उसकी मृत्यु भी हो सकती है।

अत: किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें। सस्ते के चक्कर में जान न गवायें। अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनुज्ञापित मदिरा की दुकान से ही सही क्यू0आर0 कोड एवं सील लगी हुई बोतलें तथा टेट्रा पैक ही खरीदें।

इसके अतिरिक्त किसी भी सरकारी मदिरा की दुकानों पर किसी प्रकार की शिकायत/ओवर रेटिंग तथा अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री होने की सूचना, प्रदेश स्तर पर संचालित **टोल फ्री नम्बर 14405 एवं व्हाट्सऐप नम्बर 9454466019 तथा आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1 (तहसील सदर) सुलतानपुर मो0नं0 8004490847, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2 (तहसील कादीपुर) सुलतानपुर 8318983571, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 (तहसील जयसिंहपुर) सुलतानपुर 9453328884, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4 (तहसील लम्भुआ) सुलतानपुर 9451587745, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-5 (तहसील बल्दीराय) सुलतानपुर** 7007078052 पर सूचना देने का कष्ट करें। सूचना देने वाले का नाम, नम्बर गुप्त रखा जायेगा।

**जिला आबकारी अधिकारी**
**सुलतानपुर।**


## न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की मनाई गई पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) मनाई गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गाँधी जी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनको सादर नमन किया। कार्यक्रम में स्कूल की छात्रा माही शुक्ला ने गाँधी जी पर अपने विचार व्यक्त किये। गांधी जयंती पर विद्यालय के हिन्दी प्रवक्ता अवधेश शर्मा ने बापू जी के जीवन से संबंधित अनेक रोचक एवं प्रेरक प्रसंगों से बच्चां को अवगत कराते हुए कहा कि गांधी जी जैसा व्यक्तित्व शायद ही धरती पर कभी जन्म ले। जिन्होंने बिना अस्त्र-शस्त्र उठाए अहिंसा के बल पर देश की आजादी में अहम् भूमिका निभाई। अंत में प्रधानाचार्य ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि गाँधी जी ने सत्य, अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उत्साहवर्धन के साथ किया गया समापन

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर।**



गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपद में शुभारंभ हुई राहुल गांधी के समर्थन में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मे समापन किया गया। प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी की मौजूदगी में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के प्रांगण से रथ सजाकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा थीम बजाते हुए राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, मल्लिकार्जुन खड़गे जिंदाबाद, न्याय यात्रा जिंदाबाद, जोड़ो-जोड़ो भारत जोड़ो, संविधान जिंदाबाद, आदि नारों के साथ शहर के लालडिग्गी चौराहा, नॉरमल चौराहा, राहुल चौराहा, बाधमंडी चौराहा, शाहगंज चौराहा, चौक, सब्जी मंडी, जिला अस्पताल, कोतवाली बस अड्डा चौराहा, दीवानी न्यायालय तिकोनिया पार्क कलेक्ट्रेट डाकखाना चौराहा, सुपर मार्केट होते हुए वापस जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचे जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय व शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर जनपद के विभिन्न ब्लॉक में न्याय पंचायत स्तरीय कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में न्याय यात्रा निकाली गई जिसका आज जिला कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर समापन किया गया।

# चिटफंड कंपनियों में फंसे भुगतान को लेकर प्रदर्शन, डीएम से पैसे दिलाने की उठी मांग

**जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर**



अनी बुलियन ट्रेडर्स समेत कई चिट फंड कंपनियों ने यहां 10 करोड़ रुपए के आसपास की ठगी लोगों से कर रखा है। इसको मुद्दा बनाकर आज लोगों 'पहले भुगतान फिर मतदान' का नारा लगाते हुए डीएम कृतिका ज्योत्सना के ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया। लोगों ने केंद्र सरकार की तरफ से बनाए गए प्रावधान के मुताबिक भुगतान दिलाए जाने के लिए आवाज उठाई है।

मिशन भुगतान यात्रा बैनर के तले आज प्रदर्शन हुआ। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 में कानून बनाया गया है हम प्रधानमंत्री को उसके लिए धन्यवाद देते हैं। साथ ही डीएम के माध्यम से मांग करता हूं कि इस केंद्रीय कानून तहत 180 कार्य दिवस में ब्याज सहित भुगतान देने का प्रावधान है। लेकिन एक वर्ष से हमारा आवेदन एडीएम कार्यालय में पेंडिंग पड़ा हुआ है अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। हम डीएम से अनुरोध कर रहें है कि विधिक कार्रवाई एक्ट के तहत है हम लोगो का भुगतान अविलंब कराया जाए। भारत सरकार द्वारा जो भी प्राइवेट कंपनियों को लाइसेंस दिया गया था उन्हीं लाइसेंस पर विश्वास कर भारत की जनता ने अपना निवेश चिट फंड कंपनी में किया गया। उन्होंने कहा कि जिले में भी लाखों पीड़ित है जिन्होंने अपना निवेश उन चिट फंड कंपनियों में किया है जो मार्केट में आई थी। भारत सरकार के नियम कानून कायदे के अनुसार वह कंपनी बंद कर दी गई। कंपनी बंद होने के बाद पीड़ितों का पैसा नहीं मिल रहा है पैसा डूब गया है। 2019 एक्ट के प्रावधान के अनुसार पीड़ितों को उनका जमा किया गया पैसा वापस मिलना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। हम लोगो की यही अपील है कि जो भी एक्ट है उस एक्ट के तहत हम लोगो को भुगतान मिले। जो कंपनिया जैसे अनी बुलियन, एलाइन ग्रुप इस तरह लाखों कंपनिया हैं। जिसमें पैसे फंसे हैं। हम डीएम से मांग करते हैं इन कंपनियों में फंसे पैसे एक्ट के तहत हमें दिलाए जाए।

## सैकड़ों संक्रमितों को किया गया जागरूक, बांटे गए कंबल

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु जागरूकता शिविर का दो दिवसीय आयोजन एआरटी सेंटर द्वारा किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एसके गोयल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र प्रताप वर्मा जिला प्रोबेशन अधिकारी, कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अबसार अहमद और सीएससी विहान के पीसी सतीश यादव, प्रताप सेवा समिति के सचिव विजय विद्रोही, अहाना परियोजना के समस्त स्टाफ, आईसीटीसी एवं पीपीटीसीटी के समस्त स्टाफ, एआरटी सेंटर के कार्यरत समस्त कर्मचारियों उपस्थित थे।

# फसलों के नुकसान का मुआवजा देने में लापरवाही बरतने पर सीएम योगी ने 17 जिलों के एडीएम से मांगी जानकारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही बरतने पर सीएम योगी ने नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के अधिकारियों से जवाब तलब किया है। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में विभिन्न आपदाओं से क्षतिग्रस्त हुई फसलों के मुआवजे और अन्य राहत को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने त्रुटियों के कारण फसलों के नुकसान के दोबारा सत्यापन में लापरवाही और मुआवजा नहीं देने पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिये हैं। मालूम हो कि फसलों के नुकसान का सत्यापन करने के बाद प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को मुआवजा राशि व अन्य राहत प्रदान की जाती है, लेकिन कुछ मामलों में तकनीकी कमियों के कारण कुछ किसानों की फसलों का सत्यापन पूर्ण नहीं हो सका। वहीं दोबारा उनका सत्यापन नहीं किया गया, जिससे कुछ किसान सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली राहत और मुआवजा राशि प्राप्त नहीं कर सके। इसी को लेकर सीएम योगी ने सख्ती जताते हुए अधिकारियों से जवाब तलब करने के साथ ही वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा देने के निर्देश दिये हैं। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा देने के लिए डिमांड के अनुसार धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। अभी तक 35 करोड़ से अधिक की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों को जल्द से जल्द मुआवजे से छुटे किसानों का सत्यापन कराकर धनराशि के डिमांड के निर्देश दिये गये हैं ताकि कोई भी किसान इससे वंचित न रह जाए। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है। सीएम योगी के निर्देश पर किसानों को मुआवजा धनराशि सर्वे के 24 घंटे में डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में प्रदेश के 75 जिलों के क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित 13,97,480 से अधिक किसानों को 5,08,31,80,715 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी गई। वहीं वर्ष 2022-23 में 10,44,387 से अधिक किसानों को 4,25,22,41,276 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि दी गई जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनवरी तक 1,87,845 से अधिक किसानों को 80,88,68,299 रुपये से अधिक की सहायता धनराशि वितरित की जा चुकी है।

### सीएम योगी ने लापरवाही पर नाराजगी जाहिर कर लगाई कड़ी फटकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में पाया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हजारों किसानों को डाटा फिडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं किया जा सका जबकि उन्होंने अधिकारियों को दोबारा सत्यापन करा मुआवजे से वंचित किसानों को सहायता राशि देने के निर्देश दिये थे। सीएम योगी के निर्देश के बाद भी प्रदेश के कई जिलों के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों का सर्वे नहीं कराया। इसकी वजह से समय से किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कड़ी फटकार लगाई। इतना हीं नहीं उन्होंने लापरवाह 17 एडीएम एफआर से जवाब तलब करते हुए कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिये। सीएम योगी की नाराजगी के बाद हरकत में अधिकारियों ने अपने-अपने जिले में मुआवजे से वंचित किसानों का दोबारा सर्वे कराकर शासन से बजट की डिमांड की है।

### लापरवाह एडीएम को एक हफ्ते में शासन को उपलब्ध कराना होगा जवाब

अपर मुख्य सचिव राजस्व ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 17 जिलों के एडीएम एफआर से लापरवाही पर जवाब तलब किया गया है। इनमें अलीगढ़, हाथरस, बाराबंकी, मऊ, बरेली, बदांयू, अंबेडकरनगर, शाहजहांपुर, महोबा, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, झांसी, ललितपुर, गाजियाबाद, बिजनौर और कौशांबी के एडीएम एफआर शामिल हैं। सभी एडीएम को एक हफ्ते में अपना जवाब शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि सभी एडीएम से जवाब मिलते ही रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। सीएम योगी के निर्देश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी के पास पर्याप्त बिजली, कटौती हुई तो संबंधित कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने कहा है कि शहरों में पर्याप्त बिजली होने के बाद भी कटौती की शिकायत मिल रही है। शहरों में किसी भी कीमत पर कटौती नहीं होनी चाहिए। निर्देश दिया कि जहां कटौती हो उसके लिए जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को चार्जशीट देने के साथ तबादला भी किया जाए। वह मंगलवार को विद्युत वितरण व्यवस्था और राजस्व की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में उसके कारणों की समीक्षा की जाय। आगामी गार्मियों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बेहतर रहे, इसकी अभी से तैयारी करें। गर्मी में विद्युत आपूर्ति किन-किन कारणों से बाधित होती है, उनका अनिवार्य रूप से निराकरण करा लें। हमें सभी उपभोक्ताओं को सही रीडिंग का बिल उपलब्ध कराना है। इसलिये मीटर रीडिंग सही ढंग से हो और उपभोक्ताओं को समय से मिले यह सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने सभी प्रबन्ध निदेशकों व मुख्य अभियन्ताओं को यह भी निर्देश दिया कि जिन अवर अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता व मुख्य अभियन्ता का कार्य प्रदर्शन बहुत खराब हो उनके खिलाफ कार्यवाई की जाए।

### वर्कशॉप की थर्ड पार्टी ऑडिट होगी

अध्यक्ष ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन के वर्कशॉप की थर्ड पाट्री ऑडिट करायी जायेगी। जो एजेंसियां बिलिंग कार्य ठीक से नहीं कर रही है, उनको ब्लैक लिस्ट किया जाए। इसी तरह जिन कंपनियों के मीटर खराब होंने की ज्यादा शिकायतें है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष ने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए उपभोक्ताओं को चेक करने, मीटर रीडिंग के लिये विद्युत निगमों के अधिकारी मीटर रीडर के साथ जाय। अधिशाषी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता तथा मुख्य अभियन्ता भी रीडिंग लें।

### खुले वायर हीटर पर प्रतिबंध

बख्शी का तालाब, लखनऊ में संविदाकर्मी के हीटर पर गिर जाने की दुघर्टना का संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष आशीष गोयल ने तत्काल प्रभाव से खुले वायर हीटर को प्रतिबन्धित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में कहीं भी विद्युत कार्यालयों में ऐसे हीटर प्रयोग नहीं किए जायेंगे। सभी अधिकारी सब स्टेशनों का सही ढंग से निरीक्षण करें और कैपसीटर इंसुलेटर आदि सामग्री के सुचारु कार्य को सुनिश्चित कर लें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### योगी मंत्रिमंडल का अयोध्या दर्शन हुआ स्थगित

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर प्रदेश सरकार ने योगी मंत्रिमंडल का 1 फरवरी को प्रस्तावित रामलला दर्शन कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1 फरवरी को मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ अयोध्या में रामलला का दर्शन करने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते केंद्रीय कैबिनेट के मंत्रियों से फरवरी में रामलला के दर्शन करने नहीं जाने को कहा है। उनका मानना है कि अयोध्या में प्रतिदिन दो से तीन लाख रामभक्त रामलला के दर्शन कर रहे हैं। मंत्रियों के काफिले और सुरक्षा व्यवस्था के चलते श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। लिहाजा प्रदेश सरकार ने भी एक फरवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। अब मंत्रिमंडल के सदस्य 11 फरवरी को रामलला के दर्शन करने जा सकते हैं।

### ग्राम्य विकास संस्थान में बढ़ाया जाए प्रशिक्षण का दायरा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य ग्राम विकास संस्थान व जिलो में स्थापित ग्राम्य विकास संस्थान में पूरी क्षमता के अनुरूप लोगों को विभिन्न विषयों विधाओं में पारंगत बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया जाए। निर्देश दिए हैं कि मौजूदा क्षमता के हिसाब से ट्रेनिंग देने का कार्यक्रम एस आई आर डी द्वारा बनाया जाय। ग्राम्य विकास विभाग के अलावा अन्य विभागों के ट्रेनिंग प्रोग्राम उन विभागों से पत्राचार व सम्पर्क करके कराये जांय ताकि संस्थानो की पूरी क्षमता का भरपूर उपयोग हो सके और विभिन्न विभागों के अधिक सेअधिक अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य स्टाफ व अर्ध सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियो को प्रशिक्षित कर उनके ज्ञान में अभिवृद्धि की जाए ताकि जनहित के कार्यों को और अधिक सुचारू रूप से किया जाय।

### गोरखपुर एवं बरेली हेतु 586.58 लाख रूपये मंजूर

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत गोरखपुर एवं बरेली में सड़क निर्माण से सम्बंधित 09 कार्यों हेतु 586.58 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि जनपदों के जिलाधिकारी को उपलब्ध करा दी गयी है।नियोजन विभाग ने इस सम्बंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। गोरखपुर में सड़क निर्माण से सम्बंधित 03 कार्यों हेतु 438.51 लाख रूपये तथा बरेली में सड़क निर्माण से सम्बंधित 06 कार्यों हेतु 148.07 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं।

# राज्य सहकारी बैंक, जिला सहकारी बैंकों के व्यवसाय में वृद्धि के उपाय पर हुई कार्यशाला

- प्रधानमंत्री का संकल्प देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है: राठौर
- गांवों में अन्तिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना सरकार का लक्ष्य
- जिला सहकारी बैंकों को नेफस्कॉब का सदस्य बनाने का दिसम्बर में निर्णय

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। 2047 तक अमृतकाल के दौरान केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का लक्ष्य है कि कृषि के क्षेत्र में कोआपरेटिव का योगदान 50 प्रतिशत होना चाहिए और डिपोजिट 25 प्रतिशत तक होना चाहिए। लक्ष्य को लेकर आज की कार्यशाला में चर्चा हुई कि किस तरह से नई टेक्नोलॉजी को लेकर एवं नये इनोवेशन को लेकर लोगों की क्या आवश्यकता है उस तरह से प्रोडक्ट डिजाइन करें ताकि उन्हें समय से लोन मिल सके और उनकी जरूरतें पूरी हो सकें।उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक द्वारा आयोजित नेफस्कॉब के तत्वावधान में अमृतकाल 2022-47 में राज्य सहकारी बैंक जिला सहकारी बैंकों के व्यवसाय में वृद्धि के उपायों पर नेफस्कॉब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने यह बातें आज सहकारिता भवन लखनऊ स्थित सभागार में कही।सहकारिता मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक अग्रणी भूमिका निभाते हुए गांवों में अन्तिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है तथा सभी जिला सहकारी बैंकों को नेफस्कॉब का सदस्य बनाने का दिसम्बर में निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि 3200 पैक्स कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है तथा आने वाले 06 महीने में लगभग सभी पैक्स का कम्प्यूटरीकरण पूर्ण कर लिया जायेगा। तथा सभी पैक्स को 10-10 लाख रूपये प्रदान कर रहे हैं, वो भी ब्याजमुक्त, जिसका पूरा ब्याज प्रदेश सरकार देगी। यानी की 750 करोड़ रूपये सभी पैक्स को दिलवाया है ताकि वह अपना बिजनेस आसानी से कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी 16 जिला सहकारी बैंक घाटे में थी, उनमें से 11 को हम लाभ में ला चुके हैं तथा आने वाले 31 मार्च, 2024 तक हमारी बैंकों को लाभ में ले आएंगे।चेयरमैन एनएएफएससीओबी यानि नेफस्कॉब केआर राव ने कहा कि कोआपरेटिव क्रेडिट की थ्री टायर सिस्टम अपेक्स कोआपरेटिव बैंक, जिला सहकारी बैंक, पैक्स को मिलकर साथ काम करना होगा तभीबैंकिंग व्यवस्था मजबूत होगी तथा हमें टेक्नोलाजी में अद्यतन सुधार करने का प्रयास करते रहना चाहिए।इस अवसर पर आरसीएस यूपी अनिल कुमार, अतिरिक्त आयुक्त व अतिरिक्त रजिस्ट्रार प्रशासन ईशा प्रिया, एमडीएनएएफएससीओबी व अध्यक्ष आईसीबीए बी सुब्रह्मण्यम, चेयरमैन यूपीसीबी जेबी सिंह, एमडी यूपीसीबी आरके कुलश्रेष्ठ, डायरेक्टर बर्ड निरूपम मेहरोत्रा, सीजीएम नाबार्ड एके डोरा व जिला सहकारी बैंकों के चेयरमैन उपस्थित थे।

# हाईटेक नर्सरी से कृषि और औद्योगिक फसलों के उत्पादन में होगी वृद्धि

- स्वयं सहायता समूहों और किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ: केशव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में किसानो को विभिन्न प्रजातियों के उच्च क्वालिटी के पौधे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इजरायली तकनीक पर आधारित हाइटेक नर्सरी तैयार की जा रही है। यह कार्य मनरेगा अभिसरण के तहत उद्यान विभाग के सहयोग से कराया जा रहा है और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियां भी इसमें हांथ बंटा रही है। इससे स्वयं सहायता समूहों को काम मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन से कृषि और औद्यानिक फसलों को नई ऊंचाई मिलेगी। विशेष तकनीक का प्रयोग करके यह नर्सरी तैयार की जा रहीं हैं।

सरकार की मंशा है कि प्रदेश का हर किसान समृद्ध बने और बदलते समय के साथ किसान हाईटेक भी बने। सरकार पौधरोपण को बढ़ावा देने के साथ बागबानी से जुड़े किसानों को भी आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम कर रही है। मनरेगा योजना से 150 हाईटेक नर्सरी बनाने के लक्ष्य के साथ तेजी से कार्य किया जा रहा है। श्री मौर्य के निर्देश व पहल पर ग्राम्य विकास विभाग ने इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किया था, जिसको लेकर जमीनी स्तर पर युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है। हाईटेक नर्सरी से किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है। प्रदेश भर में 150 हाईटेक नर्सरी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 44 जिलों की 56 साइटों पर हाईटेक नर्सरी बनाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। कन्नौज के उमर्दा में स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल की तर्ज पर प्रदेश के सभी जनपदों में दो-दो मिनी सेंटर स्थापित करने की कार्यवाही जारी है। किसानों को उन्नत किस्म के पौध के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। बुलंदशहर, बागपत, वाराणसी, बरेली, मिर्जापुर और मेरठ की 7 हाईटेक नर्सरियों में सिडलिंग प्रोडक्शन का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है।नर्सरी की देखरेख के लिए स्वयं सहायता समूह को जिम्मेदारी दी गई है। समूह के सदस्य नर्सरी का काम देखते हैं, जो पौधों की सिंचाई, रोग, खाद-बीज आदि का जिम्मा संभालते हैं। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है ।सरकार उच्च क्वालिटी व उन्नत किस्म के पौधों की नर्सरी को बढ़ावा देने के लिए तेजी से काम कर रही है। प्रत्येक जनपद में पौधशालाएं बनाने का कार्य किया जा रहा है। किसानों को फूल और फल के साथ सर्पगंधा, अश्रवगंधा, ब्राह्मी, कालमेघ, कौंच,सतावरी, तुलसी, एलोवेरा जैसे औषधीय पौधों को रोपने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# कार्बन उत्सर्जन कम करने एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाने के लिए सेमिनार का आयोजन




- एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और सोलर पावर डेवलपमेंट एसोसिएशन के मध्य एमओयू साइन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में कार्बन उत्सर्जन को कम करने एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए आज एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ऑफयूपी द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण, प्राणि उद्यान तथा जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डा. अरूण कुमार सक्सेना मुख्य अतिथि थे। गोमती स्थित एक होटल में आयोजित सेमीनार के दौरान एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ऑफ़ यूपी और यूपी सोलर पावर डेवलपमेंट एसोसिएशन ने कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए संयुक्त रूप से काम करने और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।इस मौके पर वन मंत्री ने एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफयूपी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि हमारे देश में प्रचुर मात्रा में सौर ऊर्जा संसाधन मौजूद हैं और इसका अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए। सरकार सौर ऊर्जा का उपयोग के लिए लोगों प्रोत्साहित कर रही है और प्रोत्साहन दे रही है। इससे कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा और अंततः पर्यावरण की रक्षा होगी। उन्होंने पूपी सोलर पावर डेवलपमेंट एसोसिएशन को उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए जन अभियान चलाने की सलाह दी। उन्होंने घरों, उद्योगों एवं किसानों द्वारा सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक प्रयोग किए जाने पर बल दिया। गलोबल वार्मिंग को नियंत्रण करने में भारत सरकार द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है इससे प्रधानमंत्री का पूरे विश्व में सम्मान बढ़ा है।यूपी नेडा के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी राकेश अग्रवाल ने विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं नेडा द्वारा हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया । उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के श्रीलाल ने प्रदूषण नियंत्रण हेतु बोर्ड द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के ऊपर प्रकाश डाला। तारिक हसन नकवी वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसोसिएटेड चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ यूपी ने कार्बन उत्सर्जन को कम करने में नवीकरणीय ऊर्जा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधान मंत्री ने सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सूर्योदय योजना की घोषणा की है।इसी कड़ी में दोनो एसोसिएशन ने प्रधान मंत्री के मिशन का समर्थन करने लिए बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा विकास योजना शुरू की है। ग्रामीण क्षेत्रों तक सौर मिशन पहुंचाने के लिय की गई विभिन्न पहलों का भी वर्णन किया है।

# सरकारी ट्यूबवेल से नहीं मिलता किसानों को समय से पानी



- देखरेख करने वाले नवमी गौतम अक्सर सरकारी ट्यूबल का करते हैं अपने लिए इस्तेमाल

जन एक्सप्रेस । अभिमन्यु कुमार रावत

लखनऊ। सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत समदा में सरकारी ट्यूबवेल है जिससे सभी किसानों को समय से पानी पर मिल सके लेकिन देख रेख करने वाले नवमी गौतम अक्सर अपने लिए सरकारी ट्यूबवेल का इस्तेमाल करते हैं, जिसके चलते आसपास के किसानों को समय पर पानी नहीं मिल पाता और फसल सूखती है। किसानों का आरोप है कि जब पानी के लिए कहते हैं तो नवमी लाल का कहना है कि सरकारी ट्यूबल मुझे अपने इस्तेमाल के लिए दिया गया है और 120 रुपए प्रति घंटे के हिसाब से लेने के लिए कहा गया है, हम जिसको चाहेंगे उसको पानी देंगे जिसको चाहेंगे नहीं देंगे। जब इस संबंध में ग्राम प्रधान समदा से जानकारी की तो उन्होंने बताया अक्सर पानी किसानों को समय पर नहीं मिल पाता और मैंने कई बार कहा भी पर वह किसी की नहीं सुनता, जबकि मैंने 40 से 50 रूपए प्रति घंटे के हिसाब से किसानों से लेने के लिए कहा है। इसके बाद ग्रामीणों से जब जानकारी की तो उन्होंने बताया कि अगर हम पानी के लिए कहते हैं तो नवमी कहता है कि अधिकारियों को मैं हिस्सा देता हूं, इसीलिए मैं जिसको चाहू उसको पानी दूंगा। जब इस संबंध में कुछ संबंधित अधिकारियों से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि जल्द जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# लोकसभा चुनाव को लेकर निषाद पार्टी के शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम स्थित पर्यटक सुविधा केंद्र के सभागार में निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल ÷निषाद पार्टी÷ द्वारा आयोजित प्रादेशिक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियो के लिए तीन दिवसीय शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आज समापन दिवस पर निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने लोकसभा चुनाव हेतु कार्यकर्ताओं को तीन दिवसीय शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर में निषाद पार्टी की भूमिका एवं आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत के लिए ट्रेनिंग दी है। श्री निषाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में निषाद पार्टी अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेगी, जिस प्रकार विधानसभा चुनाव 2017 और 2022 में निषाद पार्टी ने अपना सिंबल उत्तर प्रदेश की विधानसभा में पहुंचा है उसी प्रकार आगामी लोकसभा चुनाव में संसद में अपना सिंबल पहुंचने का एकमात्र लक्ष्य होगा। निषाद पार्टी एनडीए का घटक दल है और प्रधानमंत्री को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए अग्रसर है। केंद्र और राज्य की सरकार निषाद समाज के उत्थान के लिए विभिन्न परियोजनाएं और योजनाएं चल रही है इन परियोजनाओं का लाभ सीधे तौर पर उत्तर प्रदेश के मछुआ समाज को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा योजना मत्स्य पालन क्षेत्र हेतु) किसान क्रेडिट कार्ड, निषाद राज बोट योजना, मछुआ कल्याण कोष जिसके तहत उत्तर प्रदेश के मछुआ समुदाय को विभिन्न प्रकार की आर्थिक सहायताएं प्रदान की जा सकती है।

**लखनऊ नगर निगम**
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
फोन : 2612639 email : nnlko@up.nic.in, website : http://lmc.up.nic.in

ई-निविदा सू.सं.: 322/मु.अ./23-24 दिनांक : 30.01.2024

**शुद्धि-पत्र**

कृपया ई-निविदा नोटिस सं. 296/मु.अ./2023-24, दिनांक 19.01.2024 द्वारा दिनांक 30.01.2024 तक औरंगाबाद खालसा में निर्माणाधीन अहाना आवासीय परियोजना के अन्तर्गत द्वितीय एवं तृतीय प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 30.01.2024 को निविदायें आमंत्रित की गयीं हैं, जिनकी निविदा तिथि अपरिहार्य कारणवश् विस्तारित करते हुए दिनांक 05.02.2024 को निविदायें आमंत्रित की जा रहीं हैं।

उपरोक्त के क्रम में ई-निविदा नोटिस सं. 296/मु.अ./2023-24, दिनांक 30.01.2024 द्वारा आमंत्रित निविदा, दिनांक 05.02.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे खोलीं जायेंगी। अन्य समस्त नियम व शर्तें पूर्व की भाँति यथावत् रहेंगी।

मुख्य अभियन्ता

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# धूमिल होते विपक्षी एकता के प्रयास

**आज भले ही कांग्रेस की ओर से विपक्षी एकता के प्रयास किए जा रहे हों, लेकिन इन प्रयासों की सफलता तभी संभव है, जब कांग्रेस द्वारा अन्य राजनीतिक दलों की महत्वाकांक्षाओं को स्वीकार किया जाए, लेकिन कांग्रेस के वर्तमान रवैए को देखते हुए ऐसा संभव नहीं लगता। मुख्य सूत्रधार कहे जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाजपा की तरफ कदम बढ़ाने की कवायद को विपक्षी एकता के लिए जबरदस्त आघात के रूप में ही देखा जा रहा है। ऐसा करने के पीछे अनुमान यही है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी स्वीकारोक्ति में वृद्धि की है।**

*आजकल वर्तमान केंद्र सरकार को सत्ताच्युत करने के सपने देखने की राजनीति गरम है। केंद्र में विपक्ष की राजनीति करने वाली कांग्रेस सहित तमाम क्षेत्रीय दल एक साथ चलने का राग अलाप रहे हैं, लेकिन वर्तमान राजनीतिक शैली को देखते हुए सहज ही यह सवाल देश के वातावरण में अठखेलियाँ कर रहा है कि क्या आज की स्थिति और परिस्थिति को देखते हुए विपक्ष की भूमिका निभाने वाले राजनीतिक दल एक होकर चुनाव लड़ पाएंगे। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि सारे दल इस जोर आजमाइश में लगे हैं कि किसको कितनी सीट दी जाएं। इस बारे में कांग्रेस के समक्ष बड़ी विकट स्थिति निर्मित होती जा रही है। क्योंकि जहां एक ओर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कांग्रेस के अस्तित्व को बचाने के लिए एक और राजनीतिक यात्रा पर निकल चुके हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय दल कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहे। इसके पीछे का कारण स्वयं कांग्रेस की राजनीति ही है। क्योंकि उसके नेताओं को न तो अपनी वास्तविक स्थिति का ज्ञान है और न ही उसके नेता वैसा आचरण ही कर रहे हैं। इसी कारण आज क्षेत्रीय दल कांग्रेस से ज्यादा प्रभावशाली हैं। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों के सहारे की तलाश है और कांग्रेस इस सत्य को अभी समझने में पूरी तरह असमर्थ दिखाई दे रही है। देश में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम के बाद यह लगने लगा है कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुनः आसीन होने की ओर अग्रसर है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि केंद्र की सरकार ने जो काम किए हैं उनके प्रति भारत की जनता का जुड़ाव दिखाई देता है। इसी कारण भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए जहां देश में विपक्ष के राजनीतिक दल एकता के लिए प्रयास करते दिखाई दे रहे थे, अब उन प्रयासों में बहुत बड़ा पेंच सामने आ गया है। यह पेंच इसलिए भी स्थापित हुआ है क्योंकि कांग्रेस को सारे क्षेत्रीय दल आंखें दिखाने की अवस्था में दिखाई देने लगे हैं। इसके पीछे क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का अस्तित्व बचाने का तर्क दिया जा सकता है, लेकिन सत्य यह भी है कांग्रेस वर्तमान में बहुत कमजोर हो गई है। इसलिए कांग्रेस को मन मुताबिक सीट देने को कोई भी दल तैयार नहीं है। पश्चिम बंगाल में एक तरफ ममता बनर्जी कांग्रेस को उसकी स्थिति के अनुसार सीट देने को तैयार नहीं हैं। वहीं उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी कांग्रेस को ज्यादा सीट देने के मूड में नहीं है। इंडी गठबंधन के लिए रही सही कसर पर नीतीश कुमार ने बिहार में कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद स्वाभाविक रूप से विपक्षी एकता के गठबंधन को बहुत बड़ा आघात लगा है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन की एकता के एक बड़े नेता के रूप में स्थापित हुए थे, मगर कांग्रेस द्वारा महत्व नहीं दिए जाने के कारण नीतीश कुमार ने अपनी अलग राजनीतिक राह निर्मित कर ली। वर्तमान में राजनीति रूप से अस्तित्व बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे विपक्षी दलों के समक्ष एक बार फिर से अपनी एकता को बनाए रखने के लिए चुनौतियों का पहाड़ स्थापित होता दिखाई दे रहा है। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो आज के हालात को देखते हुए निश्चित ही यह कहा जा सकता है कि जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं। विपक्ष के सारे दल किसी न किसी रूप में अपनी महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित कर रहे हैं। तू डाल डाल, मैं पात पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दल अपनी पहचान बनाए रखने के लिए एक दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं। इससे एक बात पूरी तरह से स्पष्ट हो जाती है कि कांग्रेस के नेतृत्व को कोई भी दल सर्वसम्मति से स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। लेकिन कांग्रेस का रवैया ऐसा दिखाई दे रहा है, जैसे उनका ही दल सब कुछ है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**ग्रामीण छात्रों की पसंद विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की बजाय आर्ट्स विषय ही होना, शिक्षा के प्रति उपेक्षा एवं शिक्षकों की उदासीनता को ही दर्शा रहा है। समस्या गणित या भाषा नहीं है, ग्रामीण क्षेत्रों की पढ़ाई में यह पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नई बात नहीं। यह चुनौती बड़ी इसलिए है कि नवीन शिक्षा नीति घोषित होने के बावजूद स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं तलाशा गया है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी अन्यथा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहे देश के लिये यह चुनौती एक अंधेरा ही है। इसके लिये शिक्षकों एवं छात्रों के रिश्ते को नये आकार में ढालने की अपेक्षा है।**

# निराशा को आशाजनक अवसरों में बदलने की खिड़की है 'परीक्षा पे चर्चा'



ललित गर्ग

**भारत जैसे देश में शिक्षा और उसके पढ़ाई के स्तर पर ऐसी कई पेचीदिगियां एवं चुनौतियां हैं। पढ़ाई का स्तर और पढ़ाई के ढंग की वजह का सीधा असर छात्रों के परीक्षा पर पड़ता है। ये भी हकीकत है कि 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से शिक्षा के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन की शुरुआत की गयी है, नयी शिक्षा नीति घोषित की गयी है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान दिया गया उद्बोधन एवं गुरु मंत्र छात्रों के लिये ऐसा आलोक स्तंभ है जो भविष्य की अजानी राहों एवं परीक्षा के जटिल क्षणों में पांव रखते समय उस आलोक को साथ में रख लिया गया तो उनके मार्ग में कहीं भी अवरोध, तनाव एवं संकट नहीं आ सकेगा। क्योंकि मोदी के ये गुरुमंत्र उनकी समर्थता, सिद्धता, अनुभव एवं साधना से उपजे हैं जो छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के लिये भी रामबाण औषधि की तरह हैं। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव दोनों होता है, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम करते हैं। इस वर्ष भारत मंडपम, आईटीपीओ, नई दिल्ली में हुए इस अनूठे एवं प्रेरक कार्यक्रम में जहां तकरीबन 4,000 छात्रों ने हिस्सा लिया, वहीं लगभग 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए थे, जो एक रिकॉर्ड है। यह परीक्षा पर चर्चा का 7वां संस्करण है, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत करते हुए परीक्षाओं को तनाव का कारण न बनने देने की सीख दी। इस विलक्षण प्रयोग एवं उपक्रम में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं के पंख खोले। वे परीक्षा से जुड़े अनेक संदेहों, शंकाओं एवं डर को लेकर यहां आये, लेकिन लौटते समय उन चेहरों पर संतोष की झलक थी। उन्होंने कुछ अद्भुत या मौलिक, समाधानकारी एवं प्रभावी पाया या नहीं, लेकिन जितना पाया वह उनकी उम्मीद से अधिक था। वे ही नहीं, भारत के असंख्य छात्रों एवं परीक्षार्थियों के लिये यह आयोजन नवऊर्जा एवं नयी दिशाओं के उद्घाटन का माध्यम बना है, जहां से छात्रों के जीवन में व्यापक परिवर्तन, उत्साह एवं जिजीविषा की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई है। प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते हैं कि पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे हैं, लेकिन 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। 'परीक्षा पे चर्चा' की



**भारत में परीक्षा का तनाव इतना घातक है कि इसके तनाव से छात्र खुदकुशी तक कर लेते हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक परीक्षा में फेल होने के कारण साल 2014 से साल 2020 के बीच कुल 12,582 छात्रों ने आत्महत्याएं की हैं।**

विशेषता यह है कि इससे जुड़े प्रतिभागी किसी खास वर्ग, क्षेत्र, उम्र, जाति या धर्म के न होकर भारत के सभी राज्यों से लेकर विदेश तक के जूनियर और सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संवाद की व्यापकता विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर में अपनी बात को केवल परीक्षा तक ही सीमित न कर उसे जीवन से जोड़ देती है। विद्यार्थी जीवन में आने वाली अनेक समस्याएं प्रायः किसी न किसी रूप में जीवन के दूसरे पड़ाव में भी जरूर आती हैं। नरेन्द्र मोदी के शब्दों का जादू और भारत की शिक्षा को ऊंचाई तक ले जाने की तड़प ने एक-एक छात्र एवं शिक्षक को भीतर तक हिला दिया। इस अभिक्रम को देख कुछ लोग तो आश्चर्य में डूब गये क्योंकि मोदी ने शुरुआत में ही कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक नवोन्मेषी हो गए हैं, इसलिये यह कार्यक्रम मेरे लिए भी एक परीक्षा की तरह है। उन्होंने माता पिता से कहा कि आपको किसी बच्चे की तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। कुछ माता-पिता अपने बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड' को अपना 'विजिटिंग कार्ड' मानते हैं, यह ठीक नहीं है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। इसके लिये उन्होंने प्रेरणा, आत्मविश्वास, एकाग्रता, आशा, उत्साह, समय और तनाव प्रबंधन आदि ऐसे अनेक विषयों पर बोला जो विद्यार्थी से लेकर आम व्यक्ति के जीवन को उजालने के लिये जरूरी है। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान मोदी से सवाल हुआ कि छात्रों को प्रेरित करने में शिक्षकों की क्या भूमिका होनी चाहिए और छात्रों को किस तरह से तनावमुक्त रखना चाहिए? मोदी ने कहा कि किसी भी शिक्षक और छात्र के बीच परीक्षा को लेकर सिर्फ नाता नहीं होना चाहिए, अगर ऐसा है तो उसे ठीक करने की जरूरत है। शिक्षक और छात्र का नाता पहले दिन से ही निरंतर प्रगाढ़ता से बढ़ते रहना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो परीक्षा के दिनों में तनाव की नौबत ही नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के तनाव को कम करने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। इसलिए शिक्षक और छात्रों के बीच हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहना चाहिए। शिक्षक का काम सिर्फ जॉब करना नहीं, बल्कि जिंदगी को संवारना है, जिंदगी को सामर्थ्य देना है, यही परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक को सिलेबस से आगे बढ़कर छात्रों से संग रिश्ता बनाना चाहिए। इसी से छात्रों के उन्नत, सक्षम, प्रखर एवं चरित्रसम्पन्न जीवन की संभावनाओं का धरातल मजबूत होगा और इसी से वे वर्चस्वी और यशस्वी बनेंगे।

## एक्सप्रेस कविता

*अजनबी लोग, अजनबी यहां बसेरा,*
*हवाएं जाएंगी जहां, हमारा वहां सवेरा।*
*चंद पल के अंधेरों से ओझल नहीं सूरज,*
*रवि फिर चमकेगा सजेगा नया सवेरा।*
*नन्ही चिड़ियों का होगा मीठा कलरव,*
*बसेगा सांवली जिंदगी का रुपहला सवेरा।*



*तमस नहीं कोई अंतिम*
*परिणति, नन्हें हाथ*
*लाएंगे सूरज का सुनहरा*
*चेहरा, फिर महकेंगे बाग,*
*उपवन और कलियां,*
*भँवरो के गुंजन से*
*लजाएगा यौवन का*
*सवेरा।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*हुनर तो सब में होता हैं फर्क बस*
*इतना होता हैं किसी का छिप जाता*
*हैं तो किसी का छप जाता हैं*

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 11:35 तक |
| नक्षत्रः | हस्त 25:01 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | सुकर्माण, 11:36 |
| सूर्योदयः | 07:14 |
| सूर्यास्तः | 17:54 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 12:34-13:54 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### बदल रही तस्वीर !


*संगठन में इनके लगता ।*
*आ रही दरार ।।*
*फिर भी होगा देखना ।*
*कौन पहनता हार ।।*
*धीरे धीरे शायद ।*
*बदल रही तस्वीर ।।*
*खबर रही है उड़ ।*
*है सारे ही वीर ।।*
*हारते ना हिम्मत हैं ।*
*ना खुले बस पोल ।।*
*एक दूसरे को भले ।*
*रहें घुमाते गोल ।।*
*शानदार अंदाज़ है ।*
*पर अंदर कोहराम ।।*
*रुक रुक कर कभी कभी ।*
*है आता पैग़ाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वजन कम करने के लिए पिएं लौंग और अदरक की चाय



**आज** मोटापे को कम करने के लिए लोग न जाने कितने प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, वजन बढ़ने की वजह से लोगों को कई तरह के रोग होने की संभावना बढ़ गई हैं। मोटापे के कारण आज छोटी उम्र में ही लोगों को डायबिटीज और ब्लड प्रेशर से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मोटापा लोगों में कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोगों की भी एक बड़ी वजह माना जाता है। इसलिए डॉक्टर मोटापे को कंट्रोल करने की सलाह देते हैं। यही, वजह है कि घंटों जिम में पसीना बहाते दिख जाएंगे। इसके अलावा, कई घरेलू उपायों से भी वजन को आसानी से कम किया जा सकता है।

**मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करें:** लौंग और अदरक दोनों में पाए जाने वाले कम्पाउंड मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में सहायक होते हैं। अदरक में जिंजरोल होता है, यह कैलोरी को तेजी से बर्न करता है और बार-बार भूख लगने को कम करता है। वहीं, लौंग में यूजेनॉल पाया जाता है, यह मेटाबॉलिज्म को बेहतर करने का कार्य करता है। इन दोनों की चाय से कैलोरी बर्न होने के साथ ही मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है।

**ब्लड शुगर को नियंत्रित करें:** वजन को कंट्रोल कनरे के लिए ब्लड शुगर के स्तर को संतुलित बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है। अदरक और लौंग की चाय इस संतुलन में मुख्य भूमिका निभाती है। अदरक ब्लड शुगर के स्तर को कम करने और इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करने में सहायक होता है। यह ग्लूकोज में स्पाइक्स को रोकने में मदद कर सकता है। वहीं, लौंग में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। एंटीऑक्सीडेंट्स भी ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में सहायक होते हैं।

**भूख को शांत करना:** भूख को कंट्रोल कर आप वजन को तेजी से कंट्रोल कर सकते हैं। अदरक और लौंग की चाय से आपकी भूख कंट्रोल होती है और आपको बार-बार खाने की इच्छा नहीं होती है। इससे आप बाहर का खाना खाने से बच जाते हैं। बाहर की जंक फूड आपके शरीर का वजन बढ़ाने का कार्य करता है।

**एंटी-इंफ्लेमेटरी:** अदरक और लौंग में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। यह सूजन को कम करने में सहायक होते हैं। लंबे समय से होने वाली सूजन मेटाबॉलिज्म को प्रभावित कर सकती है। जिससे वजन का बढ़ सकता है। ऐसे में आप अदरक और लौंग को डाइट में शामिल कर सकते हैं। अदरक और लौंग की चाय आपके वजन को कंट्रोल करने में मददगार साबित हो सकती है। बेहतर रिजल्ट पाने के लिए आप रोजाना सुबह खाली पेट इस चाय को पी सकते हैं। इससे आपका मोटापा तेजी से दूर होगा और आप फिट और सेहतमंद बन सकते हैं।

### लौंग अदरक की चाय कैसे बनाएं

- एक पैन में 2 कप पानी डालकर उबालें।
- उबलते पानी में कसा हुआ अदरक और साबुत लौंग डालें।
- उबाल आने तक आंच धीमी कर दें।
- जब पानी आधा रह जाए तो गैस को बंद कर दें।
- इसके बाद आप चाय को छान लें।
- अगर, आपको इसका स्वाद पंसद न आए तो आप इसमें शहद मिला सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# जंगलराज से बिहार का बचाव



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**नीतीश के नेतृत्व में सरकार को जन आकांक्षा के अनुरूप चलाया जा रहा था। राजद का पूरा कुनबा ही घोटालों के आरोप में घिरा है। नीतीश ने जब पहली बार पाला बदल कर राजद के साथ सरकार बनाई थी, तब भी राजद ने अपनी मूल प्रकृति का परित्याग नहीं किया।**

**नीतीश कहा कि कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह पर लगे आरोपों के बारे में उनको कोई जानकारी नहीं थी। जबकि उनके खिलाफ अपहरण के एक मामले पर कोर्ट ने वारंट जारी किया था। यह अकेला मामला नहीं था। नीतीश सरकार में आधा दर्जन से ज्यादा क्रिमिनल और हिस्ट्रीशीटर शामिल थे। राजद की समस्या यह थी कि वह अच्छी छवि वाले विधायक लाए भी कहां से। इस पार्टी में ऐसे लोगों का ही वर्चस्व है।**

**यह** सही है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा के अनेक नेताओं ने नीतीश कुमार के लिए पार्टी के दरवाजे बंद रखने का ऐलान किया था। यह नीतीश के परिवारवाद और घोटाले के आरोपों से घिरी राजद के पाले में जाने के बाद लिया गया था। लेकिन आज उसी बिहार को परिवारवाद, भ्रष्टाचार घोटालों से बचाने के लिए भाजपा को निर्णय बदलना पड़ा। यह निर्णय उस विचार के अनुरूप है कि राष्ट्र और जनहित पहले, पार्टी बाद में। बिहार का हित इसी में था। भाजपा ने भारत रत्न से विभूषित कर्पूरी ठाकुर के विचारों पर अमल किया। बिहार को परिवारवाद के वर्चस्व की तरफ बढ़ने से रोक दिया। कर्पूरी ठाकुर परिवारवाद और भ्रष्टाचार के घोर विरोधी थे। वह जिस झोपड़ी में जन्मे थे, वही जीवन के अंत तक उनकी संपत्ति थी। जबकि वह दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री, एक बार उप मुख्यमंत्री, एक बार सांसद बने। दशकों तक विधायक रहे। वह उस समय जनसंघ के सहयोग से ही मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बने थे। आज नरेन्द्र मोदी सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान दिया है। उनके विचारों को भी सम्मान दिया है। बिहार को राजद के परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बचाने का कार्य किया है। राजद प्रमुख अपने पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लिए नीतीश पर निर्णायक दबाव बना चुके थे। जातिगत जनगणना के बाद से लालू यादव का नीतीश पर मुख्यमंत्री पद छोड़ने का दबाब ज्यादा बढ़ गया था, क्योंकि जातिगत जनगणना से उनका एमवाई समीकरण मजबूत दिखाई दे रहा था। दूसरी तरफ नीतीश कमजोर दिखाई देने लगे थे। नीतीश कुमार को आत्मचिंतन अवश्य करना चाहिए। भाजपा के साथ केंद्र में मैत्रीपूर्ण फिर मुख्यमंत्री रहते हुए उनकी सुशासन बाबू की छवि बनी थी। वह छवि राजद से हाथ मिलाते ही चौपट हो गई। नीतीश को अपनी धूमिल हो चुकी छवि को संवारने का एक और अवसर मिला है। बिहार की राजनीति में भाजपा और राजद दो विपरीत ध्रुव हैं। भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा और कैडर आधारित पार्टी है। दूसरी तरफ राजद परिवार आधारित पार्टी है। इसके संस्थापक मुख्यमंत्री रहते हुए ही घोटालों के सरताज बने। उस समय उनके पुत्र छोटे थे। इसलिए अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया था। लालू यादव आज भी वहीं है। अब उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता। छोटे पुत्र तेजस्वी बड़े हो गए। नीतीश कुमार को वही डील कर रहे थे। कहने को तेजस्वी उपमुख्यमंत्री थे। लेकिन नीतीश के मुकाबले लगभग दो गुना संख्याबल था। ऐसी सरकारें खास अंदाज में चलती हैं। मुख्यमंत्री को अपने उप मुख्यमंत्री की कृपा पर निर्भर रहना पड़ता था। भाजपा और जेडीयू की बात अलग थी। दोनों ने मिलकर चुनाव था। गठबंधन के नेता नीतीश कुमार थे। उन्हीं को भावी मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इसी गठबंधन को जनादेश मिला था। इसमें भी जेडीयू का संख्याबल भाजपा से कम था। लेकिन भाजपा ने जनादेश का सम्मान किया। नीतीश के नेतृत्व में सरकार को जन आकांक्षा के अनुरूप चलाया जा रहा था। राजद का पूरा कुनबा ही घोटालों के आरोप में घिरा है। नीतीश ने जब पहली बार पाला बदल कर राजद के साथ सरकार बनाई थी, तब भी राजद ने अपनी मूल प्रकृति का परित्याग नहीं किया। उस सरकार में तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे। उनके बड़े भाई स्वास्थ्य मंत्री थे। दोनों मिल कर लालू यादव की विरासत को बढ़ाने जुटे थे। सुशासन बाबू यह देख कर बेचैन हो गए थे। उन्हें लगा भाजपा के साथ रहकर जो छवि निर्मित हुई थी, सब तार-तार हुई जा रही है। इसलिए नीतीश कुमार उस गठबंधन से पीछा छुड़ाकर भाजपा में वापस आ गए थे। नीतीश और लालू परिवार के बीच फिर अमर्यादित आरोपों की बौछार शुरू हो गई थी। ऐसा लगा जैसे नीतीश अब कभी लालू के कुनबे की तरफ पलट कर नहीं देखेंगे। लेकिन फिर बेतलवा डाल पर की कहावत चरितार्थ हुई थी। फिर हमप्याला हो गए। मगर इस बार राजद ने अपरोक्ष रूप में नीतीश कुमार को औकात बता दी और यह संदेश दिया कि उन्हें राजद के हिसाब से ही सरकार चलानी होगी। नीतीश ने भी इस संदेश को शिरोधार्य कर लिया। नीतीश को शुरुआत में ही बता दिया गया राजद कोटे के मंत्रियों पर लगे आरोपों पर वह मौन रहेंगे। सरकार में बिहार में नए कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह को लेकर विवाद शुरू हो गया था। इस पर नीतीश कुमार पूरी तरह लाचार दिखाई दिए। तब नीतीश ने कहा कि विवादित या आरोपी मंत्रियों पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव निर्णय लेंगे। बार-बार पाला बदलने के बाद नीतीश कुमार में इतना भी नैतिक साहस नहीं बचा था। उन्होंने मान लिया था कि राजद कोटे के सभी मंत्रियों के लिए तेजस्वी ही अघोषित मुख्यमंत्री हैं। नीतीश केवल अपनी कुर्सी और अपनी पार्टी के मंत्रियों के क्रियाकलाप देखेंगे।

# टूटेगा प्रधानपति का अहंकार, पीड़िता को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास

## पीड़िता का मामला है महत्वपूर्ण सीडीओ को दिया आदेश, बीडीओ अथवा एडीओ स्वयं जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करें : डीएम खीरी

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** मैं विकलांग हूं ठंड से पीड़ित हूं न घर है न ठिकाना ईंटों पर टीन डाल कर बनाया अपना ठिकाना जिला अधिकारी से पीड़िता ने सुनाई अपनी दास्तान जिला अधिकारी खीरी ने पीड़िता की पूरी बात को समझा और उसको गंभीरता से लिया और सीडीओ और बीडीओ व एडीओ को पूरे मामले में जांच कर कार्रवाई की जाए और पीड़िता को कम्बल भी जिला अधिकारी द्वारा दिया गया। पीड़िता को न्याय की उम्मीद जागी और पीड़िता को पूर्ण विश्वास है कि मामले की गंभीरता और मानकों को ध्यान में रखकर जांच हुई तो दुनिया में किसी की ताकत नहीं जो हमको प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास लेने से रोक सके पीड़िता का आत्मविश्वास देखकर ऐसा प्रतीत होता है। निष्पक्ष जांच हो तो पीड़िता को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल जाएगा चाल पर चाल चली जा रही जाल पर जाल बिछाए जा रहे प्रधान पति के लिए यह वर्चस्व की लड़ाई है अगर पीड़िता को आवास मिल गया तो प्रधान की साख पर बट्टा लगेगा पीड़िता को हर तरह से मजबूर किया जा रहा है। क्या प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रधानपति मोहम्मद वसीम बेडा ग़र्क करेगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना हर गरीब का घर हो अपना का सपना है। क्या प्रधान पति मोहम्मद वसीम प्रधानमंत्री आवास योजना का सपना जो हर गरीब देख रहा उसे पूरा नहीं होने देगा बताते चलें ब्लाक फ़ूलबहेड की

**✻ पात्र हूं आवास लेकर रहूंगी पीड़िता किसी भी हाल में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं लेने दूंगा प्रधान पति मोहम्मद वसीम वर्चस्व की लड़ाई मे प्रधान पति झूकने को तैयार नहीं पात्र हूं प्रधानमंत्री आवास लेकर रहूंगी चाहे जितना दौड़ना पड़े पीड़िता और प्रधान पति के बीच विवाद अपने शबाब पर**



ग्राम पंचायत ओदरहना जनपद लखीमपुर खीरी की रहने वाली 45/प्रतिशत विकलांग पीड़िता के पति को ससुराल में 6 फुट चौड़ा और 50 फुट लम्बा हिस्सा मिला था पीड़िता के दो पुत्र एक पुत्री एवं स्वयं पति पत्नी कुल मिलाकर 5 लोग उक्त हिस्से में नहीं रह सकते इसलिए पीड़िता ने अपने पति के उक्त हिस्से को अपने जेठ को देते हुए उनसे सहयोग लेकर एव ऊधार कर्ज लेकर दिनांक 21-9-2021 बही संख्या 1 जिल्द संख्या 14611 के पृष्ठ 71 से 84 तक क्रमांक 18043 पर एक प्लाट का बयनामा कराया पीड़िता व उसके पति के पास इसके अतिरिक्त कोई भी भूमि नहीं है दोनो भूमिहीन है पीड़िता उक्त प्लाट में टीन डाल कर अपने परिवार के साथ अत्यंत गरीबी के साथ रह रही एक वर्ष पूर्व पीड़िता ने प्रधानमंत्री आवास योजना में आवेदन किया पीड़िता का आवास पास हो गया और लिस्ट में नाम भी था पीड़िता के पति से चुनावी रंजिश मानने वाला प्रधान पति मोहम्मद वसीम ने सेक्रेटरी आकांक्षा जायसवाल से मिलकर विकलांग पीड़िता को आवास से वंचित कर दिया जबकि लिस्ट में नाम था नाम लिस्ट से हटाकर यह रिपोर्ट विभागीय अधिकारियों को भेजी पीड़िता के पति का पक्का मकान है।पीड़िता के पति का कहीं भी कोई मकान व भूमि नहीं है जो जांच का विषय है अगर होता तो पीड़िता इतनी कंपकंपाती ठंड में प्लाट में टीन डालकर क्यों रहती जहां सर्द हवाओं के चलते जीना मुहाल है। पीड़िता 100/प्रतिशत पात्र हैं और विकलांग है उसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। प्रधान पति ने अपनी चुनावी रंजिश में पीड़िता का लिस्ट से नाम हटा दिया पीड़िता के पति ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई प्रधान पति ने खुले शब्दों में ऐलानिया कह दिया मोदी योगी भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं दिला सकते कहीं जाओ मैंने कह दिया तो कह दिया पीड़िता का पति प्रधान पति की बातो से इतना हताश हो गया बोला प्रधान पति किसी हालत में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं दिलाने देगा मेरा जो मकान नहीं है भाईयों का मकान है बार बार वही मकान दिखाकर झूठी रिपोर्ट लगवा देता न कोई सच्चाई देख रहा न कोई मेरा दर्द मेरी गरीबी ही मेरी किस्मत गरीबों को पक्का मकान नसीब नहीं होगा यह कहते हुए पति ने मोबाइल तोड़ सारे कागजात जला दिया पति की हताशा और प्रधान पति की प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता लगातार दौड़ रही है उच्च अधिकारियों के चक्कर काट रही है प्रधान पति कह रहा था मोदी योगी किसी के पास जाओ आवास नहीं मिलेगा तो नहीं मिलेगा ऐसा ही लग रहा है। प्रधान के रसूक के आगे पीड़िता की न्याय की किरण ओझल होती जा रही है देखते हैं पीड़िता को न्याय मिलता है की इसी तरह धमकियां मिलती रहेगी और एक दिन यही धमकियां हकीकत में बदल जाएगी और पीड़िता की आह भी दब जाएगी।लेकिन पीड़िता सच्चाई पर चलकर प्रधान के झूठ व झूठी आख्या लगाने वाले विभागीय अधिकारियों को बेनकाब कर के दम लेगी। खबर लिखे जाने तक पूरा दिन विकास भवन में बैठी रही पीड़िता लेकिन डीएम द्वारा प्रार्थना पत्र पर किये गये आदेश की प्रति सीडीओ को नहीं दे पाई।

# जनपद के 15 डायग्नोस्टिक सेंटर और अल्ट्रासाउंड सेंटर के पंजीयन निरस्त, एक ने किया सरेंडर

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



जनपद में नियम-कायदे दरकिनार कर अनियमित तरीके से संचालित किए जा रहे 15 डायग्नोस्टिक सेंटर और अल्ट्रासाउंड सेंटर के पंजीयन निरस्त किए गए हैं। जबकि एक डायग्नोस्टिक सेंटर के केंद्र संचालक की मृत्यु होने के कारण पंजीयन सरेंडर किया गया है।निरस्त किए गए सेंटरों की जांच में खुलासा हुआ है कि इनमें हजारों किलोमीटर दूर महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत में बैठे डॉक्टर व तकनीशियन के कागज लगाकर संचालित किया जा रहा था। हकीकत में इन सेंटरों में अप्रशिक्षित लोगों द्वारा जांच कर मरीजों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा था। बताते चलें कि जिले में फर्जी व अवैध तरीके से अस्पतालों के साथ ही डायग्नोस्टिक और अल्ट्रासाउंड सेंटर बड़े पैमाने पर चलाए जाने की शिकायतों के बाद इनकी जांच कराई गई थी। पिछले महीनों स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अभियान चलाकर कार्रवाई की थी।जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने जांच पड़ताल करने के बाद जिले के 15 डायग्नोस्टिक सेंटर और अल्ट्रासाउंड सेंटर के पंजीयन को निरस्त कर दिया है, जो अब तक की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।इनमें जिन डॉक्टरों व तकनीशियन के कागज लगाकर पंजीयन कराया गया था, उनके स्थान पर अप्रशिक्षित लोगों द्वारा जांच की जा रही थी। जैसे मितौली में स्थित पीहू मितौली अल्ट्रासाउंड सेंटर को महाराष्ट्र के थाणे भयंदर की डॉ खान शाहीन बानो के नाम पर चलाया जा रहा था।मितौली में ही वंश डायग्नोस्टिक सेंटर को राजस्थान के जयपुर निवासी डॉ मीना संजू के नाम पर चलाया जा रहा था। इसी तरह धौरहरा में सेवा डायग्नोस्टिक सेंटर को मध्य प्रदेश के कोटमा अन्नूपुर निवासी डॉ सोम शंकर पांडेय के नाम पर संचालित किया जा रहा था। इसके अलावा अन्य सेंटरों में लखनउ, संभल, मुरादाबाद, बनारस निवासी डॉक्टर तकनीशियन के नाम पर पंजीकरण कराया गया था। साथ ही अन्य तरह की अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा कमेटी ने तीन नए डाग्नोस्टिक सेंटर और एक अल्ट्रासाउंड सेंटर खोलने की मंजूरी भी दी है।जबकि सात हास्पिटल, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर, अल्ट्रासाउंड सेंटर के पंजीकरण का नवीनीकरण किया है। वहीं शहर के सन डायग्नोस्टिक सेंटर अस्पताल रोड के केंद्र संचालक की मृत्यु होने के चलते पंजीयन सरेंडर किया गया है।

# शिक्षक व विद्यार्थियों द्वारा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रृद्धांजलि दी गई

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



महात्मा गांधी की पुण्य तिथि 30 जनवरी के अवसर पर युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर-खीरी में प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल के निर्देशन में शिक्षक व विद्यार्थियों द्वारा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रृद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर निधि गौतम व स्नेहा रस्तोगी द्वारा गांधी राम धुन का काव्य पाठ किया गया। तत्पश्चात अर्थशास्त्र विभाग एवं दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा गांधी जी की प्रासंगिकता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति पंत ने गांधी जी के सपनों के ग्रामीण भारत को आत्म निर्भर बनाने के लिये ग्रामोद्योग व विकेन्द्रीकरण के प्रयासों पर चर्चा कर किया। दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चन्द्रा ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध विभीषिका एवं समसामयिक विवादों को देखते हुए महात्मा गांधी के अहिंसा विचार व सत्याग्रह प्रणाली को सम्पूर्ण विश्व के लोगों को शांति एवं बसुधैव कुटुम्बकम की ओर ले जाने में उपयोगी बताया। साथ ही उन्होंने युवा विद्यार्थियों से अपील की कि वे गांधी वैचारिकी का सतत अध्ययन करें। इसी क्रम में प्रो. एस.के. पाण्डेय ने गांधीवादी आर्थिक विचार, कुटीर उद्योग व वर्तमान पूँजीवादी उद्योगों के मध्य अंतरसम्बन्धों पर विचार प्रकट किये। असि, प्रोफेसर सौरभ वर्मा ने भारतीय स्वतंत्रा आंदोलन में गांधी जी द्वारा किये गये आंदोलन को रेखांकित किया। विचार गोष्ठी में काव्य शुक्ला, शाहरूख, अंशिका, लायबा अंसारी, लकी, निशा व दिव्या सिंह ने भी गांधी जीवन दर्शन पर विचार प्रस्तुत किये। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. डी.एन. मालपानी ने कहा कि वर्तमान में रोजगार की समस्या को दृष्गित रखते हुए महात्मा गांधी के आर्थिक विचार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ कर रोजगार उपलब्ध कराने में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. विशाल द्विवेदी, प्रो. सत्यनाम, प्रो. मनोज मिश्र, डॉ. आर.पी.एस. तोमर, डॉ. इष्ट विभु, मनोज कुमार, दीपक कुमार बाजपेई, मानवेन्द्र यादव, धर्म नारायण, सतेन्द्र पाल सिंह, मो. आमिर डॉ. अमित सिंह सहित बढ़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# संकटा देवी मंदिर के सामने स्थित सुभाष पार्क में ओपेन जिम का लोकार्पण किया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




मंगलवार को केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' के द्वारा गेल इण्डिया के सी0एस0आर0 फण्ड योजना के अन्तर्गत लोकसभा खीरी के नगर पंचायत/नगर पालिका/विकासखण्डों में 20 ओपेन जिम लगाई जा रही है जिसमें आज संकटा देवी मंदिर के सामने स्थित सुभाष पार्क में ओपेन जिम का लोकार्पण किया। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने संकटा देवी मंदिर के सामने स्थित सुभाष पार्क में गेल इण्डिया के सी0एस0आर0 फण्ड योजना के अन्तर्गत निर्मित ओपेन जिम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ओपेन जिम का उद्देश्य यह है कि लोगों को सुबह टहलने के साथ-साथ कसरत करके स्वास्थ्य का लाभ ले सके। इस ओपेन जिम को जिलेवासियों को समर्पित कर रहा हूं। इस ओपेन जिम में सिट अप बेंच एबडोमिनल सिट अप, डबल क्रास वॉकर, लेग प्रेस लेग सेपर, हेंड रोवर, क्रास टेऊनर, एक्सरसाइज बार्स एवं पैरेलेल बार आदि उपकरणों को लगाया गया है। इस कार्यक्रम में विधायक सदर योगेश वर्मा, नगर पालिका परिषद लखीमपुर अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार, नगर पालिका परिषद लखीमपुर अध्यक्ष डा0 इरा श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय', सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र त्रिपाठी 'जीतू' एड0, सांसद प्रवक्ता अम्बरीष सिंह, अरविन्द गुप्ता, राजू अग्रवाल, एस0के0 सिंह, संजय गिरि, वीरपाल मिश्रा, राहुल चौरसिया, सुरेन्द्र कश्यप, मयंक कश्यप, मधुकर मौर्या, सूरज पाण्डेय सहित भारी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर अर्पित किए गए श्रद्धा सुमन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष प्रह्लाद पटेल की अगुआई में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये तत्पश्चात शहर के विभिन्न मार्गो से होकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में पदयात्रा की गई। जिला अध्यक्ष श्री प्रह्लाद पटेल ने कहा आज गांधी जी हम लोगों के बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार आज भी जीवित हैं द्य सत्य- अहिंसा का नारा हम सभी लोगों को अपनाना है द्य आज देश और प्रदेश की भाजपा सरकार संविधान को खत्म कर देना चाहती है जिसे हम कॉंग्रेस जन महात्मा गाँधी के सिद्धांतो पर चलकर कभी कामयाब नही होने देंगे। पूर्व सांसद रवि वर्मा ने कहा, गांधी जी के पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है द्य गांधी जी ने देश की आजादी दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई द्य पूरे देश में सभी लोगों के अंदर आजादी का जज्बा पैदा किया। शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिवेदी ने कहा महात्मा गांधी एक नाम नहीं आंदोलन थे द्य देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में हर्ष और उल्लास के साथ गांधी जी के विचारों को स्वीकार किया जाता है इस अवसर पर रामकुमार मिश्र, अकील खान, मतीन शाह सचिन शाह, नवाज खान, अंकित शुक्ला, किरण पटेल, अब्दुल रहीम ,सत्यबंधु गौड़, आफताब अंसारी, कादर खान, प्यारेलाल ,राजू पंकज, नमामि शंकर, अब्दुल कयूम, प्रेम वर्मा , के के मिश्रा, राजेंद्र गुप्ता ,बृजेश यादव, अब्दुल रहीम, किशन कश्यप, लतीफ आजम, के के मिश्रा ,रवि तिवारी सहजेंद्र दीक्षित ,संजय गोस्वामी, सरोजिनी अवस्थी,सोनू कश्यप, विजय कुमार आदि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

# जिला अस्पताल की तीन मंजिला इमारत पर चढ़ी युवती, छत से कूदने की धमकी दे काटा हंगामा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मंगलवार सुबह ओयल स्थित जिला अस्पताल में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब एक युवती अस्पताल की तीन मंजिला इमारत पर चढ़ गई। वहां से कूदकर आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। इसकी जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। फौरन पुलिस और अग्निशमन को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद युवती को नीचे उतारा गया। युवती मानसिक मंदित बताई गई है,जिसे इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। जिला अस्पताल के सीएमएस आईके चंदानी ने बताया कि पटेल नाम की युवती सोमवार शाम को किसी मरीज के साथ 108 एंबुलेंस से आई थी। मंगलवार सुबह वह तीसरी मंजिल पर चढ़ गई और वहां से कूदने की धमकी देने लगी। सीएमएस ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को बुलाकर युवती को नीचे उतारा गया। मेडिकल जांच में मानसिक मंदित पाई है। उसे इलाज के लिए लखनऊ भेजा गया है।

# जिले में जारी लक्ष्य से अधिक राशनकार्ड के बाद भी जारी हो रहे राशनकार्ड

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**✻ पात्र लाभार्थियों के नही जारी किए जा रहे राशनकार्ड**

जनपद में पूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के आदेश को नहीं माना जा रहा है और विभागीय अधिकारियों ने जिलाधिकारी के आदेशों को दरकिनार किया जा रहा है।राशनकार्ड में यूनिट बढ़वाने को लेकर विधवा महिला की शिकायत पर पूर्ति विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं है।पूर्ति निरीक्षक मिश्रित की मनमानी के कारण राशनकार्ड बनवाने के लिए लाभार्थी भटक रहे हैं और मिश्रित पूर्ति विभाग के निरीक्षक की लापरवाही का खामियाजा गरीब पात्र लाभार्थी भुगतने पर मजबूर हो रहे हैं जबकि पूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा सीएम की जनसुनवाई पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत में फर्जी निस्तारण आख्या लगाई जा रही है।विभाग के अधिकारी पूर्ति निरीक्षक नीतेश मिश्रा ने ऑनलाइन शिकायत में लगाई गई रिपोर्ट में बता रहे की जिले में राशनकार्ड का लक्ष्य पूरा हो चुका है इसलिए कोई भी नया राशनकार्ड जारी नहीं किया जा सकता है और न ही यूनिट बढ़ाए जा सकते हैं वहीं बात करें तो जनपद में लक्ष्य पूरा होने के बाद फिर नए राशनकार्ड कैसे जारी किए गए हैं और तहसील मिश्रित के अंतर्गत ही नए राशनकार्ड जारी हुए हैं ऐसे में क्या पूर्ति विभाग के अधिकारी मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण योजना में लापरवाही कर रहे हैं और झूठी रिपोर्ट लगाकर सरकार की छबि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं।पूर्ति विभाग मिश्रित के अंतर्गत ग्राम पंचायत में नए कई राशनकार्ड जारी किए गए हैं।तहसील मिश्रित के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अकबरपुर में जदूरानी पत्नी नरायण का राशनकार्ड अंतिम अंक 0478 दिनाँक 04.11.23 में जारी किया गया है और रामकिशोर पुत्र अपुन का राशनकार्ड संख्या 4054 दिनाँक 23.12.23 में जारी किया गया है,सीमा देवी पत्नी कौशल किशोर का राशनकार्ड 6329 दिनाँक 26.12.23 को जारी किया गया है वहीं पूर्ति निरीक्षक नीतेश मिश्रा विभाग में मनमाने तरीके से कार्य कर रहे हैं और शासन के आदेशों को दरकिनार कर रहे हैं।एक शिकायत के संबंध में पूर्ति विभाग के निरीक्षक नीतेश मिश्रा ने दिनाँक 12.10.23 को आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में अपने दिए गए जांच आख्या में कहा कि जिले में राशनकार्ड जारी करने का लक्ष्य पूरा हो चुका है किन्तु अब प्रश्न यह उठता है कि अगर लक्ष्य पूरा हो गया था तो दिए गए निस्तारण जवाब के बाद फिर राशनकार्ड किस प्रकार से जारी किए गए हैं इससे ऐसा प्रतीत होता है कि क्या पूर्ति निरीक्षक मिश्रित मनमाने ढंग से विभागीय कार्य कर रहे हैं और भ्रष्टाचार का बढावा देने का काम कर रहे हैं।इस प्रकार पूर्ति विभाग मिश्रित के अंतर्गत न जाने कितने राशनकार्ड जारी किए गए होंगे यह जांच का विषय बना हुआ है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जिला वन संरक्षण अधिकारी को दिया शिकायती पत्र, चोरी से काट लिए गए पेड़

जन एक्सप्रेस/मिश्रित सीतापुर। विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायत मुड़ियारा के मजरा शिवपुरी निवासी अरुण त्रिपाठी पुत्र रमेश चंद्र त्रिपाठी ने जिला वन संरक्षण अधिकारी को रजिस्टर्ड डाक से एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। कि ग्राम भिठौली से मुड़ियारा जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ वन विभाग की संरक्षित भूमि स्थित हैं। जिसमें वन विभाग द्वारा बबुरी आदि के पेड़ लगवाए गए थे। इसी वन विभाग की भूमि के पास पीड़ित का खेत स्थित है। जिसमे उसने आवारा पशुओं से फसल की सुरक्षा हेतु अपने खेत के चारों तरफ रस्सी बांध रखी थी। परन्तु गांव के ही निवासी गोधन पुत्र नत्था व उनका परिवार खेत के पड़ोस में वन विभाग की भूमि से सैकड़ो वृक्षों को रात के अंधेरे में चोरी से काटकर बेंच लिया है । वह पीड़ित की फसल भी नष्ट कर रहे है। पीड़ित का आरोप है। कि आरोपी अनुसूचित जाति के व्यक्ति हैं। जो जंगल में चोरी से कच्ची शराब की भट्ठियां चलाकर अवैध शराब का भी निर्माण कार्य कर रहे हैं। पीड़ित व्यक्ति व्दारा इस बात का विरोध करने पर सभी आरोपी अश्लील गालियां देते हुए फर्जी हरिजन ऐक्ट लगवाने की धमकी देकर आमादा फौजदारी हो जाते हैं। इस लिए पीड़ित व्यक्ति ने जिला वन संरक्षण अधिकारी को मामले का शिकायती पत्र देकर सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की हैं।

### विषाक्त पदार्थ खाने से वृद्ध महिला की हुई मौत

जन एक्सप्रेस/अनुज गुप्ता/भीरा-खीरी। थाना भीरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मनहरिया में 60 वर्षीय सावित्री देवी ने अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिसके चलते महिला की मौत हो गई। मामले की जानकारी मृतका के पुत्र पवन कुमार ने भीरा पुलिस को दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### इनर व्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नव दिशा ने ट्रैफिक पुलिस के साथ लगाए रिफ्लेक्टर

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। इनर व्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नव दिशा की तरफ से ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से ट्रैक्टर और ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाए गए,आज कल अक्सर देखा गया कई ट्रक,ट्राली,वाले लोगो की जान की परवाह किए बिना अपनी ट्रक, ट्राली में बिना रेडियम लगाए चलते है इस से अंधेरे और कोहरे में कई बार दुर्घटनाएं हो जाती इस बात को इनर व्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नव दिशा ने ध्यान में रखते हुए पहल की और शहर से गुजरने वाली हर ट्रक ट्राली में रेडियम लगाने का काम किया ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एल आर पी चौराहे पे ट्रक,ट्रालियों को रोक कर उसमे रेडियम लगाई गई इस मौके पे क्लब अध्यक्ष कुमकुम गुप्ता कोषाध्यक्ष सरिता सिंह आई. एस.ओ नीतू अग्रवाल पास्ट प्रेसीडेंट शालिनी गुप्ता, पास्ट प्रेसीडेंट विभा सक्सेना,पास्ट प्रेसीडेंट विभा श्रीवास्तव और मीनू गुप्ता इस मौके पे मौजूद रही।

# गोल्ड मेडलिस्ट कु तनिष्का को नगरपालिका अध्यक्ष ने स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित होने वाली 37वीं सब जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वाण्डों प्रतियोगिता जो कि रायपुर के बलबीर जोनेजा इडोर स्टेडियम में 02 से 04 फरवरी 2024 में आयोजित की जायेगी, के लिये जनपद की ताइक्वाण्डों खिलाड़ी कु0 तनिष्का पाल का चयन हुआ है। इससे पूर्व कु0 तनिष्का पाल के द्वारा 04 भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेयी जब जूनियर राज्य स्तरीय ताइक्वाण्डों, जो कि 27 से 29 जनवरी 2024 के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित की गयी, में कु0 तनिष्का पाल के द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त किया जिसके फलस्वरूप राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु चयनित की गयी। इस उपलब्धि पर कु0 तनिष्का पाल का माननीय नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती नेहा अवस्थी जी के द्वारा अपने आवास पर बुलाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया व आगामी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दी। साथ ही इस उपलब्धि पर प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार सिंह एवं ताइक्वाण्डो प्रशिक्षक सुरेन्द्र के द्वारा शुभकामनाएं दी गयी।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता मे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर समिति की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति,बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ,वन स्टॉप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सीतापुर में बैठक में मिशन वात्सल्य की कार्य,प्रगति पर चर्चा की गई। सुरक्षा एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को सुरक्षात्मक वातावरण उपलब्ध कराए जाने हेतु ग्राम स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय बैठकों की समीक्षा, बच्चों को नियमित शिक्षा उपलब्ध कराए जाने हेतु शिक्षा विभाग की समीक्षा तथा बाल विवाह एवं बाल श्रम रोकथाम पर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड एवं सामान्य के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे बच्चों को गुणवत्तापरक निशुल्क शिक्षा पोषण व आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा विभिन्न ब्लॉकों से चिन्हित बच्चों को पात्रता की स्थिति में लाभान्वित कराए जाने के लिए कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा बाल श्रम में लगे एवं भीख मांगने वाले बच्चों को मुख्य धारा से जोड़े जाने हेतु बच्चों को चिन्हित कर योजनाओं से लाभान्वित कराये गए बच्चों की समीक्षा व जनपद में लिंगानुपात के सुधार के दृष्टिगत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत किए गए प्रचार प्रसार पर चर्चा व विभन्न स्थानों पर वॉल पेंटिंग कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों से बच्चों से संबंधित मुद्दों जैसे बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा पर चर्चा कर अपने-अपने विभाग द्वारा बच्चों को लाभान्वित कर सूचना जिला बाल संरक्षण अधिकारी को प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि (क्षेत्राधिकारी सदर), मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ग्राम विकास, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि, संयुक्त निदेशक सहायक श्रमायुक्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला क्रीडा अधिकारी प्रतिनिधि, प्रभारी ए0एच0टी0यू0 अधिशासी अधिकारी खैराबाद, तंबौर, पैंतेपुर, हरगांव, सिधौली व महोली तथा जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

### किसान की बेटी बनी डिप्टी जेलर पहले ही प्रयास में हुआ चयन, आईएएस बनने का है सपना

**जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर-अयोध्या।** हमारी बेटियां किसी से कम नहीं है। बेटियां हर क्षेत्र में सफलता के नये आयाम रच रही है। कुछ इसी तरह का उदाहरण अयोध्या के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र स्थित कौराह पूरे गुलाम गांव में भी देखने को मिल रहा है। यूपी लोक सेवा आयोग ने हाल ही पीसीएस परीक्षा 2023 का रिजल्ट जारी किया है। जहां अमानीगंज की प्रगति उपाध्याय ने यूपीपीसीएस परीक्षा 2023 में 41वीं रैंक हासिल की है । बेटी प्रगति उपाध्याय का चयन डिप्टी जेलर के पद पर हुआ है यूपीपीसीएस में चयन होने के बाद उनके परिवार में खुशी की लहर है रिश्तेदार, पड़ोसी आदि उन्हे बधाइयां देने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं।बेटी प्रगति उपाध्याय कड़ी मेहनत और लगन से पहले ही प्रयास में यूपीपीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा साबित की है। इसके साथ ही उन्होंने धर्मनगरी अयोध्या को भी गौरवान्वित किया है और क्षेत्र का मान बढ़ाया है।यूपी पीसीएस वर्ष 2023 में डिप्टी जेलर के पद पर चयनित 23 वर्षीय प्रगति शुरू से ही मेधावी छात्र रही है। इन्होंने हाई स्कूल तक की पढ़ाई हौसिला प्रसाद स्मारक इंटर कॉलेज सिधारी बाजार से की है।

### विकास कार्य और कानून व्यवस्था की बैठक मंडल आयोग की अध्यक्षता में आयोजित

# विकास कार्यों में तेजी लाने के कमिश्नर ने दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




मंगलवार को देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बलरामपुर में विकास कार्यों,कानून व्यवस्था,राजस्व वसूली की मंडलीय समीक्षा बैठक बैठक संपन्न हुई।

बैठक में उन्होंने सभी मंडलीय अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की सभी योजनाओं में अच्छा करते हुए सीएम डैश बोर्ड अच्छी रैंकिंग प्राप्त करें। उन्होंने कहा की मंडल के सभी जिलों में मशरूम की खेती को बढ़ावा दिया जाए। महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए जा रहे लोकल उत्पादों की ब्रांडिंग की जाए।

मंडल में पीएम आवास योजना एवं सीएम आवास योजना में प्रगति का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की नई सड़को में निर्माण की गुणवत्ता का निरीक्षण कर लिए जाए। सड़को पर छुट्टा जानवर/गोवंश ना दिखे, निराश्रित गोवंश स्थलों पर क्षमता के अनुसार गोवंश संरक्षित किया जाए।

कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों समीक्षा के दौरान उन्होंने गैंगस्टर, भूमाफिया, को चिन्हित करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वन माफियाओं को चिन्हित किया जाए तथा तथा कड़ी कार्रवाई की जाए। महिला अपराधों में त्वरित कारवाही सुनिश्चित की जाए। आगामी लोकसभा के दृष्टिगत अराजक तत्वों को चिन्हित करते हुए निरोधात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गंभीर अपराधों में विवेचनाएं लंबित न रहे।

कर करेतर की समीक्षा के दौरान उन्होंने राजस्व वसूली में तेजी ले जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की तीन व पांच वर्ष से अधिक के लंबित वादों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। भूमि विवाद में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया

इस अवसर पर डीआईजी देवीपाटन मंडल अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी बलरामपुर अरविंद सिंह, जिलाधिकारी गोंडा नेहा शर्मा, जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी, जिलाधिकारी श्रावस्ती कृतिका शर्मा, सभी जिला के पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, विभिन्न विभागों के मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने होटल व्यवसाईयों व धर्मशाला के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में होटल व्यवसाइयों व धर्मशाला के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अयोध्या एक धार्मिक एवं अध्यात्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विश्व पटल पर प्रसिद्धि पा रही है और यह सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभरा है। श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं पर्यटकों की आवक में तीव्र वृद्धि भी हुई है यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को ठहरने एवं आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना सभी का कर्तव्य है। अतः यह सुनिश्चित किया जाये कि अयोध्या धाम आने वाले किसी भी पर्यटक श्रद्धालु से किसी भी होटल व्यवसाय द्वारा रेट बढ़ाकर न लिया जाये। उन्होंने सभी होटलों व धर्मशालाओं के मालिकों को अपने अपने होटल धर्मशाला का रेट लिस्ट प्राइस बैण्ड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने पर्यटकों श्रद्धालुओं को होटलों धर्मशालाओं में ठहरने हेतु रूम के दिये जाने वाली सुविधाओं यथा- वाहन, भोजन आदि अर्थात पैकेज में सम्मिलित समस्त सुविधाओं का स्पष्ट उल्लेख करने हेतु होटल धर्मशालाओं के प्रतिनिधियों मालिकों को निर्देशित किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आज होगा आयोजन



**जन एक्सप्रेस/अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम बुधवार को राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर में आयोजित किया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी ने बताया कि बुधवार को जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अब तक 634 जोड़ो का आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2017 में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रारम्भ की गयी। योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरत मन्द एवं निर्धन परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए उनकी सामाजिक, धार्मिक मान्यताओं एवं परम्परा व रीति रिवाज के अनुसार सामूहिक विवाह कराकर समाज के सभी वर्गों में सर्व धर्म समभाव व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। वहीं जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में 3 दिसंबर 2023 को जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 762 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न कराया गया था।

### छात्रों से भरी बस घने कोहरे के कारण ट्रक से टकराई

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकरनगर।** पड़ोसी जनपद बस्ती से कटका थाना क्षेत्र के बिहारी लाल महाविद्यालय में एमएससी की परीक्षा देने आए छात्रों की बस एक ट्रक से टकरा गई जिससे कई छात्र घायल हो गए। घायलों को टाण्डा सीएचसी व महामाया मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। घटना मंगलवार की सुबह लगभग 08 बजे की है टाण्डा कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 233 पर धौरहरा (पैकोलिया) के निकट हादसा हुआ। प्राप्त जानकरी के अनुसार बस्ती जनपद के कोतवाली नगर क्षेत्र के पचपेडिया में संचालित राजन डिग्री कालेज से कटका थानाक्षेत्र में संचालित बिहारी लाल डिग्री कालेज में एमएससी की परीक्षा देने बस संख्या क58 अ 8070 से छात्र कलवारी मार्ग से आ रहे थे कि लगभग 08 बजे एक ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। टक्कर का कारण कोहरा बताया जा रहा है। उक्त घटना में घायल छात्रों को टाण्डा सीएचसी व महामाया मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

### पीएचडी की उपाधि मिली

**जन एक्सप्रेस/गोसाईगंज -अयोध्या।** ग्राम वीरसिंहपुर सया के निवासी रजनीश पांडेय को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान- एनआईटी पटना कंप्यूटर साइंस से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई। इनका शोध कार्य **सरकैस्म आइडेंटिफ़िकेशन फॉम न्यूज़ हेडलाइन्स एंड ट्वीट्स थ्रू वेरियस डीप लर्निंग अप्रोच** था। इस शोध कार्य से डिजिटल प्लेफ़ॉर्म पर जो लोग उट पटांग ख़बरों को पोस्ट करते है उसको आसानी से पहचान कर उन्हें हटाया जा सकता है। रजनीश एम एल सी हरिओम पांडेय के छोटे पुत्र हैं।रजनीश ने अपना शोध कार्य प्रोफ़ेसर ज्योति प्रकाश सिंह के दिशा निर्देशन में किया। रजनीश वर्तमान में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य के पद पर इनफार्मेशन टेक्नोलोजी विभाग में कार्यरत है। रजनीश की इस उपलब्धि पर डॉ. अनुपम पांडेय, प्रोफ़ेसर राजीव गौड़, प्रोफ़ेसर रमापति मिश्रा, डॉ सुधाकर त्रिपाठी, डॉ राकेश चंद्र तिवारी, अवनीश पांडेय, दिनेश तिवारी आदि ने प्रसन्नता जताई है।

### पीड़ित ने एसएसपी से की शिकायत, लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** चौरे बाजार पुलिस चौकी के अंतर्गत पीड़ित मुकेश मौर्य पुत्र जुग्गी लाल निवासी कूरेभार बीकापुर की मोबाइल किसी ने फोन करके अप शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी पीड़ित द्वारा रात में ही डायल 112 की जानकारी दी अगले दिन सुबह स्थानीय चौकी चौरे बाजार में लिखित शिकायत की गई पीड़ित द्वारा बताया गया कि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है पीड़ित ने सोमवार को इसकी शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की। पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है रविवार को रात्रि किसी अनजान व्यक्ति द्वारा मेरे फोन पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई है। जिससे पीड़ित और पीड़ित का परिवार डरा सहमा है जिसकी शिकायत मैंने स्थानीय पुलिस चौकी पर किया परंतु अभी तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई पीड़ित ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर मान बढ़ाया

**जन एक्सप्रेस/पूरा बाजार-अयोध्या।** राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज देवकाली में संविदा पर कार्यरत चिकित्सा शिक्षिका डॉ सौम्या रघुवंशी का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर रिपर्टरी विभाग के लिए चयन हुआ है होमियो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय पुष्कर ने डॉ सौम्या रघुवंशी को बधाई देते हुए कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज का मान बढ़ाया है। डॉ. सौम्या रघुवंशी के चयन पर डॉ. उपेंद्र सिंह, डॉ. माधुरी गौतम, डॉ. पीएस त्रिपाठी, डॉ. तुलसीराम, डॉ. केशव गोस्वामी, डॉ. नेमा, डॉ. अवनीश राय, डॉ. पवन, डॉ. अनुपम सक्सेना, डॉ. आर एस पांडे, डॉ. अंजू सिंह, डॉ. सुशीला सिंह सहित सभी चिकित्सा शिक्षकों ने डॉ. सौम्या को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### बार काउंसिल के जांच समिति सदस्य ने मृत्योपरांत दी जाने वाली धनराशि पर रोक हटाई

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** उत्तर प्रदेश बार के सदस्य का पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी ने फैजाबाद बार एसोसिएशन को पत्र भेज कर पत्र भेज कर अधिवक्ता की मृत्यु होने पर उसके अंतिम संस्कार के लिए दी जाने वाली धनराशि को निर्गत किए जाने की छूट दिए जाने का आदेश निर्गत किया है साथ ही इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार के खर्च पर पत्रावली के निस्तारण तक रोक लगा दिया है। वहीं दूसरी तरफ फैजाबाद बार एसोसिएशन के मंत्री विपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी का पत्र आया है। इसके लिए इस पर विचार विमर्श करने के लिए शीघ्र ही सामान्य सदन की बैठक बुलाए जाने की बात कही। बताते चलें कि महामंत्री विपिन मिश्रा ने 28 जनवरी 2024 को एक पत्र बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व जांच समिति के सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी को भेज कर अधिवक्ताओं की मृत्यु पर दी जाने वाली 35000 की धनराशि देने की अनुमति मांगी थी।

# सांसद लल्लू सिंह ने इंटरलॉकिंग सड़क का किया शिलान्यास

**✻ बेहतर आवागमन की सुविधा होने से गांवों में समृद्धि का द्वार खुलेगा: सांसद लल्लू सिंह**

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



सांसद लल्लू सिंह ने हाजीपुर सिंहपुर में गुरूप्रसाद के घर से इण्डो अमेरिकन विद्यालय तक रबर मोल्ड इंटरलाकिंग सड़क का शिलान्यास किया। 182 मी सड़क की लागत 10.90 लाख रूपये है। उन्हांने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों को समाहित करते हुए सर्वांगीण विकास की अवधारणा को धरातल पर उतार रही है। अंतिम व्यक्ति के उत्थान की परिकल्पना को हर पात्र को योजनाओं का लाभ देकर सार्थक किया है। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उनका स्वागत स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया।

उन्होने कहा कि गांवों को मुख्य मार्गो से जोड़ा जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके। बेहतर आवागमन की सुविधा होने से गांवों में समृद्धि का द्वार खुलेगा। किसानों को अपनी फसल एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में सुविधा होगा। इससे रोजगार सृजन भी होगा। अयोध्या को जोड़ने वाले सभी मार्गो का चौड़ीकरण किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को वैश्विक मानकों के अनुसार सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। उन्हांने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या को विश्व की सर्वोत्तम नगरी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके लिए अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाएं प्रदान की गई है। अयोध्या में वैश्विक मानकों के अनुसार रेलवे स्टेशन व एयर पोर्ट का निर्माण हो चुका है। वंदेभारत ट्रेन के संचालन इन शहरों के बीच दूरी कम हो गयी है। जिसका लाभ यहां के निवासियों को मिल रहा है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमलेश सिंह, लवलेश दूबे, मनोज वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने कैंप लगाकर लोगों को डाउनलोड कराया नमो एप

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज तराई बलरामपुर।** रामफल मेमोरियल इंटर कॉलेज में भाजपा मंडल महामंत्री प्रवेश मिश्रा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री से सीधा जुड़ने के लिए कैंप का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं व ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नमो ऐप डाउनलोड कराकर जानकारी दी गई। 200 ग्रामीणों को इस ऐप के माध्यम से जोड़ा गया। सरकार की विशेषताएं भी अवगत कराई गई। प्रथम बार मतदान करने वाले छात्र-छात्राओं व मतदाताओं को मतदान के प्रति भी जागरूक किया।

मंगलवार महराजगंज कस्बा के रामफल मेमोरियल इंटर कॉलेज में मोदी एप के तहत कैंप का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल महामंत्री प्रवेश मिश्रा ने छात्रों व ग्रामीणो को को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधा जोड़ने के लिए मोदी ऐप डाउनलोड करवाया। सभी को अवगत कराया किया कि मोदी एप से जुड़ने से सभी को तमाम विकास कार्यों के योजनाओं के बारे में जानकारी मिलेगी।

# गन्ना किसानों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर विभाग सतर्क



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर सहित पूरे प्रदेश में गन्ना विभाग द्वारा किसानों के संपूर्ण कार्यों को ऑनलाइन किए जाने के बाद किसानों की समस्याओं में काफी हद तक कमी आ गई है। गन्ना विभाग के अधिकारी किसानो की समस्याओं के निराकरण को लेकर काफी संवेदनशील दिखाई दे रहे हैं। गन्ना विकास समिति बलरामपुर के सचिव अविनाश सिंह तथा सीनियर सीडीआई सुनील सिंह ने 30 जनवरी को बताया कि चीनी मिल में गन्ना पेराई सीजन चालू होने के बावजूद भी गन्ना किसान अपनी समस्याओं को लेकर गन्ना समिति में बहुत कम संख्या में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की कम संख्या समिति में पहुंचने से अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसानों की समस्याएं ऑनलाइन व्यवस्था होने के कारण काफी हद तक समाप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि गन्ना सट्टा से लेकर भुगतान तक तथा समस्याओं के निदान से लेकर समाधान तक सभी व्यवस्था ऑनलाइन कर दी गई है। यूपी गवर्नमेंट के गन्ना पोर्टल के माध्यम से किसान अपने गन्ना के संदर्भ में संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। समिति पर समस्या लेकर आने वाले किसानों में प्रमुख रूप से वैरायटी तथा साधन परिवर्तन या बैंक खाता की कमियों को लेकर आते हैं, जिन्हें प्रतिदिन संबंधित अधिकारियों द्वारा तुरंत निस्तारण करा दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील किया समस्या के लिए सीधे अधिकारियों से संपर्क करें, किसी भी प्रकार के बिचौलियों के चक्कर में फंसने की आवश्यकता नहीं है।

# बाबरी विध्वंस के मुख्य आरोपी संतोष दुबे ने कार सेवकों के साथ किये राम मंदिर के दर्शन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



बाबरी विधानसभा के मुख्य आरोपी संतोष दुबे ने सैकड़ो कर सेवकों के साथ राम मंदिर का दर्शन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 40 वर्ष की साधना सफल हुई, अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए बलिदान हो गए लाखों कार सेवकों की आत्माएं निश्चित रूप से आज प्रसन्न होंगी, राम मंदिर निर्माण की साधना चूंकी अब पूर्ण हुई है इसलिए अब अगला संकल्प जो पूर्ण करना है वह कृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ का है इसके लिए जल्दी ही अभियान प्रारंभ किया जाएगा। श्री दुबे ने कहा कि तो कृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराने हेतु 5 लाख की टीम बनाई जाएगी हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा है जिस प्रकार उन्होंने राम जन्म भूमि में अपना ऐतिहासिक निर्णय दिया हम आशा करते हैं कि इस तरह कृष्ण जन्म भूमि पर भी न्यायालय अपना ऐतिहासिक निर्णय प्रदान करेगा।

इस अवसर पर कारसेवक राधा रमण त्रिपाठी 1992 के कार सेवक रविशंकर पांडेय, 1992 के कारसेवक मनीष पांडेय, विनोद पांडेय,प्रज्ञा श्रीवास्तव, अनु शर्मा अंकुर शर्मा विपल्व द्विवेदी रवि शंकर पांडे दिग्विजय नाथ चौबे, विजय तिवारी, अमरेश प्रताप सिंह, वशिष्ठ गोयल, संजय प्रधान कन्हैयालाल सुनीता श्रीवास्तव, अजय गुप्ता वेद, राम प्रकाश पांडेय, बृजेश दुबे, चंद्र पांडे, राजेंद्र पांडे, लखनदार त्रिपाठी, प्रयाग दत्त तिवारी, सूर्यनारायण दुबे, एस एन सिंह, नीरज पाठक, डॉक्टर एस आर शर्मा एडवोकेट, प्रदीप पांडेय सहित सैकड़ो की संख्या में कर सेवक उपस्थित रहे।

# संस्कृत संभाषण साप्ताहिक कार्यशाला का समापन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

**✻ संयोजक भावना सिंह द्वारा कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर में चल रहे संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित सप्त दिवसीया संस्कृत संभाषण कार्यशाला का समापन मंगलवार को किया गया। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समापन दिवस का शुभारंभ किया।

जानकारी के अनुसार 30 जनवरी को संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय संस्कृत संभाषण कार्यशाला के समापन दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर माधव राज द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम तथा अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जनार्दन प्रसाद पांडे ने किया । कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय तथा पूर्व प्राचार्या एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो0 प्रमिला तिवारी एवं संभाषण कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक एवं सहायक प्रशिक्षक द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। विभागाध्यक्ष पूजा मिश्रा द्वारा कार्यशाला के समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से सरस्वती वंदना हेतु उद्बोधन किया। शगुन के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने छात्र-छात्राओं को संस्कृत में कैरियर बनाने हेतु प्रेरित किया। साथ ही समस्त छात्रों को शुभकामनाएं दी गई। प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने कार्यशाला को एक अच्छी पहल बताते हुए समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को तथा आयोजको को शुभकामनाएं दी। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं संस्कृत संभाषण की पुस्तक प्रदान की गई। मुख्य प्रशिक्षक विनीत सिवाच तथा रामांश शुक्ल द्वारा सभा को उद्बोधित किया और संस्कृत में रोजगार संबंधी अवसर पर अपना वक्तव्य दिया। अंत में प्रतिभागी छात्र छात्राओं द्वारा एक लघु नाटिका का मंचन किया गया। संयोजक भावना सिंह द्वारा कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं सह संयोजक ए के दीक्षित ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम मे अतिथि के रूप में शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो0 प्रकाश चंद्र गिरि, प्रखर त्रिपाठी, अनिल पांडेय एवं विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा सहायक अध्यापक उपस्थित रहे।

# उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद में उद्यान विभाग द्वारा 50 कृषकों का प्रशिक्षण कार्यकम दिनांक 29 से 30 जनवरी को सम्पन्न हुआ। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा विभागीय योजना पर प्रकाश डालते हुये नवीन उद्यान रोपण- (आम, अमरूद, केला एवं ड्रैगनफूट) शाकभाजी की खेती, मसाला की खेती, संरक्षित खेती पाली हाउस, शेडनेट हाउस पर शासन, द्वारा देय अनुदान पर विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही उद्यान विभाग में संचालित अन्य योजनायें प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ÷पर ड्राप मोर काप÷ व प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पर भी विस्तृत प्रकाश डाला गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 प्रदीप कुमार द्वारा नवीन उद्यान रोपण में रोपण सामग्री व खेत की तैयारी पर प्रकाश डालते हुये लगने वाले रोगों पर विस्तृत चर्चा की। डॉ0 राम गोपाल यादव द्वारा जैविक विधि से शाकभाजी की खेती व फसल प्रबंधन पर जानकारी दी गई एवं वर्मी कम्पोस्ट का नोडप निर्माण की विधि कृषकों को बतायी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र के हेड/ वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 रामजीत द्वारा कंदीप फसलों में सल्फर व पोटाश की कमी पर प्रकाश डालते हुये सब्जियों की खेती व मचान व स्टैकिंग विधि अपनाते हुये मल्चिंग व ड्रिप सिंचाई अपनाने की सलाह दी तथा मार्केटिंग में अधिक मूल्य प्राप्त करते हुये आधुनिक तकनीक अपनाने पर बल दिया। डा0 शशांक सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक उद्यान द्वारा मौनपालन, मशरूम कल्टीवेशन कर कृषकों को अपनी आय बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही वर्तमान परिवेश में कृषकों को फूल की खेती कर कम समय में अधिक लाभ प्राप्त करने पर बल दिया। जायद मौसम में उत्पादन की जाने वाली लतावर्गीय फसलों को वेड बनाकर मंल्चिग व ड्रिप इरीगेशन अपनाने की सलाह दी गई अन्त में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे सभी वैज्ञानिकों व कृषकों का आभार व्यक्त करते हुये सधन्यवाद प्रशिक्षण का समापन किया।

कार्यक्रम में उद्यान निरीक्षक- कमलेश

# गरीबों व असहाय लोगों की सेवा ही सच्ची मानवता: प्राचार्य डा. विजय पुष्कर



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

पूरा बाजार राजकीय डॉ बृजकिशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज देवकाली के प्राचार्य डॉ विजय पुष्कर में होमियो मेडिकल कॉलेज में दवा लेने पहुंचे गरीब और सहायक लोगों को कंबल वितरित किया प्राचार्य डॉ विजय पुष्कर ने कहा कि गरीबों व असहाय लोगों की सेवा ही सच्ची मानवता है इसी उद्देश्य से गरीब व असहाय जो दवा लेने पहुंचे थे उनको कंबल वितरित किया गया इस अवसर पर डॉ माधुरी गौतम डॉ पी एस त्रिपाठी डॉ तुलसीराम डॉ केशव गोस्वामी डॉ नेमा डॉ सक्सैना डॉ आर एस पांडे डॉ अंजु सिंह डॉ सुशीला सिंह डॉ पटेल भी मौजूद थे कंबल पाने के बाद मरीजो के चेहरे पर खुशी दिखी।

### लेबर मंडी का उद्घाटन 18 फरवरी को

**जन एक्सप्रेस/हैदरगंज- अयोध्या।** हैदरगंज बाजार के ब्रम्ह बाबा चौराहे पर 18 फरवरी से लेबर मंडी की होगी शुरुआत बोले संस्थापक उपेंद्र दुबे उर्फ झिंगूरी जनपद के हैदरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित ब्रम्ह बाबा देवस्थान की है, जहां आगामी 18 फरवरी को शाम 4:00 बजे से लेबर मंडी का उद्घाटन किया जाएगा, लेबर मंडी के संस्थापक उपेंद्र दुबे उर्फ झींगुरी ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के राजगीर मिस्त्री राजगी लेबर, बढ़ई, लोहार सहित सैकड़ों मजदूरी करने वाले लोगों को अब शहर की तरफ पैसा कमाने के लिए नहीं जाना पड़ेगा।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 23.02.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा किया जायेगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 000502024 दिनांक 29.01.2024 |
| 2 | कार्य का नाम | सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के तहत बनारस-जंघई-रायबरैली-अमेठी (प्रस्तावित 130 किमी प्रति घंटे अनुभाग) और जंघई-फाफामऊ अनुभाग पर आरसीसी बॉक्स के साथ स्टोन स्लैब पुलों (44 संख्या) का प्रतिस्थापन का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 9,60,01,951.21 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 6,30,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 09.02.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.02.2024 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 308/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बाघ हमले में मजदूर की मौत, गन्ने के खेत में बरामद हुआ अधखाया शव

* जंगल में साफ सफाई कार्य के दौरान बाघ ने किया हमला
* पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

जन एक्सप्रेस। प्रशांत शर्मा





**पूरनपुर।** जंगल में झाड़ियां की सफाई कार्य के दौरान बाघ हमले का शिकार हुए मजदूर का शव 24 घंटे चले सर्च ऑपरेशन के बाद जंगल से सटे गन्ने खेत में बरामद किया गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।स्वजनों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव जमुनिया खास निवासी गंगाराम (35) सोमवार सुबह गांव के ही वीरेंद्र, छोटेलाल, अर्जुन के साथ जंगल में सफाई का कार्य करने गया हुआ था। ग्रामीण वन विभाग के कर्मचारियों की गैर मौजूदगी में माला रेंज की मथना बीट के कंपार्टमेंट नंबर 123 में सफाई का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान बाघ मजदूर पर हमला कर जंगल के अंदर खींच ले गया।जंगल के अंदर कार्य कर रहे ग्रामीणों ने तलाश की तो ग्रामीण के जूते व गमछा पड़ा हुआ था। अनहोनी की आशंका जताते हुए ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन कर्मचारियों ओर स्वजनों को दी। घटना की जानकारी पर पहुंचे सैकड़ो ग्रामीणों ने सोमवार देर रात तक जंगल के अंदर मजदूर की तलाश में खोजबीन की। रात होने के कारण ग्रामीण वापस लौट आए थे। 24 घंटे चले सर्च ऑपरेशन बाद मंगलवार दोपहर ग्रामीण का क्षत विछत शव जंगल से सटे गन्ने के खेत से बरामद किया गया। शव बरामद होने से स्वजनों में चीत्कार मच गया। जानकारी पर माधोटांडा थाना प्रभारी अचल कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### माला रेंज में नहीं हो रहा ट्रांसफर नीति का पालन

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज में तैनात अधिकारियों के लिए ट्रांसफर नीति कोई मायने नहीं रखती है। मथना बीट के सेक्शन इंचार्ज बीते 15 सालों से एक ही रेंज में काबिज है, जबकि उनसे कई साल बाद पदस्थ हुए अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया ।चर्चा है कि सेक्शन में चहेते वाचरों को लगाया गया है ।जिनके माध्यम से जमकर वसूली की जाती है। जंगल में बाघ हमले की घटना के बाद ग्रामीणों ने बांसखेड़ा निवासी वन कर्मचारी पर जंगल में कार्य करने के लिए बुलाने व लटड़ी लदी प्रति साइकिल सौ रुपए अवैध वसूली का आरोप लगाया था।

### गंगाराम की मौत से परिवार के आगे रोजी-रोटी का संकट

मृतक गंगाराम के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। मेहनत मजदूरी कर घर का भरण पोषण करता था ।गंगराम सोमवार वन कर्मचारी के बुलाने पर जंगल में कार्य करने के लिए गया हुआ था। दोपहर तक घर में सब कुछ सामान्य था। सरस्वती बच्चों के साथ घर पर मौजूद थी। दोपहर साथ गए ग्रामीण ने फोन पर बताया कि गंगाराम अचानक गायब हो गए हैं। खोजबीन के दौरान जूते व गमछा मिला है ।अनहोनी की आशंका की जानकारी पर पत्नी व बच्चों में चीख पुकार मच गई ।मंगलवार दोपहर तक सरस्वती पति के जिंदा होने की आस लगाए बैठी रही। खोजबीन के दौरान दोपहर गन्ने के खेत में गंगाराम का शव बरामद हो गया। जानकारी से सरस्वती बदहवास होकर गिर गई ।रो रो कर कह रही थी कि भगवान को कुछ और ही मंजूर था ।मृतक के दो पुत्रियां और एक पुत्र। तीनों बच्चों के सर से पिता का साया उठ गया। सरस्वती ने बताया कि पति की मौत से परिवार के आगे रोजी-रोटी का संकट हो खड़ा है।



" जंगल के अंदर बाघ ने ग्रामीण पर हमला किया था। खोजबीन के दौरान जंगल से सटे गन्ने के खेत से मृतक का शव बरामद किया गया है ।मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिलाया जाएगा। ग्रामीण जंगल में किस लिए गए थे इस मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-नवीन खंडेलवाल, डीएफओ पीटीआर



" जंगल में अवैध घुसपैठ रोकने का दावा करने वाला वन विभाग खुद ही मजदूरों को लकड़ी का लालच देकर जंगल में घुसपैठ कर रहा है। मैनेजमेंट के नाम पर आने वाला लाखों रुपए का बजट बंदरबांट कर लिया जाता है। मजदूर की मौत के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। जंगल में सुरक्षा व्यवस्था के बीच ही मजदूरों से कार्य कराया जाए।

-बलजिंदर सिंह, भारतीय अन्नदाता किसान यूनियन प्रदेश सचिव

# शटरिंग टूटने से मजदूर की मौत, तीन घायल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

थाना क्षेत्र के सखैला गांव में सोमवार की शाम निर्माणाधीन मकान की छत ढलाई के दौरान शटरिंग टूटने से एक मजदूर की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। जेसीबी की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार, बंजारेपुर गांव निवासी महेश मोदनवाल सखैला गांव में थाना रोड पर नया मकान बनवा रहे थे। सोमवार को मकान की छत ढाली जा रही थी तभी अचानक शटरिंग टूट गई। ऐसे में वहां काम कर रहे मजदूर भुआल (25) निवासी अब्दुल्लापुर किशुनपुर, शिवआसरे (48) निवासी कुकुहा, रोशन (25) निवासी किशनपुर और शाहनवाज (27) निवासी बमैंला मलबे की चपेट में आकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने जेसीबी की मदद से घायलों को बाहर निकाला और सभी को इलाज के लिए सीएचसी चोरसंड भेजा। हालत गंभीर होने से भुआल को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। भुआल की तीन साल पहले शादी हुई थी। उसका दो साल का लड़का व डेढ़ माह की पुत्री है। उधर, घटना के बाद ठेकेदार मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष चंदन राय ने बताया कि घायलों का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

* पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**शाहगंज।** क्षेत्र के मजडीहां रेलवे फाटक के समीप रेलवे ट्रैक पार करते समय सोमवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि खेतासराय थाना क्षेत्र के डोभी सैद गोरारी गांव निवासी शाहनूर (58) तहसील न्यायालय में चल रहे मुकदमें की पैरवी के बाद घर लौट रहा था कि मुंबई जा रही गोदान एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

# बीसलपुर में एनएच के अधिकारियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग, एसडीएम को दिया मांग पत्र

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



बीसलपुर। बीसलपुर पीलीभीत हाइवे के चौड़ीकरण को लेकर लोगों ने नेशनल हाइवेकर्मियों पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए तहसील कार्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। नियमानुसार चौड़ीकरण कराये जाने की मांग की।

बीसलपुर में नेशनल हाइवे का निर्माण कार्य चल रहा है बारह पत्थर चौराहे पर सोमवार को जब एनएच के अधिकारी रोड की माप करने के बाद लोगों से मकान हटाये जाने की बात करने गये तब लोगों का गुस्सां फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग एसडीएम कार्यालय पर जा धमके। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएच के अधिकारी दोनों ओर से बराबर जगह नहीं ले रहे हैं। पक्षपात का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। एसडीएम महिपाल सिंह को मांग पत्र देकर निष्पक्ष निर्माण कार्य करवाये जाने की मांग की। प्रदर्श करने वालों में नरेन्द्र देव, चन्द्रप्रकाश, मुकेश कश्यप, धर्मवीर, रामपाल, संतोष, दीपक मौर्य, मानवीर मौर्य सहित कई लोग शामिल थे।

# उधारी के रुपए मांगने पर बांका मारकर किया घायल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

* विरोध करने पर आधा दर्जन दबंगों ने बांके से हमला कर दिया
* घायल युवक को मेडिकल के लिए भेज दिया

**पूरनपुर।** उधारी के रूपए मांगने पर आधा दर्जन दबंगों ने युवक पर बांके से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी राकेश ने बताया कि गांव के ही एक युवक ने उधारी पर रुपए लिए थे। मंगलवार रुपए मांगने पर दबंग ने गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर आधा दर्जन दबंगों ने बांके से हमला कर दिया। हाथ में बांका लगने से युवक बुरी तरह लहुलुहान हो गया। पुलिस ने घायल युवक को मेडिकल के लिए भेज दिया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी को दी गई भावपूर्ण विदाई

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के स्थानांतरण होने के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उनको भावपूर्ण विदाई दी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद में किए गए कार्यों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जनपद जौनपुर का कार्यकाल उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने यहां के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को आम जनमानस के साथ शालीनता एवम गंभीरतापूर्वक उनकी बातो को सुनकर उनकी समस्याओं के निस्तारण करने को कहा । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवम निर्देशन में उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। अपर जिलाधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने उनके साथ बिताये गये अपने कार्यकाल के अनुभव को साझा करते हुए कहा गया कि उन्होंने उनके कार्यकाल में जो भी सीखा उनके आगे के सेवाकाल में बहुत ही उपयोगी होगा। उपस्थित अधिकारियों एवम कर्मचारियों ने विदाई समारोह के दौरान जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ, मोमेण्टों आदि भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साइ तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम अक्षयवर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिह, नत्थू लाल गंगवार जिला परियोजना अधिकारी समस्त उपजिलाधिकारीगण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट जलराजन चौधरी, जिला विकास अधिकारी वी के यादव जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय,सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत में लोकसभा चुनाव कार्यालय के साथ चुनाव का आगाज

* भारतीय जनता पार्टी ने किया पीलीभीत लोकसभा चुनाव का आगाज
* शहर के बीचो बीच विशाल टॉकीज में खोला लोकसभा चुनाव कार्यालय

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



मंगलवार को पूर्ण विधि-विधान और यज्ञ कर जनपद के विशाल टॉकीज में लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष ने फीटा काटकर किया लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। साथ ही इसके भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रदेश के लगभग सभी जिलों में एक साथ लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी द्वारा पूर्ण विधि-विधान और पूजन कर यज्ञों उपरांत पूर्ण आहुति के साथ जिला प्रभारी गुलशन आनन्द,जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह एवं लोकसभा संयोजक दीपक अग्रवाल ने फीटा काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। और जल्द ही पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा पीलीभीत, बरखेड़ा, पूरनपुर, बीसलपुर और बहेड़ी में इसी प्रकार चुनाव कार्यालय जल्द ही खुलेंगे। इस लोकसभा चुनाव कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व सांसद बलराज पासी, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पीसीयू चेयरमैन सुरेश गंगवार,पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरूभाग सिंह, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य रजनीश पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, अजय सिंह गंगवार, महिप सिंह, जिला महामंत्री लेखराज भारती, दिनेश पटेल, महादेव ग्यान,अमित अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, शैलेन्द्र गुप्ता, प्रतिनिधि अमन जयसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित, लोकसभा विस्तारक वीर नारायण लोधी, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, सुषमा देवी, गोकुल प्रसाद मौर्य, प्रफुल्ल मिश्रा, कमलेश गंगवार, जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल, हेमराज दिवाकर, नमन राजपूत, अनुराग अग्निहोत्री, भारतेन्दु कुमार, संजीव मोहन अग्रवाल, गौरव अवस्थी, धर्मेंद्र लोधी, सुमित गंगवार, अभिनीत पाण्डेय, गीता मिश्रा, हर्षित चौधरी, अभिषेक सिंह गोल्डी, सुधीर चौधरी, विकास श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, शिव नारायण शर्मा, विकास बाल्मीकि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 14 फरवरी से 16 फरवरी को प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर जौनपुर में जूनियर बालिका कुश्ती का जनपदीय चयन परीक्षण 5 फरवरी को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। जनपद चयन परीक्षण में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण 7 फरवरी को प्रातः 10 बजे से डॉ0 भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर, वाराणसी में जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही प्रदेशीय जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। चयन परीक्षण में प्रतिभाग करने वाली बालिकाओं का जन्म वर्ष 2004, 2005, 2006 अर्थात 18 से 20 वर्ष में जन्म लेने वाली बालिका खिलाड़ी अण्डर-20 जूनियर कुंश्ती में भाग लेने हेतु पात्र हैं। जबकि 2007 में जन्मी बालिका खिलाड़ी चिकित्सा अथवा माता-पिता के प्रमाण-पत्र के साथ भाग ले सकती हैं। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र फोटो सहित तथा आयु प्रमाण-पत्र प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित तथा आधार कार्ड के साथ, हाई स्कूल अंक पत्र की छायाप्रति साथ लेकर अवश्य आयें। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर अतुल कुमार सिन्हा ने दिया।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर पचास हज़ार बच्चे खाएंगे दवा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/जफराबाद। विधानसभा क्षेत्र के बीआरसी बकराबाद सिरकोनी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह और आरबीएसके के नोडल अधिकारी सचेन्द्र द्वारा बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सिरकोनी ब्लाक के बीआर सी के प्रांगण में सभी प्राथमिक विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रबंधकों व खण्ड शिक्षा अधिकारी सिरकोनी व आर बी एस के के नोडल अधिकारी सचेंद्र की मीटिंग की गई जिसमें बताया गया कि 1 फरवरी से 5 फरवरी तक राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सभी आंगनवाड़ी और स्कूल के बच्चे जिनकी उम्र 1 साल से लेकर 19 साल तक के है तमाम बच्चे अलबेलदाजोल को मिड डे मील खाने के बाद खिलाया जाएगा। पचास हज़ार स्कूली बच्चे तथा पंद्रह हज़ार आंगनबाड़ी के बच्चे सभी स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों पर निशुल्क खिलाई जाएगी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया की यदि किसी को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरकोनी के अलावा आरबीएसके के डॉक्टर रजनीश द्विवेदी तथा डॉक्टर भूपेश यादव संपर्क कर सहायता ली जा सकती है इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह, आर बी एस के के नोडल अधिकारी सचेंद्र , विमल दुबे, साहब लाल मौर्य, इसरार हुसैन, तथा सिरकोनी ब्लॉक के अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थिति रहे।



### एबीएसए के निरीक्षण में दो शिक्षामित्र व एक अध्यापक रहे गैरहाजिर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/जफराबाद। एबीएसए सिरकोनी ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मोथहा का औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण में दो शिक्षामित्र तथा एक अध्यापक अनुपस्थित मिले। खण्ड शिक्षा अधिकारी साढ़े दस बजे ऊक्त विद्यालय पर पहुंचे ।वहां पर अध्यापकों व शिक्षामित्रों को मिलाकर कुल छह स्टॉप है ।औचक निरीक्षण में एक अध्यापक तथा दो शिक्षामित्र अनुपस्थित रहे ।विद्यालय में 114 बच्चे पंजीकृत है ।उनमें से मात्र 42 बच्चे मौजूद रहे ।अनुपस्थित अध्यापक तथा दोनो शिक्षामित्रों के ऊपर कार्यवाही के लिए बीएसए को रिपोर्ट भेजी गई है। उक्त विद्यालय के निरीक्षण के बाद वे कम्पोजिट विद्यालय बीबीपुर पर पहुंच गए ।वहां पर 144 के सापेक्ष 85 बच्चे मौजूद रहे ।हालांकि एमडीएम रजिस्टर नियमानुसार नही भरा गया था ।जिसके लिए प्रधानाध्यापक को कड़ी फटकार लगाया ।इसके साथ ही आज कार्यदिवस के अंदर रजिस्टर को सही से पूर्ण कर बीआरसी पर लाने का आदेश दिया ।खण्ड शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण से हड़कम्प मच गया।

# धोखाधड़ी करने के मामले में पिता व पुत्रों पर मुकदमा दर्ज

* पीड़ित ने लगाया गलत जमीन दिखा कर पैसा लेने का आरोप
* पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मामला दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत उसराभादी गांव निवासी पिता व तीन पुत्रों पर फर्जी ढंग से जमीन दिखा कर बैनामा करने व पैसा लेने के मामले में पीड़ित से धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने अधीक्षक के आदेश पर दोषियों के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

क्षेत्र के उसरा भादी गांव निवासी सतीश कुमार पुत्र अक्षय कुमार ने गांव के ही जयराज यादव पुत्र रामअवध व विमल, शरद, कृष्ण कुमार यादव पुत्रगण जयराज पर कूटरचित ढंग से फर्जी दस्तावेज बनवाकर अपने नाम का खतौनी दिखाकर वादी से पैसा लेकर जमीन बैनामा करने का वादा किया। जब वादी ने जमीन बैनामा करने के लिए कहा तो जयराज ने जमीन पर विवाद होना बताकर जमीन बैनामा करने से मना कर दिया। पीड़ित द्वारा पैसा वापस मांगने पर पिता व पुत्रों द्वारा गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने पर पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित पिता व पुत्रों पर धारा 419/420/467/468/471/406/504/506 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपितो की तलाश में जुटी हुई है।

# अनियंत्रित होकर बाइक सवार बिजली के पोल से टकराकर हुआ घायल, अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चुटकुना निवासी देवांश पुत्र संजय देर रात्रि अपनी बाइक द्वारा बीसलपुर रिश्तेदारी में जा रहा था। वह जैसे ही बीसलपुर कोतवाली रोड पर स्थित होली चौराहे के पास पहुंचा वैसे ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस से बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वही टक्कर लगने के बाद युवक की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

# गांव चलो अभियान की कार्यशाला संपन्न

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




भाजपा कार्यालय सीहीपुर में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में भाजपाइयों की बैठक सम्पन्न। बैठक के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री संतोष पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गांव चलो अभियान के माध्यम से भाजपा जिले के हर गांव और बूथ तक पहुंचकर व्यापक जनसंवाद का अभियान चलाएगी। इस अभियान में सांसद, विधायक, नगरपालिका अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य ब्लाक प्रमुख समेत पार्टी के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता गांव में प्रवास करेगें और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश सरकार की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाएं और विकसित भारत का विजन लेकर गांव, मजारों, टीलों, चौपालों और बूथों पर चर्चा करेंगे। लोकसभा चुनाव सामने है पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी को एक बूथ पर अवश्य जाना है, जो विपक्षी ईवीएम का रोना रोते हैं उन्हें यह पता नहीं है कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कितना मेहनती है मुझे आशा है कि प्रदेश में सर्वाधिक मतों से लोकसभा में जीतने वाली लोकसभा सीट जौनपुर और मछलीशहर होगी। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह जिलाध्यक्ष मछली शहर रामविलास पाल ने भी संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री सुनील तिवारी ने की। उक्त अवसर पर सुशील मिश्रा अमित श्रीवास्तव अजय सिंह मनोज दुबे मेहीलाल गौतम अवधेश सोनकर मण्डल अध्यक्ष गण मण्डल के गांव चलो अभियान के संयोजक गण सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वाह रे जौनपुर पुलिस! ग्रामीणों की बहादुरी का श्रेय खुद खुद लेने में जुटी खुटहन पुलिस

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

* हत्या तथा लूट के आरोपितों की घेराबंदी कर पुलिस को सौंपा था ग्रामीणों ने

**खुटहन।** थाना पुलिस का मुख्य काम क्षेत्र में शांति ब्यवस्था कायम रखते हुए अपराधियों को जेल की सलाखों में भेजने का है। वांछित अपराधियों को पकड़ने में वर्दीधारी के अलावा किसी अन्य लोगों ने अपनी जान की परवाह किए बिना यदि लुटेरा या हत्यारे की घेराबंदी कर उन्हें पकड़ पुलिस को सौंपे दिए हो तो ऐसे हालात में पुलिस को उन जांबाजों का मुरीद होकर उनको सम्मान व प्रशस्ति पत्र देने के साथ अपराधियों के खिलाफ आगे भी सहयोग के लिए प्रेरित करना चाहिए। जब कि यहां हालत ठीक इसके उलट है। दिन दहाड़े सर्राफा कारोबारी से लूट के तथा दूसरी घटना में हत्यारोपित को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। लुटेरे को पुलिस ने अज्ञात दिखा दिया। हत्यारोपित को खुद गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। गत 27 जनवरी को इमामपुर गांव निवासी सर्राफा कारोबारी श्रीराम सोनी साइकिल में गहना रखा हुआ झोला टांगकर फेरी कर बेचने जा रहे थे। बड़नपुर गांव के गेट के बगल मोबाइल टावर के पास दो बाईकों से चार बदमाशों ने उन्हें रोक असलहे से धमकाकर गहनों का झोला छीनने लगे। श्रीराम के शोर मचाने पर आस पास के ग्रामीण ललकारते हुए मौके की तरफ दौड़े। खुद को घिरता देख बदमाश झोला छोड़ भागने लगे। घेराबंदी कर ग्रामीणों ने एक लुटेरे को अपाचे बाइक के साथ पकड़ लिया। जिसने अपना नाम सिकंदर व निवासी आजमगढ़ जिले के बरदह थाना क्षेत्र के बड़ौना बर्रा गांव निवासी कबूल किया था। इसका बीडीओ भी इंटरनेट मीडिया पर खूब प्रसारित हुआ था। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस लुटेरे को हिरासत में ले लिया था। उस समय मौके पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे। बावजूद इसके पुलिस ने मामले में चारों लुटेरों को अज्ञात मानकर लूट का केस दर्ज कर लिया। इसी तरह गत रविवार की रात जमुनिया हिसामुद्दीनपुर गांव में पत्नी उमा के साथ साढू के घर आये सुल्तानपुर जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के नागनाथपुर गांव निवासी रंजीत बिंद का नशे की हालत में रात को किसी बात को लेकर पत्नी उमा से झगड़ा हो गया। बीच बचाव करने आयी उमा की बड़ी बहन रूबी पर ही रंजीत ने ईंट से हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। शोरगुल सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आरोपित जीजा रंजीत को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बाद में पहुंची पुलिस उसे हिरासत में ले ली। यहां भी ग्रामीणों की बहादुरी का श्रेय खुद लेने में पुलिस दो कदम आगे रही। घटना के दूसरे दिन आरोपित के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर पुलिस ने बिशुनपुर बाजार के मोड़ से उसकी गिरफ्तारी दिखा दिया। पुलिस का रवैया यह साबित कर रहा है कि सभी झूठें हैं,जो वह खुद करे वही मात्र सच्चाई है।

# जमीनी विवाद में चचेरे भाई को पीट कर उतारा मौत के घाट


मृतक के परिजन


मृतक की फाइल फोटो

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जमीनी विवाद में युवक ने चहेरे भाई हमला कर दिया। मारपीट में बुरी तरह घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
माखी थाना क्षेत्र में रुपऊ के मजरे मर्दन खेड़ा निवासी सर्वेश कुमार (28) मजदूरी करता था। उसके परिवार का चचेरे भाई मन्ना से करीब दस सालों से जमीन का विवाद चल रहा है। सोमवार को वह रुपऊ बजार गया था। रात करीब आठ बजे सब्जी खरीदकर घर लौटने के दौरान रास्ते में चचेरे भाई मन्ना ने पत्नी सीमा और बच्चों में अमित और अंकित कुमार के साथ मिलकर रोक लिया। उसी जमीन के विवाद में पहले गालियां दीं। सर्वेश के विरोध करने पर हत्या के इरादे से सभी ने उसके सिर से लेकर पूरे शरीर में ईंट पत्थर से वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रास्ते की घटना होने से मारपीट में किसी के बीच बचाव की हिम्मत नहीं पड़ी। घटना की सूचना के डेढ़ घंटे बाद पहुंची पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें छह चोटें मिली हैं। इसमें सिर की दो चोटें गंभीर होने से मौत की पुष्टि हुई है। बेटे की मौत से मां सुमन और भाईयों में चंदन और पत्नी गुडि़या बेहाल हैं।
थानाध्यक्ष संदीप मिश्र ने बताया कि मृतक सर्वेश के पिता सुरेश कुमार की तहरीर पर मन्ना, उसकी पत्नी सीमा और दो बेटों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। दो हत्यारोपियों में मन्ना और उसके बेटे अमित को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

### यह थी विवाद की वजह

मृतक सर्वेश कुमार की मां सुमन के मुताबिक करीब दस साल पहले ससुर बाबू ने मन्ना के पिता रामू के नाम पैत्रक संपत्ति लिख दी थी। तब से विवाद की शुरुआत हुई थी। बाद में सास लीला के नाम जो एक बीघा जमीन बची थी वह भी मन्ना ने जालसाजी करके अपने नाम लिखा लिया था। उसके बाद से विवाद और बढ़ गया था। सुमन के मुताबिक सास ससुर की मौत हो चुकी है।

# वन व्हीकल वन फास्टैग के तहत अपडेट करानी होगी के.वाई.सी.: एनएचएआई

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव



भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए वन व्हीकल वन फास्टैग की पहल की है। जिसमे एक वाहन पर एक ही फास्टैग मान्य होगा। वह भी केवाईसी के माध्यम से अपडेट होना चाहिए नही तो फास्टैग 31 जनवरी के बाद बैंकों द्वारा निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। जानकारी अनुसार एनएचएआई की नई गाइडलाइन के मुताबिक एक्सप्रेसवे व नेशनल हाईवे पर चलने वाले वाहन पर लगे फास्टैग को 31 जनवरी की रात 12 बजे तक नो योर कस्टमर (केवाईसी) के माध्यम से अपडेट करना होगा। जिससे टोल प्लाजा पर निर्बाध आवाजाही प्रदान की जा सके। 1 फरवरी को टोल से वही वाहन निकलेंगे जिनका फास्टैग पर केवाईसी अपडेट है। और जिन वाहनो का फास्टैग अपडेट नही होगा उनको बैंक ब्लैकलिस्ट कर देगी। हालांकि अपडेट बाद में भी किया जा सकता है लेकिन फास्टैग जब तक अपडेट नही होगा तब तक नगद भुगतान करके गुजरना पड़ेगा। इस संबंध में टोल प्लाजा मैनेजर ए एस चौहान ने बताया कि एक फास्टैग से कई वाहन निकालने वाले चालकों के द्वारा फास्टैग जानबूझकर वाहन की विंडस्क्रीन पर नहीं लगाया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है। जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर चालकों को असुविधा होती है। नवाबगंज टोल प्लाजा से प्रतिदिन 18 से 20 हजार वाहन गुजरते हैं जिनसे करीब 42 लाख रुपये का टोल वसूला जाता है। जिसमे फास्टैग से करीब 95 प्रतिशत टोल की वसूली होती है।

### नए वाहन स्वामियों को होगी दिक्कत

नवाबगंज। एनएचएआई के नए नियम ने नए वाहन स्वामियों को उलझन में डाल दिया है। क्योंकि फास्टैग प्रदाता कंपनियां नए वाहन की श्रेणी के हिसाब से मोबाईल नंबर से ही फास्टैग जारी कर देती हैं क्योंकि उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ होता है।

### वाहन और फास्टैग एक ही व्यक्ति के नाम हो

नवाबगंज। हाइवे पर चलने वाले ज्यादातर वाहन ऐसे भी हैं जिनका वाहन किसी और व्यक्ति के नाम है और फास्टैग किसी और के नाम वह भी मोबाइल नंबर से जारी हुआ। इस सम्बंध में टोल मैनेजर का कहना है कि नियमों के हिसाब से फास्ट टैग उसे लेने वाले व्यक्ति केवाईसी अपडेट होना चाहिए और गाड़ी भी उसके नाम होनी चाहिए शुरुआत में छूट रहेगी की गाड़ी भले ही किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर हो लेकिन जो व्यक्ति फास्ट टैग जारी कर रहा है उसका केवाईसी होना जरूरी है आगे चलकर यह अनिवार्य कर दिया जाएगा की गाड़ी फास्ट ट्रैक और केवाईसी का डाटा एक हो।

# स्कूल से लापता मासूम को नहीं ढूंढ पाई पुलिस



जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

सोहरामऊ क्षेत्र की ग्रामसभा बजेहरा के मजरा हिनौरा निवासी विकासचंद्र पुत्र स्व0 गजराज का लगभग 14 वर्षीय पुत्र अतुल यादव सोहरामऊ थाने के सामने स्थित स्कूल में कक्षा सात का छात्र है। सोमवार सुबह उसकी स्कूल बस छूट गई। जिसके कारण पिता विकास उसे स्कूल छोड़कर घर वापस लौट आया। लेकिन अतुल जब देर शाम तक घर नहीं लौटा तो पिता ने स्कूल जाकर पता लगाया और अपने करीबी रिश्तेदारों में भी पता लगाया लेकिन बच्चे का कुछ पता नहीं लग सका। लापता पुत्र के पिता विकास ने बताया आज सुबह स्कूल पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज देखा तो स्कूल में बेटा गया था लेकिन वहां से निकलने का कोई फुटेज नहीं दिखा।
पिता विकासचंद्र ने सोहरामऊ थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। सोहरामऊ पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे में चौराहे पर लगे सभी सीसीटीवी फुटेज खंघाले गए लेकिन समाचार लिखे जाने तक कुछ जानकारी नहीं मिल सकी है।

# व्यापारियों ने किया एसीपी का सम्मान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश कल्याणकारी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों तथा व्यापारियों द्वारा एसीपी अभिषेक पांडेय का माल्यार्पण कर उन्हे अंगवस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संदीप पांडेय ने बताया कि एसीपी का यह सम्मान उनको पुलिस में सेवा उत्कृष्ट कार्य हेतु सिल्वर मेडल मिलने पर किया गया है। सम्मान के उपरानत व्यापारियों तथा सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए एसीपी अभिषेक पांडे ने कहा कि वह व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए सदैव तत्वर रहेंगे तथा व्यापारियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए साथ मिलकर एकजुट होकर कार्य करेंगे साथ ही उनकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी हम पुलिसजनों की है। कहा कि बाजारों में सभंव प्रयास से पुलिस गस्त बढ़ाई जाएगी, जिसेस व्यापारियों में सुरक्षा का वातावरण बन सके।

# तेज रफ्तार कार ने अधेड़ को मारी टक्कर, मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

अचलगंज थाना अंतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर खरदीदारी कर पैदल लौट रहे ईट भट्ठा के चौकीदार को तेज रफ्तार कार टक्कर मारते हुए करीब दो सौ मीटर घसीट ले गई। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर चालक कार छोड़कर भाग निकला। साथी मजदूर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।
बिहार राज्य के नेवादा जिला अंतर्गत पकरी वरमा थाना के दुमरावा गांव निवासी प्रभु (52) बंधू मांझी अचलगंज थाना क्षेत्र के मुगुलपुर स्थित एक ईंट भट्ठे पर कई वर्षो से चौकीदार था। वह भट्ठे पर ही रहता था। मंगलवार को सुबह रोजमर्रा की खरीददारी कर कोरारी मोड़ से पैदल वापस लौट रहा था। सुबह करीब दस बजे भट्ठे से कुछ दूरी पर उन्नाव-लालगंज हाईवे अचलगंज से उन्नाव की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह कार में फंस गया और चालक भागने की फिराक में उसे करीब दो सौ मीटर तक घसीट ले गया। आसपास खड़े लोगों ने शोर मचाया इसपर चालक कार खड़ी कर भाग निकला। साथी मजदूर पहुंचे और उसे निकाल कर अस्पताल लाए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।
भट्ठे के मुनीम दिनेश यादव ने बताया उसके परिवार में माता-पिता सहित बेटी बेटे की मौत हो चुकी है।
भाई अलीगढ़ में रहकर मजदूरी करता है। उन्हे सूचना दी गई है। मुनीम की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# राष्ट्रपिता के 76वें निर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर कांग्रेस कमेटी, कानपुर उत्तर द्वारा अपनी गौरवमयी परम्परा को अच्क्षुण रखते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 76वें निर्वाण दिवस पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण के पश्चात गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम एवं वैष्णव जन ते तेने कहिए जो पीर पराई जाने रे की स्वर लहरी के साथ सामूहिक चरखा कताई की निरन्तरता में सर्वधर्म प्रार्थना का मनोरम कार्यक्रम आयोजित हुआ।
इस अवसर पर आयोजित पुष्पांजलि सभा को सम्बोधित करते हुये शहर कांग्रेस उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने महात्मा गांधी जी के सत्य-अहिंसा, सह-आस्तित्व, सहिष्णुता के सिद्धांतो को उत्कृष्ट बताते हुये उनके द्वारा प्रतिपादित स्वच्छ चरित्र के मूल को जीवन मे उतारने का आवाहन भी किया।
कार्यक्रम में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना में जहां पवित्र धार्मिक ग्रन्थ श्रीमद् भगवत गीता, कुरआन, बाईबिल व गुरूग्रन्थ साहिब के सामायिक अंशों का पाठ क्रमशः आचार्य सन्तोष शुक्ल, हाफिज नोमान रजा, पादरी जितेन्द्र सिंह व सरदार जसप्रीत सिंह ने किया, वहीं सामूहिक चरखा कताई में डा0 हलीम उल्लाह खां, उमाशंकर तिवारी, अमिताभ दत्त मिश्रा व सजल तिवारी सहित खादी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने भी तकली से सूत कातकर महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धानवत हो, समर्पित किये। कार्यक्रम का संयोजन व सभा संचालन वरिष्ठ नेता शंकर दत्त मिश्र ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्र, मदन मोहन शुक्ला, पवन गुप्ता, अतहर नईम, करिश्मा ठाकुर, दिलीप शुक्ला, रकी सोनकर आदि उपस्थित थे।

# दलित पिछड़े अल्पसंख्यक गरीबों के हितों की रक्षा के लिए लोकसभा में युवा संभालेंगे कमान: फजल महमूद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर लोकसभा चुनाव अभियान मतदाता मिलन पीडीए पखवाड़ा पनकी तथा इफ्तिखराबाद चीना पार्क में आयोजित बैठकों में दिन में 2 बजे सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधित करते हुए कहा कि दलित पिछड़े अल्पसंख्यक गरीबों के हितों की रक्षा के लिए 2024 लोकसभा चुनाव की जिम्मेदारी युवाओं ने संभाल ली है जिसके कारण परिवर्तन की लहर चलेगी और देश में नौजवानों की अंगड़ाई में सन 1977 की तरह युवाओं को रोजगार के साथ समाज के आखिरी व्यक्ति को आगे की पंक्ति में लाकर उसके सम्मान के हितों की रक्षा में अग्रणी रहेंगे। इस अवसर पर युवा कार्यकर्ताओं ने महानगर की वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू का जन्मदिन संपर्क अभियान के साथ केक काटकर मालाओं से लादकर युवाओं में जोश और अंगड़ाई तथा संस्कार के साथ मतदान प्रशिक्षण बढ़ाकर आगे बढ़ेंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव के के शुक्ला जी महानगर के महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू नीलम रोमिला सिंह आकाश यादव मोहम्मद सरिया अनवर अली पप्पू मिर्जा परमवीर सिंह गंभीर दिनेश कुमार विश्वकर्मा सुलेखा यादव पूजा यादव दीपा यादव नंदलाल जायसवाल इशरत इराक की मुमताज मंसूरी मोहम्मद शारिक एस एहसास बाबी तक मिल हसन जावेद हसन अर्पित त्रिवेदी अरमान खान मनोज चौरसिया हेमंत गुप्ता, बृजलाल यादव, वरुण जायसवाल, संजय निषाद, राजू पहलवान, साकिब अब्बासी, राहुल यादव, महोतसिम अलीम पप्पी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मकनपुर मेला: प्रस्तावित तिथि पर नहीं हुए टेंडर, धांधली के चलते लोग खींच रहे हाथ

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील के ऐतिहासिक मेला मकनपुर की शुरुआत ही खामियों के साथ हो रही है। 7 फरवरी से लगने वाले सरकारी मेला के प्रस्तावित तिथि को टेंडर तक नही हो सके है। मेला कमेटी, प्रशासनिक महकमे के जिम्मेदार और रसूखदारों के प्रभाव में धांधली के चलते लोग इससे हाथ खींच रहे है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मेला में उठने वाले पशु रजिस्ट्रेशन, बैरियर टोल टैक्स, वाहन पार्किंग, विद्युत प्रकाश व्यवस्था एवं संपूर्ण मेला क्षेत्र के जनरेटर एवं साज सज्जा और टेंट व फर्नीचर के लिए 19 जनवरी को निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसका मेला अध्यक्ष द्वारा समाचार पत्र में गजट भी कराया गया। इसके बावजूद प्रस्तावित तिथि को एक भी टेंडर नही हुआ। इसके लगभग तीन दिन बाद इलाकाई रसूखदारों की मदद से एक दो टेंडर कराए गए। शेष बचे टेंडर अब तक नहीं किए जा सके है। इलाकाई लोगों के अनुसार मेला टेंडर के धांधली के गंभीर आरोप लगाए गए। जानकारों का कहना है जब प्रस्तावित तिथि को टेंडर नहीं हुई तो दोबारा टेंडर अखबार में निकलना चाहिए और क्षेत्रीय लोगों तक सूचना जानी चाहिए लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है नहीं अभी तक सभी टेंडर हो सके हैं अधिकारी अपने चाहतों को बुलाकर बंद कमरे में बैठकर शाम को 5:00 के बाद में टेंडर हो रहे हैं जिनको क्षेत्रीय लोगों ने विरोध भी किया है बचे हुए टेंडन के बारे में आज मकनपुर मेला कमेटी के तहसील परिसर में काफी समय तक मौजूद रहे लेकिन सक्षम अधिकारी के न होने के चलते वह लोग कमेटी के सभी लोग निराश होकर वापस मकनपुर लौट गए उनका कहना था कि ऐसे अभी तक मकनपुर मेले के इतिहास काल में अधिकारी नहीं आए जो हम लोगों को बार-बार टेंडर के लिए आना पड़ता है इसके बाद भी नहीं उठ पा रहे हैं तो आगे की व्यवस्थाएं कैसे चलेंगे अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं जिससे क्षेत्र में संदेश गलत जाता है। मकनपुर प्रधान मजाहिर हुसैन ने बताया इस संबंध में मेला सचिव से जानकारी लें अभी तक मकनपुर मेले में पुताई का भी काम चालू नहीं हुआ है लगभग एक हफ्ता बचा है मेला आरंभ होने में दूर दराज के लोग मेले में आकर अपना स्थान निश्चित कर लेते हैं। तहसीलदार तिमिराज सिंह से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### वसूली करना पड़ा भारी, निलंबित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कोहना थाने के सब इंस्पेक्टर एवं एक आरक्षी को शिक्षक पर फर्जी आरोप लगाकर वसूली करने के मामले में मंगलवार को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी पुलिस उपायुक्त मध्य प्रमोद कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को उनके कार्यालय में निखिल त्रिपाठी आए थे जो पेशे से शिक्षक है ने प्रार्थना पत्र दिया था कि उन्हें चौकी प्रभारी रानी घाट उपनिरीक्षक कपिल यादव और सिपाही राहुल वर्मा ने वासु सोनकर की फर्जी शिकायत पर गिरफ्तार किया और वसूली करके छोड़ दिया। मामले की शिकायत मिलने के बाद पूरे प्रकरण की सर्विलांस के माध्यम से जांच कराई गई।

### हल्की मध्यम बारिश की संभावना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की वजह से 1 व 2 फरवरी को हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है तथा प्रातः काल एवं रात्रि के समय कड़ाके की ठंड और घने कोहरा छाये रहने और बादलों की आवाजाही के बीच दोपहर के समय हल्की धूप निकलने के आसार हैं। यह जानकारी मंगलवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी।


# बिल्हौर स्थित ग्राम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी न होने के चलते वादकारी परेशान

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील परिसर में स्थित ग्राम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी का प्रमोशन होने से उक्त ग्राम न्यायालय पीठासीन अधिकारी पद रिक्त चल रहा है जिससे जनता को न्याय नही मिल पाने से परेशानी हो रही है समाजसेवी महंत सिया रामदास कठेरिया ने बताया कि कई बार उच्च अधिकारियों को फोन पर अवगत करा चुके हैं लेकिन ईश्वर कोई ध्यान नहीं दे रहा है बड़ा मुश्किल से न्यायालय की स्थापना हुई उसके बाद भी आप जब अधिकारी नहीं है तो जनता के लिए न्यायालय किस काम का यहां पर सिर्फ वडकारी आते हैं और अपनी तारीख लेकर चले जाते हैं आखिरकार जब उन्हें तारीख बार-बार लेनी है तो इससे अच्छा तो उनके लिए कानपुर देहात मती का ही न्यायालय ठीक था जहां पर अधिकारी तो बैठे थे और वहां पर सनी भी होती थी लेकिन यहां पर तो जब से न्यायालय की स्थापना हुई है तब से महीना तक तो फाइल या सेट करने में चला गया आप जाकर जब फाइलें सेट हो चुकी हैं तो अब उसमें अधिकारी नहीं मिलते हैं इस विकराल समस्या को लेकर समाजसेवी ने दर्जनों अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर कराकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार दिव्या भारती वर्मा को ज्ञापन देकर विस्तार पूर्वक इस समस्या से अवगत भी कराया इस मौके पर महंत सिया रामदास कठेरिया वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र सिंह समाजसेवी राम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# आज कंपू वासियों को आशीर्वाद देने आ रहे हैं बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री







जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे/कोमल सिंह

कानपुर नगर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज आज चौबेपुर थाना क्षेत्र के बैदानी स्थित नवनिर्मित बालाजी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचने वाले हैं। कार्यक्रम आयोजक मंडल व कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी की जा चुकी है। बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री 11:00 बजे चौबेपुर विकासखंड के बैदानी सावित्री नगर में श्री बालाजी ट्रस्ट द्वारा नवनिर्मित बालाजी मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान व कमल सिंह चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि कानपुर वासियों के लिए लिए यह गौरव के पल हैं। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए अध्यक्ष ने बताया कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद वे सर्वप्रथम थोड़ा विश्राम लेंगे और उसके बाद प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत होगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न करने के बाद आधे घंटे के लिए वह मंच से उपस्थित श्रोता भक्तों को आशीर्वचन भी देंगे। पूरा कार्यक्रम 11:00 बजे से लेकर 1:30 बजे के बीच संपन्न होगा। कार्यक्रम से एक दिन पूर्व बालाजी की प्रतिमा वह श्री राम जानकी के अलावा अन्य मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के दौरान पांच मंदिरों में जाकर पूजन अर्चन भी किया गया। कार्यक्रम व्यवस्था के मद्देनजर बीते दिन मंगलवार को एडीसीपी आकाश पटेल, एडीसीपी ट्रैफिक शिव सिंह, एसीपी ट्रैफिक श्रेष्ठा सिंह, कल्याणपुर अभिषेक पांडे,थाना प्रभारी चौबेपुर संजय कुमार पांडे, निरीक्षण करने पहुंचे। वही शाम के वक्त डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# राष्ट्रपिता को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

गांधी शांति प्रतिष्ठान कानपुर द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत दिवस सर्व धर्म प्रार्थना सभा द्वारा उनकी फूल बाग स्थित प्रतिमा स्थल पर मनाया गया, वक्ताओं ने कहा कि गांधी जी धार्मिक थे और धर्मनिरपेक्ष भी इनमें कोई विचार विरोधाभास नहीं है इन्हीं भावनाओं की आज अधिक आवश्यकता है जब कोई धर्म विशेष दूसरे धर्म के अनुयायियों को पराया समझता है उसे राष्ट्रपिता से नम्रता अहिंसा सीखना है तभी देश की उन्नति होगी समाज का ताना-बाना कायम रखना अति आवश्यक है यदि आर्थिक विकास हो और सामाजिक विनाश हो तो आगे चलकर सबका विनाश करेगा कार्यक्रम की अध्यक्षता गांधीवादी जगदंबा भाई ने की संचालन सुरेश गुप्ता ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छोटे भाई नरोना, बिंदा भाई, जय नारायण गुप्ता भारती राकेद्र मोहन तिवारी, कृष्ण कांत अवस्थी डॉ.जहांन सिंह प्रताप साहनी, नसीम रजा अनिल सोनकर अजीत खोटे, शंकर सिंह विनय मिश्रा डा.एम.के. राजपूत मनोज सेंगर, आनंद शुक्ला, खान अहमद फारूक, अशोक तिवारी, उमाकांत प्रमुख थे।

# जेसीपी आनंद प्रकाश तिवारी का हुआ ट्रांसफर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर से तीन आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर हुआ है, शहर की पुलिसिंग को कई दिशा देने और अपराधियों पर सटीक करवाही करके सुर्खियों में रहे जेसीपी आनंद प्रकाश तिवारी का लखनऊ ट्रांसफर हुआ हुआ है। साथ ही साथ ही डीसीपी मुख्यालय शिवाजी शुक्ला और आईपीएस शिवा सिंह को कानपुर में नई तैनाती मिली। लखनऊ से डीसीपी श्रवण कुमार को कानपुर में तैनाती मिली है, बीते दिन जनता यह कहती नजर आई कि आनंद प्रकाश तिवारी जैसा अधिकारी मिलना बड़ा मुश्किल है।

### लखनऊ-इटावा राजमार्ग से कमसान से रामपाटी गांव जाने वाली सड़क की उखड़ने लगी बजरी



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में डामरीकरण सड़कों का रिपेयरिंग का काम हुआ था जो कुछ दिन बाद ही उखड़नी शुरू हो गई है। अब इन दिनों किसी भी सड़क पर जाकर देखा जा सकता है उन सड़कों पर गड्ढे जस के तस हो गए गिट्टी और बजरी पूरी सड़क पर फैली पड़ी है जिसके चलते आए दिन मोटरसाइकिल और साइकिल सवार फिसल कर गिरते हैं और चोहटिल हो रहे हैं इसमें सबसे अधिक बच्चे और बूढ़े घायल हो रहे हैं जो इन सड़कों पर जरा सा असावधानी पूर्वक वाहन चलाते हैं तो गिर जाते हैं लखनऊ इटावा राजमार्ग से कमसान गांव से रामपाटी गांव लगभग डेढ़ किलोमीटर सडक पर पिछले माह रिपेयरिंग का काम हुआ था जहां पर इस समय बजरी और गिट्टी उखड़ी पड़ी है जिससे स्कूल जाने वाले बच्चे आए दिन फिसल कर गिरकर घायल होते हैं आखिरकार रिपेयरिंग करने वाली संस्था ने कैसा काम कराया जो महीने भर के अंदर ही सब उखड़ गया। गांव वालों ने बताया कि अगर पैदल या साइकिल से जा रहे हैं बडा वाहन कोई निकलता है तो गिट्टी छिटकर आंख में लग जाती है जिससे डॉक्टर के चक्कर लगाने पड़ते हैं तब जाकर आंख सही होती है इससे पहले जो गड्ढे थे उसमें कम से कम गिट्टी तो नहीं थी जो बजरी अब इस समय पड़ी है सड़कों पर जो बहुत ही घातक है।

# भाजपा कार्यकर्ता मर्डर केस में 15 पीएफआई मेंबर्स को सजा-ए-मौत

**मामले में मावेलिक्कारा की अतिरिक्त जिला सत्र अदालत ने अब सजा का एलान किया है**


रंजीत श्रीनिवासन की अंतिम यात्रा के समय की तस्वीर।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

केरल की एक अदालत ने अलप्पुझा में दो साल पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता की हत्या के मामले में प्रतिबंधित इस्लामिक कट्टरपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 15 दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के नेता के मर्डर केस में कोर्ट ने इन्हें एक हफ्ते पहले ही दोषी करार दिया था। मामले में मावेलिक्कारा की अतिरिक्त जिला सत्र अदालत ने अब सजा का एलान किया है। सजा का एलान अतिरिक्त जिला जज वीजी. श्रीदेवी की तरफ से किया गया। अभियोजन पक्ष ने मामले में दोषियों के लिए अधिकतम सजा की मांग की थी और कहा था कि सभी दोषी प्रशिक्षित हत्यारे हैं। जिस क्रूर तरह से इन लोगों ने पीड़ित को उसकी मां-पत्नी और बच्चों के सामने मारा, वह दुर्लभतम अपराध की श्रेणी में आता है।

### क्या था मामला?

आरोप था कि 19 दिसंबर 2021 में भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव रंजीत श्रीनिवासन पर पीएफआई और 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' (एसडीपीआई) से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया था। इस दौरान उनके घर में उन्हें परिवार के सामने ही बुरी तरह पीटा गया और उनकी हत्या कर दी गई थी। इस घटना से कुछ पहले ही 18 दिसंबर की रात को एक गिरोह ने एसडीपीआई नेता केएस. शान की हत्या कर दी थी। घटना के समय वह अलप्पुझा में अपने घर लौट रहे थे। माना जा रहा था कि कट्टरपंथी भीड़ इससे गुस्सा गई और बदले में रंजीत की हत्या कर दी।

### 15 में से 14 दोषी ही हुए पेश

विशेष अभियोजक प्रताप जी. पडिक्कल के मुताबिक, मामले में दोषी ठहराए गए कुल 15 में से 14 लोगों को आज अदालत में पेश किया गया। उन्होंने कहा कि बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती होने की वजह से एक दोषी को अदालत में पेश नहीं किया जा सका। हालांकि, जज ने मौखिक रूप से कहा कि सजा उस दोषी पर भी लागू होगी, जिसे आज पेश नहीं किया गया।


### कैसे सभी 15 दोषियों को मिली मौत की सजा?

अभियोजन पक्ष के मुताबिक, अदालत ने पाया कि 15 में से आठ (अभियुक्त संख्या एक से आठ) आरोपी सीधे हत्या में शामिल थे। अदालत ने चार अन्य लोगों को भी हत्या का दोषी पाया, क्योंकि वे अपराध में सीधे तौर पर शामिल लोगों के साथ घातक हथियार होकर घटनास्थल पर पहुंचे थे। उनका सीधा मकसद श्रीनिवासन को भागने से रोकना और उसकी चीखें सुनकर घर में प्रवेश करने वाले किसी भी व्यक्ति को रोकना था। पडिक्कल ने कहा कि कोर्ट ने उनकी इस दलील को स्वीकार किया कि दोषी आईपीसी की धारा 149 (गैरकानूनी रूप से जुटे लोगों के समूह का प्रत्येक सदस्य सामान्य उद्देश्य के लिए किए गए अपराध के दोषी हैं) के तहत हत्या के साझा अपराध के लिए भी जिम्मेदार थे। अदालत ने इस अपराध की साजिश रचने वाले तीन लोगों को हत्या का दोषी पाया। नतीजतन अदालत ने इस मामले के सभी 15 आरोपियों को हत्या का दोषी पाया। उन्हें आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत भी दोषी पाया गया।

### पीड़ित के परिवार और भाजपा ने किया फैसले का स्वागत

कोर्ट द्वारा सजा के एलान के बाद पीड़ित नेता के परिवार और भाजपा ने फैसले का स्वागत किया। फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्रीनिवासन के परिवार ने कहा कि वे इससे संतुष्ट हैं। श्रीनिवासन की पत्नी ने कहा, ''यह एक असाधारण दुर्लभ मामला था और हमारा नुकसान बहुत बड़ा है। हम घटना की गहन और ईमानदार जांच करने के लिए अभियोजन और जांच अधिकारियों के प्रति आभार जताते हैं। उनकी मदद से ही दोषियों को अधिकतम सजा हुई।'' दूसरी तरफ भाजपा ने श्रीनिवासन को महान शहीद करार देते हुए कहा कि उन्हें आज न्याय मिल गया। अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए केरल भाजपा के अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि श्रीनिवासन को आखिरकार न्याय मिला है। उन्होंने कहा, ''आखिरकार सत्य की जीत हुई- महान शहीद रंजीत श्रीनिवासन को आज न्याय मिला... हम फैसले से खुश हैं और इसका तहे दिल से स्वागत करते हैं।''

# हम एक बड़ी ताकत, मुश्किलों में हमें दूसरों की मदद करनी ही होगी: विदेश मंत्री एस जयशंकर



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत एक ताकतवर मुल्क है और इसकी दुनिया में प्रतिष्ठा है। ऐसे में मुश्किल हालात में हमें दूसरों की मदद करनी ही होगी। विदेश मंत्री का बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही में लाल सागर में ईरान के व्यापारिक जहाज को भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों से बचाया है। मुंबई में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में छात्रों से बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने ये बात कही।

### पड़ोस में हो रहीं गलत चीजों से मुंह नहीं फेर सकते

डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि भारत की बढ़ती क्षमता, हमारे अपने हित और हमारी प्रतिष्ठा की वजह से हमें मुश्किल परिस्थितियों में दूसरों की मदद करनी ही होगी। विदेश मंत्री ने कहा कि अगर हमारे पड़ोस में बुरी चीजें हो रही हैं और हम कहें कि हम इसमें कुछ नहीं कर सकते, तो ऐसे में हमें जिम्मेदार देश नहीं समझा जाएगा। हाल के समय में भारतीय नौसेना ने व्यापारिक जहाज का अपहरण करने के समुद्री लुटेरों के प्रयासों को कई बार नाकाम किया है। हाल ही में ईरान का झंडा लगे एक जहाज को भी भारतीय नौसेना ने सोमालिया के तट पर समुद्री लुटेरों से बचाया है। इस जहाज के क्रू सदस्यों में 19 पाकिस्तानी शामिल थे।

### चीन को लेकर बोले विदेश मंत्री, हमें डरना नहीं चाहिए

विदेश मंत्री ने कहा कि चीन हमारा पड़ोसी देश है और कई मामलों जैसे प्रतिस्पर्धा और प्रभाव के मामले में हमें चीन से नहीं डरना चाहिए। हमें समझना चाहिए कि वैश्विक राजनीति एक प्रतिस्पर्धा का खेल है..आप अपनी कोशिश कीजिए और हम अपने प्रयास करेंगे। चीन एक बड़ी अर्थव्यवस्था है। वह चीजों को अपने हिसाब से ढालने की कोशिश करेगा। इसलिए हमें इस बात की चिंता छोड़कर कि चीन क्या कर रहा है, उस पर फोकस करना चाहिए कि हम खुद कैसे बेहतर करें।

### नौसेना ने तैनात किए 10 युद्धक जहाज

अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट पर इस्राइल हमास युद्ध के बाद से हमले बढ़े हैं। यही वजह है कि नौसेना ने लाल सागर और अरब सागर के इलाके में अपने 10 युद्धक जहाज तैनात कर रखे हैं। बीते दिनों ब्रिटेन का झंडा लगे एक व्यापारिक जहाज की भी नौसेना ने मदद की थी, जब जहाज पर हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से हमला किया था। मालदीव में चल रहे इंडिया आउट कैंपेन पर विदेश मंत्री ने कहा कि आखिर में पड़ोसियों को एक दूसरे की मदद पड़ती ही है। इतिहास और भूगोल बहुत ताकतवर ताकतें हैं और कोई भी इनसे नहीं बच सकता। विदेश मंत्री ने कहा भारतीय नौसेना ने लाल सागर और अरब सागर के क्षेत्र में 10 युद्धक जहाजों को तैनात किया हुआ है क्योंकि वहां हमें दो समस्याओं एक समुद्री लुटेरे और दूसरी मिसाइल और ड्रोन हमलों का सामना करना पड़ रहा है। हाल के दिनों में हमारे जहाजों ने एक जहाज की आग बुझाने में मदद की और क्रू सदस्यों को बचाया। आज हम जो कर रहे हैं, उससे लोग हमें ज्यादा इज्जत देते हैं और हमें दोस्त समझते हैं।

# इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी को 10 साल जेल की सजा, गोपनीय सूचना लीक करने के दोषी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को गोपनीय सूचना लीक करने के मामले 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। दोनों को ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत गठित की गई विशेष अदालत ने गोपनीय सूचना लीक करने का दोषी पाया। इमरान खान (71 वर्षीय) और शाह महमूद कुरैशी (67 वर्षीय) रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। जेल से ही इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी अदालत की सुनवाई में वर्चुअली शामिल हुए।

### क्या है गोपनीय दस्तावेज लीक करने का मामला

पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के चीफ इमरान खान को एक जनसभा के दौरान गोपनीय कूटनीतिक दस्तावेज को सार्वजनिक करने का दोषी पाया गया। इमरान खान के प्रधानमंत्री पद पर रहने के दौरान यह घटना घटी थी। जिस दस्तावेज को सार्वजनिक किया गया, उसे अमेरिका स्थित पाकिस्तानी दूतावास द्वारा भेजा गया था। इमरान खान के पास से वह दस्तावेज कथित तौर पर बरामद नहीं हुआ है। इमरान खान ने गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक करते हुए आरोप लगाए थे कि अमेरिका के इशारे पर उनकी सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है। इस घटना के कुछ समय बाद ही अप्रैल 2022 में इमरान खान की सरकार को अविश्वास मत के जरिए सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इमरान खान के सत्ता से बाहर होने के बाद से उनके खिलाफ अब तक 150 से ज्यादा मामले दर्ज हो चुके हैं।

### पीटीआई फैसले को देगी चुनौती

इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इस फैसले की कड़ी आलोचना की है। पीटीआई ने बयान जारी कर कहा है कि उनकी कानूनी टीम इस फैसले को उच्च अदालत में चुनौती देगी। पार्टी ने आरोप लगाया कि इस मामले की सुनवाई के दौरान मीडिया या आम जनता को शामिल नहीं होने दिया गया और जल्दबाजी में फैसला सुनाया गया है। पीटीआई ने कहा कि मार्च-अप्रैल 2022 को जो हुआ, उसे कोई भी अदालती सुनवाई नहीं बदल सकती। इस मामले में कानून का मजाक उड़ाया गया है। पार्टी ने लोगों से 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव में हकीकी आजादी के लिए वोट करने की अपील की।

### तोशाखाना मामले में इमरान को सुनाई गई थी सजा

इमरान खान को उनके खिलाफ चल रहे दूसरे मामले में दोषी ठहराया गया है। इससे पहले तोशाखाना मामले में भी इमरान खान को बीती 5 अगस्त को दोषी ठहराया गया था। तोशाखाना मामले में इमरान खान को तीन साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

# राजस्थान में स्कूल-कॉलेजों में हिजाब बैन करने की तैयारी

## मंत्री किरोड़ी बोले, सभी स्कूलों-मदरसों में ड्रेस कोड लागू हो, दूसरे राज्यों से रिपोर्ट मांगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर



साल 2021 दिसंबर में कर्नाटक के एक कॉलेज में छात्राओं को हिजाब पहनने से रोका गया था। विवाद इतना बढ़ा कि तत्कालीन राज्य सरकार ने स्कूल-कॉलेजों में हिजाब पहनने पर रोक लगा दी थी। कर्नाटक हाईकोर्ट ने भी सरकार के पक्ष में ही फैसला सुनाया। हालांकि, साल 2022 में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे इस मामले को लेकर जजों में इसे लेकर एकराय नहीं बन पाई थी। अब राजस्थान में भी एजुकेशनल सोसाइटी में हिजाब पहनने को लेकर बहस छिड़ गई है। जयपुर के हवामहल से विधायक बालमुकंद आचार्य के एक सरकारी स्कूल में दिए बयान के बाद यह मुद्दा गरमाया है। सूत्रों का दावा है कि राजस्थान में सरकारी स्कूलों में हिजाब पर पाबंदी लगाने की तैयारी है। इसके लिए दूसरे राज्यों में हिजाब पाबंदी को लेकर स्टेटस रिपोर्ट मांगी गई है। वहीं, भजनलाल सरकार के वरिष्ठ मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने हिजाब बैन की वकालत की है। सोमवार 29 जनवरी को इस विवाद की गूंज विधानसभा में भी सुनाई दी। सूत्रों के मुताबिक, शिक्षा विभाग में उच्च स्तर पर हिजाब बैन मामले में रिपोर्ट तैयार करके शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को भेजी जाएगी। बताया जा रहा है कि दिलावर ने ही इस मामले में विभाग से दूसरे राज्यों में हिजाब बैन के स्टेटस और राजस्थान में इसके प्रभावों को लेकर रिपोर्ट मांगी है। दूसरे राज्यों के पैटर्न का अध्ययन करने के बाद हिजाब बैन की संभावनाओं पर रिपोर्ट मंत्री को भेजी जाएगी। उच्च स्तर से हरी झंडी मिलने के बाद राजस्थान के स्कूलों में भी हिजाब पर पाबंदी लगाई जा सकती है।

### किरोड़ी बोले, ड्रेस कोड का पालन हो, हिजाब पर पाबंदी लगे

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने प्रदेशभर में स्कूलों में हिजाब पर बैन लगाने की पैरवी की है। उन्होंने कहा, स्कूलों में ड्रेस कोड का पालन होना ही चाहिए। हिजाब सरकारी ही नहीं, प्राइवेट स्कूलों और मदरसों तक में प्रतिबंधित होना चाहिए। मैं इस पर मुख्यमंत्री से बात करूंगा। मीणा ने कहा- जब मुगल आक्रांता यहां आए तो उन्होंने यह प्रथा हमारे देश में चलाई। हिंदुस्तानी मुसलमानों का डीएनए भी तो हमारा ही है। बुर्का और हिजाब हमारे देश में किसी प्रकार स्वीकार्य नहीं है। जब मुसलमान देशों में ही हिजाब-बुर्का स्वीकार्य नहीं है तो हम क्यों अपनाएं? हमारे विधायक ने यह मामला उठाया है। ड्रेस कोड पुलिस में भी होता है, स्कूलों में भी होता है। ऐसे तो कोई थानेदार कल कुर्ता-पायजामा पहनकर थाने में बैठ जाएगा। हर चीज का एक नियम होता है।

# मेरा चुनाव लड़ना जरूरी नहीं: कुमारस्वामी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले जनता दल (सेक्यूलर) पार्टी के नेता एचडी कुमारस्वामी ने कांग्रेस को उनकी पांच गारंटी योजना पर घेरा है। उन्होंने इसके साथ ही यह भी बताया कि यह जरूरी नहीं कि वह चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए जेडीएस नेता कुमारस्वामी ने कहा, चुनावी वादों के अनुसार पांच गारंटी योजना के साथ क्या हुआ कांग्रेस को इसकी जानकारी देनी चाहिए। कांग्रेस को भाजपा या नरेंद्र मोदी जी पर आरोप लगाना बंद करना चाहिए। लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर किए गए सवाल पर कुमारस्वामी ने कहा, यह जरूरी नहीं कि मैं भी चुनाव लड़ूं। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को उन मीडिया रिपोर्टों को नकार दिया, जिसमें दावा किया गया है कि सोनिया गांधी को कर्नाटक में राज्यसभा सीट की पेशकश की जा सकती है।

# तालिबान की बुलाई मीटिंग में शामिल हुआ भारत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें भारत समेत 10 देश शामिल हुए। अफगान मीडिया के अनुसार सोमवार को काबुल में क्षेत्रीय सहयोग के व्यापक उद्देश्य के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय सहयोग पहल बैठक को तालिबान शासन के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने संबोधित किया। भारत ने अभी तक तालिबान की स्थापना को मान्यता नहीं दी है और काबुल में वास्तव में समावेशी सरकार के गठन की वकालत कर रहा है।

### इन 10 देशों ने लिया भाग

अफगानिस्तान की मीडिया रिपोर्ट ने बताया कि भाग लेने वाले देशों में भारत, कजाकिस्तान, तुर्की, रूस, चीन, ईरान, पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, इंडोनेशिया और किर्गिस्तान शामिल थे। सम्मेलन में रूस का प्रतिनिधित्व अफगानिस्तान के लिए उसके विशेष प्रतिनिधि जमीर काबुलोव ने किया। तालिबान के विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि मुत्ताकी ने इस बात पर जोर दिया कि इन देशों को अफगानिस्तान के साथ सकारात्मक बातचीत बढ़ाने और जारी रखने के लिए क्षेत्रीय बातचीत करनी चाहिए। फिलहाल, भारतीय अधिकारियों की ओर से बैठक के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया। इस बैठक में भारत की भागीदारी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय दूतावास द्वारा खाड़ी देश में अफगान मिशन के प्रभारी बदरुद्दीन हक्कानी को अबू धाबी में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रित करने के कुछ दिनों बाद हुई।































स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)